आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 05.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी 01:18 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 167, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# नई विश्व व्यवस्था का झुकाव भारत की ओर

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री बोले- पहले देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, आज चौथी सबसे बड़ी

- मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान दिया जवाब
- कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है और दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है। राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों का उल्लेख किया और कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है।

उन्होंने कहा, भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है। हम समाधान दे रहे हैं। कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच भाषण शुरू करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का तेज आर्थिक विकास और कम मुद्रास्फीति एक दुर्लभ संयोग है। पिछले कुछ समय में विश्व के नौ बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं और उसमें 'मदर ऑफ आल डील' में यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे हैं। जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है। ऐसे में साफ दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है, जिस तरह दूसरे विश्व युद्ध के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी थी। अपने भाषण के बीच वाकऑउट करने वाले विपक्षी दलों के सदस्यों की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थककर चले गए, कभी न कभी उनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की कैसी हालत बनाकर रखी थी। कोई देश अपने आप हमारे साथ समझौता करने नहीं आता था। मोदी ने कहा कि हमारा देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, लेकिन आज हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। मोदी ने कहा कि आज चाहे अंतरिक्ष हो, विज्ञान हो, खेल हो, भारत हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। कहा कि आज पूरा विश्व 'ग्लोबल साउथ' की चर्चा कर रहा है।



### तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जनता के कल्याण के लिए काम नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार के विरोध में काफी कुछ कहा, 'किंतु वे अपने गिरेबान में भी देखें। पतन के जितने भी मानक हैं, सब मानकों में नए-नए रिकार्ड बनाते जा रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं। ऐसी सरकार से वहां के लोगों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है।

### कांग्रेस कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएगी

- मोदी बोले- मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं वे मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे लगा रहे हैं यह चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल लगातार चुनावी हार को पचा नहीं पा रहा है और उनके प्रति गहरी नफरत रखने के बावजूद वह कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्षी दल द्वारा डाले गए व्यवधान पर खेद जताया और कहा कि यह न केवल एक आदिवासी और महिला राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि उनके सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत के संविधान का भी अपमान है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी की भी निंदा की और इसे पूरे सिख समुदाय का अपमान बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, वे 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं, जो चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा, यह कैसी मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने यह कौन से संविधान से सीखा है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? मोदी ने कहा, वे कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा क्योंकि उन्हें करोड़ों माताओं, बहनों और देश के गरीबों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिनके लिए वे निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। कांग्रेस हर भारतीय नागरिक को समस्या मानती थी, जबकि उनकी सरकार उन्हें अपनी ताकत और चुनौतियों का समाधान मानती है। प्रधानमंत्री ने करीब 100 मिनट लंबे भाषण में कहा कि वे (विपक्ष) उन्हें रोज गालियां देते हैं क्योंकि वे यह पचा नहीं पा रहे हैं कि उनके जैसा एक गरीब आदमी इस पद पर कैसे आसीन है।


# पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था, इसलिए मैंने लोस में उनकी स्पीच टाली

- लोकसभा स्पीकर बिरला का दावा- अप्रत्याशित हमले की थी प्लानिंग
- प्रधानमंत्री के जवाब के बिना लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को सदन में कांग्रेस के कई नेता सदन के नेता के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी सदन में नहीं आए। बिरला ने यह भी कहा कि बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने उनके चैंबर में आकर जिस तरह का व्यवहार किया, वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ और यह दृश्य एक 'काले धब्बे' की तरह था।

लोकसभा की बैठक विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे पुनः शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बुधवार सदन के नेता (प्रधानमंत्री मोदी) को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था। मेरे पास ऐसी पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य नेता सदन के आसन पर पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना को अंजाम दे सकते थे। मैंने यह दृश्य सदन में देखा भी। अगर ऐसी घटना हो जाती तो यह अत्यंत अप्रिय दृश्य देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता।



### देश ने देखी पूरी घटना

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सदन में नहीं आकर उनके आग्रह को मानते हुए सदन को अप्रिय दृश्य से बचाया और इसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, बुधवार की घटना देश ने देखी है कि किस तरह महिला सदस्य वहां (प्रधानमंत्री के बैठने के स्थान) तक पहुंची हैं। यह किसी तरह उचित नहीं था। आप शब्दों से बात कह सकते हैं, आरोप लगा सकते हैं। लेकिन आप इधर (सत्तापक्ष की तरफ) आकर जिस तरह कर रहे हैं, यह उचित नहीं है।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय का चेयरमैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विस्फोट के बाद यूजीसी की शिकायत पर दर्ज दो प्राथमिकी के आधार पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईडी द्वारा कार्यवाही शुरू करने के बाद दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की है। लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद अपराध शाखा ने निजी विश्वविद्यालय के कामकाज से संबंधित कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के संबंध में मामले दर्ज किए थे। सिद्दीकी को स्थानीय अदालत में पेश किया जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए संचालित तीसरी काउंसिलिंग में गुरुवार को मेरिट सूची जारी कर दी गयी हैं। कॉलेजों में एमडी-एमएस व डिप्लोमा सीटों पर दाखिले के लिए 8935 अभ्यर्थियों की और डीएनबी सीटों के लिए 290 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को छह फरवरी से 11 फरवरी तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। अगले 14 फरवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे और 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

# चाइनीज मांझे से मौत होना हत्या के समान : मुख्यमंत्री

- सीएम योगी का दुर्घटनाओं पर सख्त रुख पुलिस को प्रदेशव्यापी छापेमारी के दिए निर्देश
- प्रतिबंध के बाद भी चाइनीज मांझे की उपलब्धता कैसे, कार्रवाई की होगी उच्चस्तरीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होना हत्या के समान है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को लखनऊ के हैदरगंज ओवरब्रिज पर शोएब की चाइनीज मांझे से मौत का संज्ञान लेने के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस को निर्देश दिए कि यह पता लगाया जाए कि चाइनीज मांझा किन माध्यमों से बाजार में पहुंच रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल बिक्री ही नहीं, बल्कि इसके भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी नजर रखी जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। चाइनीज मांझा आमजन, विशेषकर बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए कि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और इसकी प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा नियमित रूप से की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश को चाइनीज मांझे के खतरे से पूरी तरह मुक्त करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें और प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।



### प्रदेशभर में छापेमारी शुरू

योगी के निर्देश पर गुरुवार को पूरे प्रदेश में चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी जिलों में थानावार छापेमारी कर दुकानों, गोदामों और संदिग्ध ठिकानों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस को चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बरामदगी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की उच्चस्तरीय समीक्षा होगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न रहे।

# अवैध कोयला खदान में विस्फोट, 16 मजदूरों की गई जान

- मेघालय में घटी बड़ी घटना, कई अन्य के फंसे होने की आशंका

शिलांग, एजेंसी

मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में विस्फोट होने से 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है।

डीजीपी आई नोंगरंग ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना में घायल एक व्यक्ति को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया। शक है कि यह विस्फोट उस जगह पर कोयला खनन की गतिविधियों के दौरान हुआ, जिसे एक गैर-कानूनी काम माना जा रहा है। जब पूछा गया कि क्या खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, तो कुमार ने कहा, हां, ऐसा ही लगता है। विस्फोट की वजह का पता अभी नहीं चला है, और इसकी जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन तथा खनन के दूसरे अवैज्ञानिक तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया था।



### मोदी ने शोक जताया, अनुग्रह राशि की घोषणा की

**शिलांग।** प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने पर शोक जताया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी के हवाले से कहा, ईस्ट जयंतिया हिल्स, मेघालय में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल व्यक्ति के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## आरएसी बर्थ मिलने पर आंशिक किराया लौटाए रेलवे : पीएसी

- संसद में पेश की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने कहा है कि आरएसी श्रेणी के तहत बुक किए गए टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना उचित नहीं है। लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट भारतीय रेलवे में ट्रेन परिचालन में समय की पाबंदी और यात्रा का समय में कहा कि आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) के तहत टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना, जिसमें चार्ट बनने के बाद टिकट धारक को पूरी बर्थ नहीं मिलती है, उचित नहीं है, आंशिक किराया वापस लौटाया जाना चाहिए। वहीं, 'सुपरफास्ट' ट्रेनों पर कहा कि ऑडिट में पाया गया कि किसी ट्रेन को सुपरफास्ट के रूप में वर्गीकृत करने के लिए 55 किमी प्रति घंटे का मानक अपने आप में ही कम है। 2007 से ट्रेनों के वर्गीकरण के मानदंडों में बदलाव नहीं हुआ है।

# दिल्ली-एनसीआर, गुजरात की सड़कों पर दौड़ी 'भारत टैक्सी'

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- तीन साल में देशभर में होगा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश के पहले सहकारी-संचालित ऑनलाइन कैब सेवा 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की। अभी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू होने वाली इस सेवा का अगले तीन साल में देशभर में विस्तार किया जाएगा।

शाह ने इस अवसर पर कहा कि अमूल सहित देश की आठ शीर्ष सहकारी संस्थाओं द्वारा स्थापित 'भारत टैक्सी' से चालकों (ड्राइवर) की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उन्हें इस मंच पर स्वामित्व भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पायलट परीक्षण की सफलता के बाद प्रतिस्पर्धी टैक्सी सेवा प्रदाताओं ने अपने कमीशन घटा दिए हैं और मुफ्त सवारी जैसे प्रोत्साहन भी दिए हैं लेकिन भारत टैक्सी जैसा ड्राइवर-स्वामित्व मॉडल कोई दूसरा ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाता नहीं देता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद करीब 1,000 ड्राइवरों को संबोधित करते हुए कहा, आप ड्राइवर होने के साथ भारत टैक्सी मंच के मालिक भी होंगे।




# कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारी निलंबित

- तहसीलदार रहते की गड़बड़ी, अब एटा, गाजियाबाद व बुलंदशहर में एसडीएम पद पर हैं तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** चंदौली जिले में सरकारी एवं ग्रामसभा भूमि से जुड़े मामलों में बड़ी प्रशासनिक गड़बड़ी सामने आने पर सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। अवैध कब्जे हटाने के बजाय कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों अधिकारी पूर्व में तहसीलदार के रूप में तैनात रहे हैं।

निलंबित अधिकारियों में तत्कालीन तहसीलदार सतीश कुमार (वर्तमान तैनाती एसडीएम एटा), विराग पांडेय (वर्तमान तैनाती एसडीएम गाजियाबाद) और लालता प्रसाद (वर्तमान तैनाती एसडीएम बुलंदशहर) शामिल हैं। इन पर सार्वजनिक, आरक्षित और ग्रामसभा भूमि को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। चंदौली के जिलाधिकारी द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर तहसील की पत्रावलियों के निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में पूर्व में पारित बेदखली आदेशों के बावजूद वसूली के नोटिस वापस ले लिए गए। इससे कब्जेदारों को कार्रवाई से बचाया गया। जांच में जिन भूमियों का उल्लेख है, उनमें खलिहान, चकमार्ग, कब्रिस्तान, नवीन परती, बंजर व लोक उपयोगिता की भूमि शामिल है।

### डीएम की ओर से शासन को भेजी गई थी रिपोर्ट

मामले में एडीएम (न्यायिक), एसडीएम चकिया और अपर एसडीएम चंदौली की तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति की विस्तृत जांच में स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन तहसीलदारों ने पीठासीन अधिकारी की हैसियत से अतिक्रमणकारियों के पक्ष में आदेश पारित किए, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। डीएम की शासन को भेजी गई रिपोर्ट पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांच शुरू की गई है। जांच अधिकारी के रूप में वाराणसी के मंडलायुक्त को नामित किया गया है।

उपलब्धि | लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में अभिनव प्रयोग

# प्लास्टिक कचरे से बनाई 75 किलोमीटर लंबी सड़क

- पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल, कूड़े से तीन करोड़ रुपये की आय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है।

राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल पर काम कर रहा है।



लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में इसी तरह प्लास्टिक कचरे से बनाई जा रही सड़क।

### प्रदेश के हर गांव में होगा प्रयोग

पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे।

### प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

न्यूज ब्रीफ

## डॉ. पवन अरुण बने नए स्वास्थ्य महानिदेशक

अमृत विचार, लखनऊ : परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को प्रदेश का नया स्वास्थ्य महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. हरि दास अग्रवाल को पदोन्नति देकर महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है। वहीं निदेशक स्वास्थ्य डॉ. रंजना खरे को महानिदेशक पद पर प्रोन्नति देते हुए महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु महेश्वरी द्वारा इन तीनों पदों पर नियुक्ति एवं पदोन्नति से संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिए गए। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को निवर्तमान स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। शासन ने पदोन्नति के माध्यम से इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति कर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया है।

## दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 आज से

अमृत विचार , लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और अहम पहल करने जा रही है। उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में 6 से 13 फरवरी तक "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि अभियान के अंतर्गत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई से प्रशिक्षित अर्ह एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इसका लाभ ले सकेंगे।

## इंद्री धाम का 1.27 करोड़ से होगा विकास

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को सशक्त बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने प्रयागराज के फूलपुर क्षेत्र स्थित प्राचीन इंद्री धाम मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया है। स्कंद पुराण और दुर्गा सप्तशती में वर्णित मां इन्द्री को समर्पित इस पौराणिक स्थल के समग्र विकास पर 1.27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि इन्द्री धाम श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां चैत्र एवं शारदीय नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना अंतर्गत पहली किस्त के रूप में 30 लाख रुपये जारी किए गए हैं। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, प्रवेश द्वार, यात्री शेड, स्टाम्प फ्लोरिंग युक्त मार्ग, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, साइनेज एवं म्यूरल आर्ट जैसे कार्य कराए जाएंगे।

## कन्वेंशन हाल के लिए एक करोड़ मंजूर

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रतापगढ़ के विकास भवन परिसर में पं. दीनदयाल उपाध्याय कन्वेंशन हाल (अनावासीय भवन) के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि चालू वित्तीय वर्ष में तृतीय किश्त के रूप में जारी की गई है। इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गुरुवार को शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासन ने निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत लागत के अनुरूप समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि परियोजना के लिए कुल 532.10 लाख रुपये की स्वीकृति पहले दी जा चुकी है।

# हर ब्लॉक में खुलेंगे पशु औषधि केंद्र, मिलेंगी सस्ती दवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास खंड में एक पशु औषधि केंद्र खोला जाएगा। यह केंद्र प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर स्थापित होंगे, जिससे पशुओं के उपचार के लिए सस्ती दरों पर दवाएं सुलभ हो सकें।

लखनऊ के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि पशु औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदक को फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका वैध पंजीकरण विवरण, दुकान के लिए न्यूनतम 120 वर्ग फुट स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग सेल लाइसेंस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद्र एवं सहकारी समितियों से जुड़े योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यह योजना भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित की जाएगी।

पशु औषधि केंद्र स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों को 5000 रुपये शुल्क अदा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://pashuaushadhi.dahd.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# डीबीटी योजनाओं में फैमिली आईडी अब अनिवार्य

## सभी योजनाओं को फैमिली आईडी से किया जाएगा लिंक, मुख्य सचिव ने जारी किया शासनादेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने राज्य सेक्टर की सभी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं और सेवाओं में फैमिली आईडी को शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार अब सभी पात्र लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी अनिवार्य होगी, ताकि योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच सके।

गुरुवार को जारी शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश में संचालित वर्तमान और भविष्य की सभी ऐसी योजनाएं, जो आधार अधिनियम के तहत अधिसूचित हैं या की जाएंगी, उनके अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन में फैमिली आईडी का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यदि आवेदक की फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं होगी तो ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान फैमिली आईडी बनवाने के लिए स्वतः पॉप-अप संदेश प्रदर्शित किया जाएगा। सरकार द्वारा सभी डीबीटी योजनाओं और सेवाओं को फैमिली आईडी डेटाबेस से लिंक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पात्र लाभार्थियों की सही पहचान, योजनाओं का लक्षित क्रियान्वयन और शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना है। फैमिली आईडी पोर्टल पर वेब आधारित ई-पासबुक भी विकसित की गई है, जिसमें परिवार को प्राप्त सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सदस्यवार विवरण देखा जा सकेगा।

शासनादेश के अनुसार फैमिली आईडी डेटाबेस के माध्यम से एडीपी भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे परिवार अपनी आयु, आय और पारिवारिक संरचना के आधार पर संभावित पात्र योजनाओं की जानकारी स्वतः प्राप्त कर सकेगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से डुप्लीकेशन रुकेगा, पारदर्शिता बढ़ेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

### अब टीबी मरीजों को एसएनए स्पर्श पोर्टल से मिलेगा भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को दी जाने वाली पोषण सहायता राशि के भुगतान की व्यवस्था में अहम बदलाव किया गया है। अब तक यह भुगतान पीएफएमएस और निक्षय पोर्टल के माध्यम से किया जाता था, लेकिन अब इसे और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए एसएनए स्पर्श पोर्टल से जोड़ा गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने पत्र जारी कर सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं जिला क्षय रोग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निक्षय पोषण योजना का भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एसएनए स्पर्श पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) आधारित है, जिससे लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि सीधे भेजी जाएगी। इससे न केवल टीबी मरीजों को नियमित पोषण सहायता मिलेगी, बल्कि प्रदेश में क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

# किसानों को पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

## मुख्यमंत्री योगी ने राज्य ऋण संगोष्ठी का किया उद्घाटन, बैंकों से ऋण शर्तें सरल बनाने की अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्री सुरेश खन्ना व सूर्य प्रताप शाही।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस से प्रदेश में ऋण स्वीकृति प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हुई है। एफपीओ, सहकारिता व एमएसएमई से अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। ई-केसीसी के जरिए अब किसानों को 5 मिनट में ऋण मिल रहा है, जबकि पहले एक माह लग जाते थे। उन्होंने बैंकों से ऋण शर्तें सरल करके किसानों, एफपीओ, एमएसएमई व सहकारिता से जुड़े लोगों को सहयोग देने की अपील की।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी के उद्घाटन और राज्य फोकस पेपर वर्ष 2026-27 के विमोचन के बाद बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि नए सत्र के लिए कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये है, जो 13 फीसदी अधिक है। पीएम मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है, जो एमएसएमई सेक्टर को 5 लाख रुपये का सुरक्षा बीमा दे रहा है। ओडीओपी को टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग, पैकेजिंग और डिजाइनिंग से जोड़ने के कारण निर्यात 84 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। इससे पलायन रुका है। 2016 में 11.7 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था आज बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये पहुंच रही है। प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो चुकी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को मंच पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नाबार्ड के महाप्रबंधक पंकज कुमार और रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक पंकज कुमार उपस्थित रहे।

### सहकारिता क्षेत्र में पहले हावी थे माफिया

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2017 से पहले माफिया हावी था और रिजर्व बैंक ने 16 जिला सरकारी बैंकों को डिफाल्टर घोषित कर बंद करने का आदेश दिया था। आज इनमें से 15 बैंक मुनाफे में आ चुके हैं और शेष को भी लाभ में लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक के साथ यूपी एग्री-टेक के क्षेत्र में काम करने वाला देश का पहला राज्य है।

# लापता लोगों के मामले में एसीएस गृह व डीजीपी तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ

● दो साल में एक लाख से अधिक लोगों के लापता होने का मामला




अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार के संबंधित विभागों के पास उपलब्ध सभी आंकड़ों और रिकॉर्ड को तलब किया है । इसके साथ ही कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत करते हुए अपर मुख्य सचिव (एसीएस गृह) तथा पुलिस महानिदेशक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सुनवाई के समय उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है ।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय वह न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने उक्त मामले में दर्ज स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। उल्लेखनीय है कि एक गुमशुदा व्यक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में आया कि प्रदेश में पिछले लगभग दो साल में 1,08,300 लोग लापता हो चुके हैं, जिनके संबंध में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज हैं। इनमें से मात्र 9700 लोगों का पुलिस पता लगा सकी है। न्यायालय ने इस स्थिति को बेहद चिंताजनक व गंभीर करार देते हुए, मामले को 'प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया था।

# अस्थायी पदों के 205 कर्मियों को राहत

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत तकनीकी मैनपावर के 205 अस्थायी पदों को सरकार ने एक वर्ष की और राहत दे दी है। न्याय विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार इन पदों की निरंतरता 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक प्रदान की गई है। यह निर्णय न्यायालयों में ई-कोर्ट और आईसीटी आधारित कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रमुख सचिव न्याय उदय प्रताप सिंह की ओर से गुरुवार को इलाहाबाद के महानिबंधक को भेजे गए शासनादेश में बताया गया है कि यह व्यवस्था 14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अंतर्गत उच्च न्यायालय की ई-समिति द्वारा पारित प्रस्तावों के क्रम में की गई है। इससे पहले इन्हीं 205 पदों की स्वीकृति 1 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक के लिए दी गई थी, जिसकी अवधि अब बढ़ा दी गई है।

# अभ्युदय योजना से जुड़े 77 अभ्यर्थी देंगे साक्षात्कार

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने एक बार फिर अपनी सार्थकता सिद्ध की है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे 77 अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (यूपीपीसीएस) 2024 की मुख्य परीक्षा में सफलता अर्जित की है।

● यूपी पीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में पाई सफलता

अभ्युदय योजना प्रदेश के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच दिलाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि भागीदारी भवन, लखनऊ स्थित कोचिंग केंद्र से 40, अलीगंज स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र से 20 तथा हापुड़ स्थित राजकीय आईएएस/पीसीएस कोचिंग केंद्र से 17 अभ्यर्थी यूपीपीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन, पुस्तकालय, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाएं, विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, मुख्य परीक्षा केंद्रित उत्तर लेखन अभ्यास, मॉडल टेस्ट तथा अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

# ग्लोबल होगा यूपी का शहद, महिलाएं करेंगी लांच

अमृत विचार, लखनऊ : एक लाख ग्रामीण महिलाएं शहद उद्यमी बनकर अपना ब्रांड लांच करेंगी। इससे आय में एक लाख रुपये की सालाना वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। यूपी सरकार तैयार शहद को ग्लोबल स्तर पर बाजार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन विलेज के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मधुमक्खी पालन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी एक लाख ग्रामीण महिलाएं शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाएंगी। योजना के अंतर्गत अगले तीन वर्षों में एक लाख ग्रामीण महिलाओं को मधुमक्खी पालक के रूप में विकसित किया जाएगा। लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला उद्यमी की वार्षिक आय में लगभग एक लाख रुपये की वृद्धि हो।

# पांचवीं तक के छात्रों को मोबाइल पर न दिया जाए होमवर्क : डॉ. बबीता चौहान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: गाजियाबाद में मोबाइल पर कोरियन गेम्स खेलने की लत के चलते तीन बालिकाओं ने आत्महत्या कर ली। इस घटना को राज्य महिला आयोग ने को गंभीरता से लिया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है। कहा कि बालक और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए अब डिजिटल अनुशासन अनिवार्य होगा। कक्षा पांचवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों को विषम परिस्थितियों को छोड़कर मोबाइल फोन के माध्यम से होमवर्क नहीं दिया जाएगा। साथ ही असाइनमेंट अथवा अन्य शैक्षणिक कार्य करने जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना सुनिश्चित किया जाए।

● महिला आयोग अध्यक्ष ने सभी डीएम को डिजिटल अनुशासन अनिवार्य करने का दिया निर्देश

महिला आयोग की अध्यक्ष ने गुरुवार को बताया कि प्रथमदृष्टया उपलब्ध तथ्यों के अनुसार गाजियाबाद की दुखद घटना की पृष्ठभूमि में मोबाइल फोन पर गेम खेलने की लत ही निकल कर आ रही है। यह घटना समाज एवं शैक्षणिक व्यवस्था के लिए गम्भीर चेतावनी भी है। कोरोना काल में लॉकडाउन की अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्कूलों द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था की गई थी। किन्तु वर्तमान में सामान्य परिस्थितियां होने के बाद भी अनेक स्कूलों द्वारा बच्चों के होमवर्क, असाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भेजी जा रही हैं। जिससे बच्चों के हाथ में निरन्तर मोबाइल उपलब्ध रहने की स्थिति बन रही है। कहा कि यह स्थिति अत्यन्त चिंताजनक है। छोटी उम्र में ही मोबाइल पर अनियंत्रित गेमिंग तथा अन्य अवांछनीय गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं।

# अग्निवीर भर्ती रैली आज से

अमृत विचार, लखनऊ : रिक्रूटिंग जोन उप्र और उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय) लखनऊ के तहत शुक्रवार से छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली शुरू होगी। पहले दिन एआरओ लखनऊ के अंतर्गत 13 जिलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं व 10वीं पास) की भर्ती होगी। 6 से 20 फरवरी तक औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के करीब 13 हजार शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थी रैली में शामिल होंगे। जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड पर दी गई तिथि व समय के अनुसार रिपोर्ट करना होगा।

# जीपीएफ व सीपीएफ पर 7.1 फीसद ब्याज दर की मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और अंशधारकों को राहत देते हुए जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ), कंट्रीब्यूटरी प्रोविडेंट फंड (सीपीएफ) और सीपीएफ पेंशन इंश्योरेंस फंड पर मिलने वाली ब्याज दर को 7.1 प्रतिशत बनाए रखने का निर्णय लिया है। वित्त (सामान्य) अनुभाग-2 द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार यह ब्याज दर 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय जनरल प्रोविडेंट फंड (उत्तर प्रदेश) नियमावली-1985, कंट्रीब्यूटरी प्रोविडेंट फंड (उत्तर प्रदेश) नियमावली तथा उत्तर प्रदेश कंट्रीब्यूटरी प्रोविडेंट फंड पेंशन इंश्योरेंस नियमावली-1948 के प्रावधानों के अंतर्गत लिया गया है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद यह आदेश जारी किया गया है। वित्त विभाग के इस फैसले से लाखों राज्य कर्मचारियों और पेंशन से जुड़े अंशधारकों को लाभ मिलेगा।

● वित्त विभाग के फैसले से लाखों राज्य कर्मचारियों और पेंशन से जुड़े अंशधारकों को लाभ

# अटल विद्यालयों में 15 तक आवेदन मांगे गए

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, ताकि उनके बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाकर आगे बढ़ सकें। प्रदेशभर में संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह से नौवीं तक प्रवेश के लिए 15 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। इन विद्यालयों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की दो संतानों को अंग्रेजी माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। आवेदन संबंधित कार्यालय में ऑफलाइन या उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की वेबसाइट upbocw.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है।

# यूपी की इंटरनेशनल फिल्म सिटी में होगी 'मॉम-2' की शूटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' ने रफ्तार पकड़ ली है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में विकसित हो रही प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में पहली शूटिंग के रूप में बॉलीवुड फिल्म 'मॉम-2' का फिल्मांकन किया जाएगा। इसके लिए जमीन की मैपिंग शुरू कर दी गई है।

● मार्च की शुरुआत में शुरू होगा फिल्मांकन, 20 दिन में बनेगा सेट

परियोजना का निर्माण कर रहे बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर 'बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड' के अनुसार, मैपिंग पूरी होते ही लगभग 20 दिन में शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा। फरवरी के अंत या मार्च की शुरुआत में शूटिंग शुरू होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के स्थायी निर्माण कार्य भी समानांतर रूप से आगे बढ़ेंगे। यह परियोजना सेक्टर-21, यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित की जा रही है, जहां विश्वस्तरीय शूटिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि 'मॉम-2' के सेट के साथ ही स्थायी ढांचे का निर्माण भी शुरू कर दिया जाएगा।

अभियान | गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत, सीमावर्ती जिलों में लगेंगे नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं : पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प के तहत गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 एक सशक्त जनसेवा अभियान के रूप में कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री गुरुवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इस अभियान के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस यात्रा में इस वर्ष लगभग 70 मेडिकल संस्थानों से 700 चिकित्सक एवं मेडिकल छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत नेपाल सीमा से सटे थारू बाहुल्य क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। महाराजगंज, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, पीलीभीत, श्रावस्ती और बहराइच जनपदों में 6 से 8 फरवरी तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांतरंजन व विशिष्ट अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष प्रो एमएलबी भट्ट ने बताया कि न्यास ने जनजातीय क्षेत्रों में कैंप के साथ ही मोबाइल वैन सेवा भी शुरू करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन, गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास से जुड़े पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 को झंडी दिखाकर चिकित्सकों के दल को रवाना करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

### 'स्पंदन ईसीजी' मशीन का किया वितरण

अभियान अंतर्गत चिकित्सकों के दल को रवाना किया गया तथा विश्व की सबसे छोटी ईसीजी मशीन 'स्पंदन ईसीजी' का वितरण भी किया गया। यह मशीन बिना बैटरी और इंटरनेट के कार्य करने में सक्षम है, जिससे दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में त्वरित व सटीक जांच संभव हो सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग जगहों से जुटाए पांच नमूने

**रनियां।** एनजीटी के निर्देश पर क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड खान चंद्र पुर इलाके में भू-गर्भ जल की सैंपलिंग दूसरे दिन भी जारी रही। गुरुवार को उमरन, घारमपुर, शिवनाथ पुरवा में पांच नमूने संकलित किए गए। आरओ मनोज कुमार चौरसिया ने बताया कि पानी में क्रोमियम, मरकरी, फ्लोराइड, जिंक आदि की जांच के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पानी के सेवन से लोग बीमार पड़ रहे हैं।

### जलाभिषेक करने कांवरिए रवाना

**शिवली।** हरदियानाला गांव व कस्बा शिवली से बड़ी संख्या में कांवरिया लोधेश्वर महादेव बाराबंकी के दर्शन करने व जल चढ़ाने के लिए गुरुवार की शाम रवाना हुए। गाजे बाजे के साथ परिजनों का गांव वालों ने धूमधाम से कांवरियों को विदा किया दोनों ही जगह से कांवरिया ढोल नगाड़ों की ताप पर नाचते गाते हुए कस्बे के प्रसिद्ध मंदिर जागेश्वर पहुंचे इसके बाद बिठूर के लिए रवाना हो गए इस मौके पर ग्राम प्रधान जनार्दन सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष रमाकांत अग्निहोत्री, राजू तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग इस मौके पर मौजूद रहे।

### मोटर साइकिल की टक्कर से वृद्ध घायल

**रसूलाबाद।** रसूलाबाद लहरापुर रोड पर पैदल जा रहे एक वृद्ध को काली मंदिर के समीप एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल होकर गिर पड़े। सूचना पाकर स्वजन उन्हें तत्काल सीएचसी ले गए जहां उनका उपचार किया जा रहा है। लाला निवादा निवासी गया प्रसाद (60वर्ष) पैदल घर से जा रहे थे। इसी दौरान रसूलाबाद लहरपुर रोड पर काली मंदिर के पास एक बाइक सवार ने उनके टक्कर मार दी जिससे वे सड़क पर गिर कर घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएससी रसूलाबाद ले जाया गया है जहां डॉक्टर ने उनका उपचार किया है।

### बैठक में डीसीडीसी के गठन पर चर्चा

**कानपुर देहात।** डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा डीसीडीसी के गठन एवं इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संयोजक सदस्य व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता द्वारा बी-पैक्स उन्नयन योजना से समिति को अवगत कराते हुये इसके अनुमोदन हेतु प्रस्ताव बैठक में रखा गया। विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सभी को करना चाहिए ईश्वर का स्मरण:हरिदास जी

**शिवली।** नालाप्रतापपुर गांव में स्थित शिव मंदिर पर भागवत कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन गुरुवार की दोपहर को किया गया। कलश यात्राएं बड़ी संख्या महिलाएं शामिल हुई। इसके बाद व्यास हरिदास जी महाराज ने भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि ईश्वर का स्मरण मनुष्य को करते रहना चाहिए। साथ ही मन वचन कर्म से सच्चे आचरण को जीवन में उतारना चाहिए। दूसरी तरफ अनूपपुर स्थित सिद्ध हनुमान कुटिंस भागवत कथा के पहले पनकी मंदिर के महामंडलेश्वर महंत बाबा कृष्ण दास जी महाराज के नेतृत्व में कलश यात्रा निकली। यात्रा रामगंगा नहर से जल लेकर वापस लौटी यहां पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। यहां पर भागवत कथा का विश्राम 11 फरवरी को होगा। विशाल भंडारा एवं रामलीला का आयोजन 12 फरवरी को किया गया है।

### जसवापुर गांव में कृष्ण लीला का उद्घाटन

**कानपुर देहात।** समाजवादी पार्टी के प्रांतीय नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सेन यादव ने विकासखंड सरवन खेड़ा के गांव जसवापुर में आयोजित कृष्ण लीला का उद्घाटन किया। ग्राम प्रधान कल्लू यादव सहित पंकज सिंह, मोहित गुप्ता, मानसिंह आदि ने माला पहनकर शॉल उड़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर कर स्वागत किया। उन्होने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए भगवान कृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए सर्व समाज को उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किया समाज में बहुत तेजी से नैतिक मूल्यों में गिरावट हो रही है। यह हमारे आप सबके लिए चिंता का विषय है।

# रनियां में बंद फैक्ट्री से लाखों का माल पार

## पिछले तीन महीनों से बंद है फैक्ट्री का कामकाज, पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, रनियां



घटना के बारे में जानकारी देतीं माया बाजपेई। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रनियां इंडस्ट्रियल एरिया के साइट टू में स्थित एक प्लास्टिक पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए कीमत का माल पार कर दिया। फैक्ट्री दो महीने से बंद पड़ी थी। जानकारी पर पहुंची फैक्ट्री मालिक की पत्नी ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

लाटूश रोड कानपुर नगर निवासी प्रदीप बाजपेई की रनियां में शेरपुर तरौंदा मार्ग पर भूमि प्लास्टिक के नाम से फैक्ट्री है। बताया जाता है कि प्रदीप को कुछ साल पहले पैरालिसिस अटैक आने के बाद वह चल फिर नहीं पाते हैं। फैक्ट्री का काम-काज उनकी पत्नी माया बाजपेई संभाल रही हैं। कुछ कारणों से फैक्ट्री पिछले तीन महीने से बंद पड़ी हैं। गुरुवार की सुबह एक पड़ोसी ने बोरियों में भरा कुछ सामान फैक्ट्री के बाहर पड़ा देख उन्हें फोन पर जानकारी दी। सूचना पर अपने भाई लल्लन अवस्थी निवासी बर्रा कानपुर के साथ माया रनियां पहुंची और मेन गेट खोलकर अंदर पहुंची।

अंदर चोरों ने फैक्ट्री के एक हाल तथा कमरों के ताले तोड़कर वहां से बिजली की मोटरें, इलेक्ट्रिक पैनल, स्पेयर पार्ट्स, गैस सिलेंडर, केबिल आदि कीमती सामान बाउंड्री में सीढ़ी लगाकर पार कर दिया। घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंचे एस आई देवेन्द्र पाल ने घटना की छानबीन शुरू की। माया बाजपेई के मुताबिक चोरी हुए सामान की कीमत लगभग बीस लाख रुपए है। इस संबंध में इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि फैक्ट्री काफी दिनों से बंद है। घटना संदिग्ध लग रही है।

## पीडब्ल्यूडी कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान, कोहराम

**रनियां।** रनियां थाना क्षेत्र के करबक गांव में गुरुवार को पीडब्ल्यूडी कर्मी ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की।

करबक गांव निवासी रवि कमल उम्र करीब 40 साल पीडब्ल्यूडी में मेट था। वो पत्नी साधना तथा पुत्रों रिषी व रितिक के साथ रतनपुर कानपुर नगर में मकान बनाकर रहता था। गुरुवार की शाम वह बाइक से गांव पहुंचा और घर के अंदर कमरे में छत में लगे पंखे के कुंडे से रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्रामीणों की सूचना पर परिजन गांव पहुंचे और रोना पिटना मच गया। इधर सूचना पर डायल 112 व रनियां थाने से एस आई देवेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। इस संबंध में इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि जानकारी पर पुलिस मौके पर भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

# रामजानकी मंदिर मार्ग की हालत खराब, बनवाए जाने की मांग

संवाददाता, रसूलाबाद



राम जानकी मंदिर और मार्ग पर भरा कीचड़ युक्त पानी। अमृत विचार

- **कीचड़ युक्त पानी भरा होने से श्रद्धालुओं को असुविधा होती है**
- **राज्य वित्त आयोग के धन से मंदिर तक मार्ग बनवाए जाने की मांग**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के शहबाजपुर गांव स्थित राम जानकी मंदिर मार्ग पर कीचड़ युक्त पानी भरा होने से श्रद्धालुओं को मंदिर तक जाने में असुविधा होती है इसके लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित अनेक ग्रामीणों ने राज्य वित्त आयोग के धन से मंदिर तक मार्ग बनवाए जाने की मांग खण्ड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर की है।

ग्राम पंचायत शहबाजपुर की क्षेत्र पंचायत सदस्य विद्यावती, राजकुमार तिवारी, शीलू गुप्ता, विजयपाल ,अब्दुल अयूब , धर्मेंद्र कुमार ,रामकुमार ,गेंदालाल पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ,पारस कुरील आदि अनेक ग्रामीणों ने बीडीओ रसूलाबाद विपुल विक्रम सिंह को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके गांव में गाटा संख्या 516 में राम जानकी मंदिर स्थित है। मंदिर तक जाने के लिए मार्ग काफी नीचा होने के कारण उसमें कीचड़ और पानी भरा रहता है। इससे भक्तों को मंदिर तक पहुंचने में परेशानी होती है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य विद्यावती ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर राज्यवित्त के धन से मंदिर तक जाने वाले इस मार्ग पर यूनुस के प्लाट से मंदिर तक मिट्टी डलवाए जाने की मांग की है। जिससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा हो। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सौरभ यादव ने बताया कि मंदिर तक जाने में लोगों को असुविधा होती है यदि पैसा मिल जाएगा तो वह जरूर इसे बनवाएंगे। खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह ने बताया कि उन्हें इस आशय का प्रार्थना पत्र मिला है और ग्राम प्रधान भी इससे सहमत है। वे शीघ्र ही इस मार्ग पर मिट्टी डलवा कर बनवा देंगे।

# ईश्वर सदैव उठाते शरणागत की रक्षा का भारः कथा वाचक

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** गिरिराज जी सदा अपने भक्तों की मनोकामना को पूरा करते हैं। भगवान कहते हैं कि जो मेरी शरणागत होता है उसकी रक्षा का भार मेरे ऊपर होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के क्रोध के कारण हुई वर्षा से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर 7 दिन तक उठा कर उनकी रक्षा की। यह बात बारापुर स्थित जखई बाबा देवस्थान परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सरस कथा वाचक आचार्य सोनू शास्त्री ने प्रभु श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाते हुए कही।



कथावाचक।

उन्होंने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था उसका घमंड दूर करने के लिए भगवान ने बृज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू कर दी इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कर दी प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया सात दिनों के बाद इंद्र को जब अपनी भूल का एहसास हुआ तो उन्होंने प्रभु श्री कृष्ण से क्षमा मांगी । गोवर्धन की कथा सुन श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। कथा वाचक ने कहा कि गिरिराज कोई और नहीं साक्षात श्रीकृष्ण हैं। गिरिराज जी सदा अपने भक्तों की मनोकामना को पूरा करते हैं। भगवान कहते हैं, जो मेरी शरणागत होता है उसकी रक्षा का भार मेरे ऊपर होता है।

# सीएचसी में ऑपरेशन द्वारा प्रसव की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध

संवाददाता, रसूलाबाद



प्रसव के बाद नवजात शिशु के साथ चिकित्सा अधीक्षक डॉ दीपक कुमार गुप्ता।

**अमृत विचारः** सीएचसी रसूलाबाद के डॉक्टरों ने ऑपरेशन से प्रसव कर मलिखानपुर निवासी जच्चा बच्चा की जान बचाई। सीएचसी में ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध होने से प्रसूता के परिजनों ने डॉक्टरों की प्रशंसा की।

गुरुवार को मलखानपुर गांव निवासी योगेश कुमार की पत्नी नेहा देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सीएचसी ले गए। वहां ड्यूटी स्टाफ नर्सो ने परीक्षण के दौरान गर्भ में पल रहे शिशु का सिर बड़ा होने के कारण सीएचसी में तैनात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शना व बेहोशी के डॉक्टर मोहम्मद सादिक , ओटी टेक्नीशियन विनीता, मधु आदि की टीम ने आनन फानन में ऑपरेशन कर नवजात शिशु व प्रसूता की जान बचाई। परिजनों ने मां बेटे को स्वस्थ देख डॉक्टरों की टीम को धन्यवाद कहा।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि सीएचसी में ऑपरेशन द्वारा प्रसव की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। गर्भावस्था के दौरान प्रत्येक माह की 1,9 ,16 व 24 तारीख को प्रसव संबंधित आवश्यक जांचें व अल्ट्रासाउंड निशुल्क किया जाता है। जिसमें चिन्हित एचआरपी (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) की श्रेणी वाली महिलाओं की स्वास्थ्य टीम द्वारा निगरानी कर सिजेरियन प्रसव कराए जा रहे है। गुरुवार को डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल ऑपरेशन कर जच्चा व बच्चा को सुरक्षित किया।

# हुलासी पुरवा गांव पहुंचे सपा के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, रनियां



चित्र पर माल्यार्पण करते श्याम लाल पाल।

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल गुरुवार को रनियां पहुंचे। यहां जिला महासचिव लोहिया वाहिनी पवन यादव के आवास पर पहुंच कर उनके दिवंगत बाबा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उनके साथ जिलाध्यक्ष सपा अरुण कुमार उर्फ बबलू राजा भी मौजूद रहे।

रनियां क्षेत्र के नजदीकी गांव हुलासी पुरवा निवासी समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव पवन यादव के बाबा रामबली यादव का लंबी बीमारी के बाद बीती 28 जनवरी को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार ड्योढ़ी घाट पर किया गया था। जानकारी पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पवन यादव के रनियां स्थित आवास पर पहुंचे और दिवंगत रामबली यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पवन यादव के पिता मनोज यादव व पवन को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम सभी आपके साथ खड़े हैं। इस दौरान आशा सिंह चौहान, जीतू यादव पूर्व प्रधान रनियां, आशू यादव, शोभित सोनकर, सूरज, नितिन, मंगल सिंह, अनिरुद्ध पाल, अर्पित आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के साथ 3 युवक गिरफ्तार 896 क्वाटर देशी शराब हुई बरामद

संवाददाता, रनियां



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रनियां समेत कई थाना क्षेत्र अवैध पदार्थों तथा शराब की तस्करी के केंद्र बने हैं। पुलिस के तमाम दावों के बाद भी अवैध तस्करी पर रोक नहीं लग पा रही। बीते दिवस रनियां थाना क्षेत्र में कार से बड़े पैमाने पर अवैध शराब मिली है। शराब ले जा रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है।

तस्करी काफी समय से चल रही थी। बुधवार की देर रात रनियां पुलिस को शराब ले जाए जाने की सूचना मिली। इस पर रायपुर-गजनेर तिराहे पर वाहनों तथा व्यक्तियों की की चेकिंग शुरू हुई। इस दौरान सचेंडी कानपुर नगर की ओर से सर्विस रोड पर एक सफेद रंग की वैगन-आर कार आती दिखाई दी। पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया। चालक ने गाड़ी रोकी और पुलिस ने जब कार की तलाशी शुरू की तो सन्न रह गई। कार के अंदर करीब बीस पेटियों में भरी 896 क्वाटर देशी शराब बरामद हुई।

इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि अवैध देशी शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में विधिक कार्रवाई की गई है। कार को एमवी एक्ट में सीज कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि विनोद गुप्ता निवासी जूही लाल कालोनी, किदवई नगर, मुकेश सिंह निवासी ग्राम तिलसड़ा, घाटमपुर कानपुर नगर और अविनाश शिवहरे निवासी विश्व बैंक बर्रा, कानपुर नगर पकड़े गए हैं।

## 8 से 26 तक होगा राशन का वितरण

**कानपुर देहात।** जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने बताया कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के लिए माह फरवरी में 8 से 26 तारीख तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराया जाएगा। अनुमन्य मात्रा (14 किलोग्राम गेहूं 11 किलोग्राम चावल व 10 किग्रा ज्वार कुल 35 किलोग्राम प्रति कार्ड) मिलेगा।

पात्र गृहस्थी राशनकार्ड पर अनुमन्य मात्रा (प्रति यूनिट दो किलोग्राम गेहूं, व एक किलोग्राम चावल व दो किलोग्राम ज्वार कुल पांच किग्रा प्रति यूनिट) वितरित किया जाएगा। राशन कार्डधारकों से कहा गया है कि इस वितरण माह में अपने राशनकार्ड में दर्ज समस्त अवशेष यूनिटों की ई-केवाईसी अपने नजदीकी उचित दर दुकान पर जाकर करा लें। ई-केवाईसी पूर्ण न होने वाली यूनिट का खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो सकेगा ।

# खामियों पर कार्रवाई, सचिव को किया गया निलंबित, ग्राम प्रधान को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- **धरमपुर गौशाला में कुत्तों ने नोचा गोवंश का शव**
- **बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की थी कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचारः** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए प्रकरण पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। संदलपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत धरमपुर में गौशाला संचालन से जुड़े दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर सरफराज हुसैन, ग्राम विकास अधिकारी को सस्पेंड किया गया है। इसी तरह, ग्राम प्रधान को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ग्राम पंचायत धरमपुर, विकास खंड संदलपुर स्थित गौशाला के प्रबंधन में पाई गई अनियमितताओं को प्रशासन द्वारा अत्यंत गंभीरता से लेते हुए त्वरित व सख्त कार्रवाई की गई है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत शिकायत के क्रम में उपजिलाधिकारी सिकंदरा की जांच आख्या एवं खंड विकास अधिकारी सन्दलपुर व तहसीलदार सिकन्दरा द्वारा संयुक्त स्थलीय निरीक्षण में आहार व साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। हालांकि एक मृत गोवंश का नियमानुसार निस्तारण नहीं किया गया। एक अन्य मृत गोवंश को कुत्तों द्वारा नोचा गया। इस घटना में प्रथम दृष्टया सत्य पाए जाने पर जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। गौशाला संचालन से जुड़े दायित्वों के समुचित निर्वहन में कर्तव्यपालन में लापरवाही के आरोप में ग्राम प्रधान संजय सिंह के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है। ग्राम विकास अधिकारी सरफराज हुसैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय कार्यवाही की गई है; जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद की समस्त गौशालाओं में गौवंश संरक्षण, देखभाल एवं प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु तहसील स्तरीय समिति, ब्लॉक स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय समिति को गौशालाओं का नियमित निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए।

**परखी गुणवत्ता** | पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक में पहुंचे जिलाधिकारी

# छात्रावास के निरीक्षण के बाद डीएम ने छात्रों के साथ किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



मां शारदा को प्रणाम कर बैठक का शुभारंभ करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गुरुवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम कपिल सिंह और सीडीओ विधान जायसवाल भी शामिल हुए। बैठक में विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था, छात्रावासीय सुविधाओं, भोजनालय, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्मार्ट क्लास संचालन आदि की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय को आदर्श, समावेशी एवं आधुनिक शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने हेतु नवाचार आधारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, सीसीटीवी, अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास मार्ग तथा रात्रि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। भोजनालय में पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने, रसोईघर की नियमित स्वच्छता जांच तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय-समय पर चिकित्सकीय शिविर, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श तथा प्राथमिक उपचार सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर, भोजनालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक मरम्मत कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने, पेयजल की गुणवत्ता जांच, शौचालयों की स्वच्छता, छात्रावासीय कमरों की प्रकाश व वेंटिलेशन व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लर्निंग संसाधनों के समुचित उपयोग, पुस्तकालय के अद्यतन, खेल मैदानों एवं खेल सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं, छात्रावासीय व्यवस्थाओं एवं दैनिक दिनचर्या के संबंध में फीडबैक लिया, बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# जनता से रूबरू तो अफसरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े डीएम

**कानपुर देहात ।** नई प्रक्रिया के अनुसार डीएम कपिल सिंह ने गुरुवार को भी कलेक्ट्रेट में फरियादियों से रूबरू मुलाकात की। उनकी समस्याएं जानीं।इसके बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग में जुड़े संबधित अधिकारियों से शिकायतों और समस्याओं पर बात की और जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में मिले प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए।आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि पोर्टल पर प्राप्त किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए।

जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर के समस्त अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला के साथ की छेड़खानी,जांच जारी

**घाटमपुर ।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने घाटमपुर थाना में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि 2 फरवरी को जब वह खेत से घर वापस आ रही थी तो गांव स्थित शराब ठेका के पास गांव के मोहम्मद आदिल और अमन शराब के नशे में उस पर अश्लील टिप्पणी करने लगे। उसने जब इसका विरोध किया तो उक्त लोगों उसके साथ छेड़खानी करते हुए अश्लीलता की । शोर मचाने पर गांव के लोगों को आता देखकर दोनों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता द्वारा घाटमपुर थाना में शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**घाटमपुर ।** घाटमपुर में 15 वर्षीय नाबालिग अरहर के खेत में शौच के लिए गई थी, तभी गांव के रहने वाले युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया है। घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि नाबालिग के साथ अरहर के खेत में जबरन दुष्कर्म करने के आरोपी युवक रवि यादव को गुरुवार को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है। घटना की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली मां ने पुलिस को दर्ज कराए मुकदमे में बताया था, कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिक बेटी गांव के किनारे स्थित अरहर के खेत में शौच करने के लिए गई थी, तभी गांव क रहने वाला युवक रवि यादव ने उनकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया । वे जब युवक के घर पर शिकायत करने पहुंची तो युवक के परिजनों ने उनके साथ अभद्रता की है। इसके बाद उन्होंने पतरा चौकी पहुंचकर शिकायत की लेकिन चौकी पुलिस ने जांच के नाम पर उन्हें टरका दिया, इसके बाद उन्होंने घाटमपुर थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर जेल भेजा है।

### सफाई व्यवस्था व जन जागरूकता पर जोर

**बिल्हौर।** गुरुवार को बिल्हौर कस्बे में अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा अचानक नगर की सड़कों पर उतरीं। उन्होंने वार्ड संख्या 03, 09, 14, 18 और 20 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति जांची और सड़कों व नालियों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौशाला में जाकर गायों के चारे के प्रबंधन व्यवस्था को भी विस्तार पूर्वक जांचा परखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### अचरी गायन का आयोजन आज

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के बंधी मोहाल में स्थापित बड़ी देवी के मंदिर में लोक गायन में अचरी गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रबंधक रामरूप पाठक की देखरेख में 6 फरवरी की सुबह 10 :00 से सायं 4 :00 बजे तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विदोखर, बंडा, सायर, बजेहटा, उमरी आदि गांव के साथ बिवांर की दो टीम भाग ले रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.अभिनंदन सिंह भदौरिया रहेगें। संयोजक शुभकरण सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि जीतेंद्र पाठक होंगे।

# 20 किमी. लंबे जाम में फंसकर जूझे लोग

## कानपुर-सागर हाईवे पर रिंद नदी पुल पर ट्रक में पीछे से भिड़ा डंपर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार ।** घाटमपुर के बिधनू में आगे चल रहे ट्रक में पीछे से एक डंपर घुस गया। हादसे के बाद कानपुर सागर हाईवे पर जाम लगना शुरू हो गया। बिधनू पुलिस और एनएचआई ने क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से किनारे नहीं कराया, जिसके चलते लगभग 6 घंटे तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। जाम लगने की सूचना मिलते ही घाटमपुर एसीपी मौके पर पहुंचे उन्होंने पुलिस बल के साथ क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवा कर हाईवे पर यातायात बहाल कराया है। इस दौरान लगभग 20 किलोमीटर तक जाम के हालात बने रहे।

गुरुवार सुबह बिधनू थाना क्षेत्र के रिंद नदी पुल के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे पीछे चल रहा डंपर ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक पतरेठा निवासी बब्लू और क्लीनर घनश्याम घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस ने हाईवे पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे नहीं करवाया, बिधनू पुलिस की लापरवाही के चलते जाम के हालात बनते चले गए और देखते देखते हाईवे पर लंबा और भीषण जाम लग गया। कड़ी मशक्कत के बाद लगभग छह घंटे बाद जाम खुल पाया था, कि तभी शम्भूहा ओवरब्रिज पर एक डंपर खराब हो गया। जिससे फिर से जाम के हालात बन गए। जानकारी मिलते घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवाकर हाईवे पर यातयात बहाल कराया है। इस दौरान लगभग बीस किलो मीटर लंबा जाम लगा रहा। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि सूचना मिली थी, हाईवे पर क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाकर यातयात बहाल कराया गया है।

**छह घंटे तक यातायात रहा प्रभावित :** हादसे के बाद कानपुर सागर हाईवे पर घाटमपुर की ओर पतारा तक कानपुर की ओर रमईपुर तक जाम के हालात बने रहे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाकर हाईवे पर यातयात बहाल कराया है। लगभग छह घंटे यातयात प्रभावित रहा।

## टप्पेबाज ने बाइक सवार के 20 हजार रुपये उड़ाये

**शिवराजपुर।** बाइक पर लिफ्ट लेने के बाद टप्पेबाज ने बाइक सवार की जेब में रखें 20 हजार रुपये जेब काट कर निकाल लिए । पीड़ित को जानकारी जब हुई जब वह उतरकर दूसरी बाइक में बैठ गया ।

जगदीशपुर गांव निवासी स्वतंत्र प्रकाश कटियार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह बुधवार को दोपहर कल्याणपुर से अपने गांव आ रहे थे तभी रास्ते में कार से उतरकर लड़के ने शिवराजपुर जाने के लिए बाइक सवार को लिफ्ट के लिए रोका लिया। जब वह शिवराजपुर के पहले ही उतर गया तो बाइक सवार को शंका हुई उसने अपने जेब पर हाथ रख तो जेब कटी हुई थी व उसमें रखे 20 हजार रुपये टप्पेबाज लेकर रफू चक्कर हो गया । इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी । जल्द ही टप्पेबाज मको पकड़ा जायेगा।

# बियर शॉप का शटर तोड़कर नकदी व शराब की पेटियां चोरी

संवाददाता ,बिल्हौर

**अमृत विचार ।** कानपुर में अरौल थाना क्षेत्र के कस्बे में स्थित एक कम्पोजिट दुकान ( अंग्रेजी शराब व बियर शॉप ) में बुधवार रात चोरों ने शटर काटकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से नकदी समेत बियर की केन और शराब की बोतलें समेटकर फरार हो गए। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे सेल्समैन को हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

बम्भियापुर गांव निवासी प्रेमशंकर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह हर्षित यादव की अंग्रेजी शराब व बियर कम्पोजिट दुकान पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। बुधवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जब वह दुकान


साइड से तोड़ा गया शटर।


खाली पड़ा गोलक।

- **जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल**

खोलने पहुंचा तो देखा कि शटर की साइड कटी और फैली हुई थी। वहीं बगल वाले गेट का ताला भी टूटा हुआ मिला।

दुकान के अंदर जाकर देखने पर पाया कि कैश रखने वाली गोलक अपनी जगह से हटाकर दूसरे स्थान पर पड़ी थी और उसमें रखा पैसा गायब था। इसके बाद जब स्टॉक की जांच की गई तो पता चला कि बियर की केन, कुछ शराब की बोतलें और लगभग 61 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की है। थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के सखरेज गांव में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत का शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे के साथ निकली कलशयात्रा में गांव की महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन-कीर्तन करते चल रही थीं। कलशयात्रा का भक्तों ने जगह-जगह स्वागत किया। भजन-कीर्तन के साथ कलशयात्रा क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए सरैया गंगा घाट पर पहुँच कर जल भरने के उपरान्त कथा स्थल पर पहुंची।

कथा के पहले दिन कथा व्यास पं राम जी शुक्ला ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से प्राणी का कल्याण हो जाता है, पितरों को मुक्ति मिलती है। इस दौरान लालता प्रसाद दुबे,अवधेश शुक्ला,हिमांशु दुबे,हर्ष शुक्ला,अर्पित मोना,दीक्षा सुभी,संगीता शशि आदि रहीं।

# बच्चों ने पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार ।** विकास खंड क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरी पाठकपुर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान अभिभावकों को शासन व बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के लिए चलाई जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बाबत जानकारियां दी गईं। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी मन मोह लिया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरी पाठकपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव में विद्यालय के शिक्षक अनुगृह त्रिपाठी ने अभिभावकों को बताया कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। समग्र शिक्षा योजना पर चर्चा करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना, सिखाने के परिणामों को बढ़ाना और बच्चों एवं शिक्षकों को सशक्त बनाने के


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक।

- **पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरी पाठकपुर में हुआ कार्यक्रम**

लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है। इसी तरह सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान व और शिक्षक शिक्षा आदि के बाबत भी विस्तार पूर्वक जानकारियां दीं। इसके अलावा बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।

इस दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शंकर सिंह, मंजूलता, सरिता सचान व विजयभद्र व बृज किशोर शुक्ला आदि के साथ बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चे व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

# बेटियों को जन्म देने पर विवाहिता को निकाला

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार ।** दहेज की मांग पूरी होने व बेटियों के जन्म को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके में रह रही पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

क्षेत्र के अमिलिहा गांव निवासी वंदना सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2016 में साढ़ थाना क्षेत्र के मोसिमपुर गांव निवासी भूपेंद्र उर्फ कल्लू सिंह से हुई थी। शादी में सामर्थ्यनुसार खर्च किये जाने के बावजूद ससुरालीजन बाइक व दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। जिसे पूरा न किए जाने पर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। किसी तरह वह ससुराल वालों की प्रताड़ना सहती रही। इस दौरान

- **पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल**

उसके दो बेटियां भी जन्मी। बेटियों के जन्म के बाद ससुरालीजनों का जुल्म और भी बढ़ गया। आरोप लगाया कि अल्ट्रासाउंड के दौरान बेटी होने का पता चलने पर कई बार उसका गर्भपात भी करा दिया गया। उत्पीड़न के दौरान 28 अगस्त 2025 को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। न्याय के लिए वह संबंधित थाने में गई,लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति भूपेंद्र सिंह, सास पुष्पा, जेठ शैलेंद्र सिंह, जेठानी सुनैना, देवर नागेंद्र व नंद मंजू सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# 'यक्ष' ऐप से होगी अपराधियों की घेराबंदी

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचार।** कानपुर पुलिस द्वारा संचालित यह प्रोजेक्ट अपराध की रोकथाम के लिए 'प्रेसिजन पुलिसिंग' के सिद्धांत पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य कागजी रिकॉर्ड को डिजिटल इंटेलिजेंस में बदलना है। अपराध से जुड़ी घटनाओं को लगाम लगाने के लिए ठीक इस स्थान के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए इस ऐप का उपयोग किया जाएगा, जिसके तहत घटना के आसपास के स्थान को जियो टैग किया गया है तो तत्काल पुलिस वहां पर किस प्रकार से सहायता पहुंचा सकती है मुख्य उद्देश्य इस ऐप का इसी प्रकार होगा।

- **यूपी पुलिस का डिजिटल चक्रव्यूह है यक्ष**




### डेटा एकत्रीकरण और जियो-फेंसिंग

- यक्ष ऐप के तहत पुलिस कर्मी ग्राउंड जीरो पर जाकर डेटा एकत्र कर रहे हैं। इसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है :
- **भौगोलिक पहचान :** प्रत्येक गली, मोहल्ले और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को उनके सटीक भौगोलिक निर्देशांक ( लैटीट्यूड और लॉगिट्यूड ) के साथ लॉक किया जा रहा है। विविध श्रेणियों का वर्गीकरण : ऐप में बैंकों, ज्वैलरी शॉप्स, शराब के ठेकों, एटीएम, धार्मिक स्थलों और घनी आबादी वाले मोहल्लों की अलग-अलग श्रेणी बनाई गई है।
- इतिहास और संवेदनशीलता : यदि किसी स्थान पर पूर्व में कोई बड़ी घटना हुई है, तो उसे 'रेड फ्लैग' के तौर पर मार्क किया जा रहा है। बिल्हौर सर्किल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र में उन सभी बड़े-बड़े मार्केट मंदिर अस्पताल चौराहा को भी यक्ष के माध्यम से जोड़ा जा रहा है

### पुलिस की कार्यक्षमता में क्रांतिकारी बदलाव

**रूट मैपिंग :** किसी भी आपातकालीन कॉल (जैसे 112) के आने पर, यक्ष ऐप पुलिस को उस स्थान तक पहुंचने का सबसे छोटा और सुलभ रास्ता बताएगा।

**संसाधन आवंटन :** पुलिस कमिश्नर या उच्च अधिकारी अपने डैशबोर्ड पर देख सकेंगे कि किस क्षेत्र में कितने सार्वजनिक/निजी स्थान हैं और वहाँ सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं।

**पिकेट और गश्त की निगरानी :** गश्त पर निकले सिपाही की लोकेशन और उसके द्वारा कवर किए गए पॉइंट्स को सीधे ऐप के माध्यम से ट्रैक किया जा सकेगा।

### विशेषता प्रभाव

- डिजिटल इन्वेंट्री क्षेत्र के हर सीसीटीवी कैमरे की लोकेशन पुलिस के पास होगी, जिससे घटना के बाद फुटेज जुटाना आसान होगा।
- अपराध विश्लेषण 'क्राइम मैपिंग' के जरिए यह पता लगाया जा सकेगा कि किस विशेष अक्षांश पर अपराध अधिक हो रहे हैं।
- त्वरित घेराबंदी किसी वारदात के बाद भाग रहे अपराधी को पकड़ने के लिए शहर की 'डिजिटल नाकेबंदी' तुरंत की जा सकेगी।

### कानपुर पुलिस की भूमिका

कानपुर एक बड़ा औद्योगिक केंद्र है, जहाँ की गलियां और घनी आबादी पुलिस के लिए अक्सर चुनौती बनती हैं। कानपुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान वर्तमान में 'डेटा एनरिचमेंट' फेज में है। थाना स्तर पर तैनात बीट आरक्षी अपने-अपने क्षेत्रों का डेटा मोबाइल ऐप में फीड कर रहे हैं।

"अपराधियों के जन्म कुंडली के लिए इस एप्लीकेशन का प्रयोग अप पुलिस के द्वारा किया जा रहा है बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्र में बेड प्रभारी को मुख्य स्थान के जियो टैगिंग के लिए भी निर्देश दिए गए हैं, एप्लीकेशन के माध्यम से पुलिस में तकनीक का सहारा भी लिया जाएगा जिससे अपराधों को त्वरित रूप से रोका जा सके और उनको खोला जा सके। – **मंजय सिंह (एसीपी बिल्हौर)**


घाटमपुर इंस्पेक्टर का सम्मान करते बजरंगदल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### घाटमपुर के इंस्पेक्टर का बजरंगियों ने किया सम्मान

**घाटमपुर ।** घाटमपुर में बजरंगियों और हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने घाटमपुर पुलिस द्वारा लव जिहाद मामले में की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए गुरुवार को घाटमपुर थाने पहुंचकर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट को पटका और माला पहनाकर सम्मानित किया है। इसके बाद बजरंगियों ने घाटमपुर एसडीएम से मिलकर आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को बजरंजदल के जिला सह संयोजक शुभम शौर्य अग्निहोत्री और हिन्दू जागरण मंच के राजेश अवस्थी समेत आधा सैकड़ा सदस्यों ने घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट को पटका और माला पहनाकर उनका सम्मान किया। साथ ही उनके द्वारा लव जिहाद मामले में की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए, लव जिहाद के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की भी बात कही। इसके बाद उन्होंने घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह के कार्यालय के पहुंचकर उनसे मुलाकात करके उनसे लव जिहाद के आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई करने की मांग की है। सदस्यों ने एसडीएम से कहा कि घाटमपुर में पहली बार हुए लव जिहाद मामले में पुलिस द्वारा आरोपी का नगर में जुलूस निकालकर जेल भेजा कड़ा संदेश है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं, आर्मी नंबर 5050820X CHM तोरन श्रीस, 4 UP Bn NCC, इटावा, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे बेटे प्रसङ्ग श्रीस की जन्मतिथि मेरे सर्विस रिकार्ड में गलती से 23/10/2016 लिखी गई थी, जबकि उसकी सही जन्मतिथि 27/10/2016 है।

**सूचना**
मैं **राममिलन शर्मा पुत्र फूलचन्द्र शर्मा निवासी फिरोजपुर पोस्ट फिरोजपुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज**, मेरा बड़ा पुत्र सौरभ शर्मा व उसकी पत्नी बृजेश कुमारी शर्मा मेरी देखरेख नहीं करते है अपनी मर्जी के हिसाब से चलते है। इसलिए मैं उन्हे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ। मेरे पुत्र सौरभ व वहू बृजेश कुमारी शर्मा के द्वारा कोई कृत्य किया जाता है तो इसके वह स्वयं जिम्मेदार होगे उनसे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

**सूचना**
मैं,सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मैंने अपने तीसरे नंबर के पुत्र विपिन कुमार एवं उसकी पत्नी नेहा को उनके गलत चाल–चलन के कारण अपनी चल–अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा भविष्य में किए जाने वाले किसी भी प्रकार के गलत, गैरकानूनी या आपराधिक कृत्यों में मेरा कोई भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सहयोग नहीं होगा। ऐसे सभी कार्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इससे मेरा कोई लेना–देना नहीं रहेगा। **–रमेश चन्द्र पुत्र श्री मान सिंह, निवासी ग्राम आशा, पोस्ट भैंसोल, थाना अछल्दा, जनपद औरैया**

**सूचना**
मेरा पूर्व में अंग्रेज़ी में नाम "Mool Shankar" सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेज़ों में अंकित है, अब मैंने अपना नाम "Mool Shankar" के स्थान पर "Mool Shanker" कर लिया है। ये दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मेरे समस्त कार्य एवं अभिलेख नए नाम "Mool Shanker" से ही मान्य होंगे। मूल शंकर, निवासी– लखना पुराना पुल जनपद इटावा

**चिकित्सा के क्षेत्र से** | रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से दो दिन में छह विद्यालयों के छह सौ बच्चों को किया जागरूक

# छात्रों को बताए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार ।** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल और नालंदा पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने विद्यार्थियों को कैंसर के संबंध में ए टू जेड तक जागरूक किया। कैंसर के लक्षण, उपचार और बचाव के साथ ही इससे बचाव रखने के लिए, जीवनशैली कैसी रखनी चाहिए, किस तरह का खानपान रखना चाहिए आदि


रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट व अमृत विचार की ओर से जयनारायण सरस्वती स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा। अमृत विचार

बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में दो दिन में शहर के छह स्कूलों के करीब छह सौ बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह करीब 11.15 बजे से जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव के संबंध में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने


- **जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल व नालंदा पब्लिक स्कूल में हुआ कैंसर जागरूकता कार्यक्रम**
- **छात्रों को कैंसर से बचाव के लिए नियंत्रित जीवनशैली और सेहतमंद खानपान की आदत अपनाने की दी गई सलाह**

कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए, ताकि बच्चे अपने परिवार, समाज को जागरूक कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने में सहयोगी बनते हैं। कैंसर से डरना नहीं चाहिए। सही समय पर इलाज से कैंसर से मरीज को बचाया जा सकता है।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर 1 बजे जय नारायण सरस्वती स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से स्वयं को बचाने के लिए जीवनशैली में किस तरह से बदलाव करने की जरूरत है, उसकी जानकारी से बच्चों को रूबरू कराया। शरीर फिट रखने और मोटापा कम करने के लिए एक्सरसाइज करने पर जोर दिया। बच्चों ने बताया कि हम लोगों को बहुत अच्छी जानकारी दी गयी। कैंसर के प्रति सभी स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, समाज में जितनी जागरूकता आएगी, उतना ही ज्यादा लोग कैंसर से अपना बचाव रख सकेंगे।

तीसरे सत्र में दोपहर करीब 2.15 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। बच्चों से कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है, आधुनिक उपचार से कैंसर को मात दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही। वहीं, बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

## सुविचार



अभी समय मेरे पक्ष में नहीं है, इसलिए मैं थोड़ा शांत हूं। जब सही समय आएगा तो मेहनत खुद मेरी पहचान बता देगी।

-एपीजे अब्दुल कलाम


# अमृत विचार

कानपुर महानगर



**कानपुर के प्रमुख समाचार**

- गली का लड़का ब्लैकमेल करता, मैं जा रहा-II
- देवकी से छपेड़ा से मुश्किल से चल रहे वाहन-III
- इजराइल में रोजगार के लिए 2260 युवा चुने-IV


कानपुर, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026


**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## सिटी ब्रीफ

### नयागंज सराफा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष का निधन



**कानपुर।** नयागंज सराफा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहन शर्मा का निधन हो गया। शोक में नयागंज सराफा बाजार बंद रहा। अंतिम संस्कार भगवतदास घाट पर किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, एमएलसी सलिल विश्नोई, उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष महेशचंद जैन, मंत्री राम किशोर मिश्र, विकास ओमर, अरुण गोयल, विजय पंडित ने शोक व्यक्त किया।

### दो जगह पकड़ी चोरी

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम ने साइकिल मार्केट विद्युत उपकेंद्र में लाइन लॉस कम करने के लिए चलाए जा रहे अभियान व मिली शिकायतों के आधार पर दो जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक तलाक महल में तारा बानो व नूर फातिमा पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# मंगल भवन की भूमि, संचालन व रखरखाव नगर निगम के पास

## किसी भी निजी संस्था को पीपीपी मॉडल पर भूमि प्रदान नहीं की गई

**सामने आया सच**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए उद्यमियों की मदद से निर्मित सामुदायिक केंद्र किस तरह राजनीति का अखाड़ा और भविष्य में सेवा कार्य के लिए अमंगल बन सकता है, इसी की मिसाल है, शहर के बीचोंबीच बृजेंद्र स्वरूप पार्क में हाल ही में बना अत्याधुनिक 'मंगल भवन'। पहले मंगल भवन की पहल में ही ग्रहण लग गया। खूब धमाचौकड़ी मची, शासन तक शिकायतें हुईं। लेकिन सामने आया सच आंखें खोलने वाला है। आईजीआरएस में शिकायत हुई कि बृजेंद्र स्वरूप पार्क में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निर्मित 'मंगल भवन' के लिए पीपीपी मॉडल पर भूमि आवंटित की गई है।

अब इस शिकायत के जवाब में जिलाधिकारी के माध्यम से भेजी गई आख्या में नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि मंगल भवन के लिए किसी भी निजी संस्था को पीपीपी मॉडल पर भूमि प्रदान नहीं की गई है। भूमि का स्वामित्व पूरी तरह से नगर निगम के पास है।



बृजेंद्र स्वरूप पार्क में बनाया गया मंगल भवन। अमृत विचार

- कार्यकारिणी ने दी थी केआईजेसी के साथ एमओयू करने की स्वीकृति
- केआईजेसी ने अपने सीएसआर फंड से दिए थे दो करोड़ रुपये
- निर्माण संस्था व केआईजेसी के मालिक एक होने की शिकायत भी निराधार

नगर निगम के अधिशासी अभियंता प्रोजेक्ट ने जवाब में कहा है कि मंगल भवन के लिए निगम की कार्यकारिणी समिति ने छह सितंबर, 2024 की बैठक में नगर निगम और जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल (केआईजेसी) के बीच एमओयू किए जाने की स्वीकृति प्रदान की थी। निर्माण संस्था का चयन ई-निविदा के माध्यम से किया गया और निविदा सूचना का प्रकाशन प्रमुख समाचार पत्रों में किया गया था। तीन वैध निविदाएं प्राप्त हुई थीं। इसमें न्यूनतम निविदादाता मे० कानपुर शट्टर कम्पनी को कार्यादेश 22 जनवरी, 2025 को निर्गत किया गया था। यही नहीं इस तरह का आरोप भी पूरी तरह निराधार है कि केआईजेसी और निर्माण कंपनी के मालिक में कोई समानता है।

जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल (केआईजेसी) तथा मंगल भवन का निर्माण करने वाली संस्था मे. कानपुर शट्टर कम्पनी के स्वामी अलग-अलग हैं।

इसी तरह आईजीआरएस की शिकायत के विपरीत जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल (केआईजेसी) से प्राप्त होने वाले सीएसआर फण्ड की धनराशि से सामुदायिक केन्द्र मंगल भवन का निर्माण सुनिश्चित किया गया है। मंगल भवन के निर्माण की लागत यूपीपीडब्लूडी के एसओआर के अनुसार तय की गई, जबकि निर्माण के लिए एमओयू के मुताबिक दो करोड़ रुपये की राशि जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल ने अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई थी। निर्माण कार्या पूर्ण होने के बाद मंगल भवन का भलीभांति निरीक्षण नगर निगम के अभियंत्रण विभाग ने किया है। नगर निगम तथा जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल (केआईजेसी) के मध्य गठित एमओयू के अनुसार ही सामुदायिक केंद्र का मंगल भवन नामकरण केआईजेसी ने किया है। एमओयू के अनुसार मंगल भवन की भूमि का स्वामित्व व निर्माण के बाद भी संचालन, रखरखाव तथा स्वामित्व का अधिकार नगर निगम के पास ही है।

### एटीएम में कार्ड फंसा खाते से निकल गए 80 हजार रुपये

**कानपुर।** फजलगंज में एटीएम से रुपये निकालने गए युवक का कार्ड मशीन में फंस गया। तभी एटीएम के बाहर खड़े युवक ने गार्ड का नंबर डायल कर जानकारी करने को कहा। पीड़ित ने कॉल कर जानकारी दी और उसके बाद खाते से 80 हजार रुपये निकल गए। प्रतापगंज गड़रियनपुरवा निवासी प्रमोद कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि कालपी रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया की एसबीआई शाखा में उनका खाता है। 15 दिसंबर 2025 को चारखंभा के पास लगे एसबीआई एटीएम से उन्होंने रकम निकाली। तभी एटीएम कार्ड फंस गया। एटीएम के बाहर खड़े व्यक्ति ने गार्ड का नंबर डायल कर जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने वहीं लिखा नंबर मिलाया तो गार्ड ने कहा कि वह छुट्टी पर हैं। बैंक पहुंचने पर उन्होंने गार्ड व कैश अफसर से बात की तो पता चला कि वह एटीएम उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। पीड़ित के अनुसार इसके बाद 10 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। वह एटीएम पहुंचे तो कार्ड मशीन में फंसा था। जब तक कार्ड ब्लॉक कराने बैंक पहुंचे 80 हजार रुपये निकल गए। पीड़ित का आरोप है कि एटीएम में सुनियोजित तरीके से नंबर लिखकर टांगा गया था। फजलगंज थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।



अवार्ड हासिल करते आईआईटी के अधिकारी। अमृत विचार

# आईआईटी कानपुर का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। संस्थान ने यह उपलब्धि सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक साइकिल डिलीवरी के लिए संयुक्त रूप से हासिल की है। यह उपलब्धि ई-साइकिल कार्यक्रम के तहत ईमोटोरैड, कुप्पम क्षेत्र विकास प्राधिकरण, चित्तूर जिला कलेक्टरेट तथा आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से प्राप्त की गई।

यह वितरण कार्यक्रम आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा कुप्पम क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से गत सप्ताह आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कुप्पम विधानसभा क्षेत्र में कम-कार्बन स्थानीय परिवहन को बढ़ावा देना था। आईआईटी कानपुर ने कुप्पम नेट जीरो विधानसभा क्षेत्र परियोजना के अंतर्गत तकनीकी भागीदार के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आईआईटी कानपुर के दो पूर्व छात्र हरि शंकर, कुप्पम नेट ज़ीरो विधानसभा क्षेत्र परियोजना के परामर्शदाता तथा विकास मरमत (आईएएस), परियोजना निदेशक, कुप्पम क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने इस कार्यक्रम के समन्वय एवं क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणिंद्र अग्रवाल ने कहा कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में आईआईटी कानपुर का संयुक्त रूप से दर्ज होना हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। कुप्पम नेट जीरो विधानसभा परियोजना तकनीक, नीति और प्रशासन के समन्वय से समाज पर सकारात्मक प्रभाव का एक सफल उदाहरण है।

# पुराने फिजिकल शेयर ट्रांसफर कराने का मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेबी ने एक साल के लिए खोली स्पेशल विंडो, डिमैट मोड में होगा ट्रांसफर

**अमृत विचार।** पूंजी बाजार नियामक (सेबी) ने उन निवेशकों को बड़ी राहत दी है, जो विभिन्न तकनीकी या दस्तावेजी अड़चनों के कारण पहली अप्रैल 2019 से पहले अपने भौतिक शेयरों का ट्रांसफर और डिमैट नहीं करा पाए थे।

सेबी ने इसके लिए स्पेशल विंडो खोलने का फैसला किया है। वे निवेशक भी इस स्पेशल विंडो का लाभ उठा सकेंगे, जिनके ट्रांसफर अनुरोध पहले जमा किए गए थे, लेकिन दस्तावेजों की कमी या प्रक्रिया संबंधी खामियों के कारण रद्द, लौटाए गए या लंबित रह गए थे। यह विशेष विंडो 4 फरवरी 2027 तक उपलब्ध रहेगी। इस एक साल में निवेशक अपने भौतिक शेयरों का ट्रांसफर और डिमैट कराकर अपने निवेश को नियमित कर सकेंगे।

सेबी के इस कदम का उद्देश्य ऐसे निवेशकों को उनकी वैध संपत्ति तक पहुंच दिलाना है, जो वर्षों से फिजिकल शेयरों के कारण फंसे हुए थे। यह फैसला निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने और निवेशकों के हितों की सुरक्षा की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### सभी निवेशकों को नहीं मिलेगा फायदा

- वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह ने बताया कि सेबी के इस कदम से वर्षों से अटके फिजिकल शेयर मामलों का समाधान होगा। निवेशकों को अपने शेयर डिमैट फॉर्म में सुरक्षित करने का मौका मिलेगा। पूंजी बाजार में पारदर्शिता व निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। लेकिन स्पेशल विंडो का लाभ हर निवेशक नहीं उठा सकेगा। यदि ट्रांसफर डीड 1 अप्रैल 2019 से पहले की है और आवेदन पहले नहीं किया गया था, लेकिन ओरिजिनल शेयर सर्टिफिकेट मौजूद है, तो निवेशक आवेदन कर सकता है। यदि पहले आवेदन किया था, लेकिन दस्तावेजी कमी से रिजेक्ट या रिटर्न हो गया था और ओरिजिनल सर्टिफिकेट उपलब्ध है, तो भी निवेशक इस विंडो में पात्र होगा। लेकिन जिन निवेशकों के पास ओरिजिनल शेयर सर्टिफिकेट नहीं है, और न पहले आवेदन किया है, वे लाभ नहीं ले पाएंगे।

### सड़क सुरक्षा में नियमों का उल्लंघन



बीच चौराहे सड़क पर लहराते फर्राटा भरते दुपहिया वाहन पर तीन सवारी बिना हेलमेट लगाए यातायात नियमों का उल्लंघन करते ये नौजवान अपनी जिंदगी के साथ अन्य राहगीरों की जिंदगी भी खतरे में डाल रहे हैं। • मनोज तिवारी

# फर्जी बैनामा से 94 लाख की धोखाधड़ी

**कानपुर।** सचेंडी में कृषि भूमि का फर्जी बैनामा कर आरोपियों ने 93.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। सोसायटी के नाम जमीन दर्ज होने पर लोगों ने जमीन अपनी बताकर खाली करने का दबाव बनाया। दोबारा बैनामा कराने की बात कह और रकम मांगी गई। जांच में फर्जीवाड़े का पता चलने पर पीड़ित ने महिला समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पांडुनगर निवासी भृगु एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव विशाल भार्गव ने बताया कि 2015 में वह अध्यक्ष थे। उस समय धरमंगदपुर में आराजी संख्या 410 व 406 की कृषि भूमि का बैनामा कराया था। उस समय जमीन की कुल कीमत 93.80 लाख रुपये पवन कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार व सावित्री देवी ने प्राप्त किया था। आरोप है कि विक्रेताओं ने अपने हिस्से से ज्यादा जमीन का बैनामा किया था। जिसके नाम पर 10 लाख रुपये अतिरिक्त लिया। जमीन सोसाइटी के नाम दर्ज होने के बाद खतौनी में लोगों का नाम चढ़ गए। इसके बाद सभी जमीन को अपनी बताकर खाली करने का दबाव बनाने लगे। लोगों ने कहा कि जमीन दोबारा खरीदे। इसकी जांच कराई गई तो धोखाधड़ी का मामला सामने आया। पता चला कि फर्जी तरीके से ज्यादा जमीन का बैनामा किया गया और मंजूलता ने ने गलत तरीके से दान विलेख भी कराया। पीड़ित ने बताया कि जून 2024 को उन्होंने पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने बीच-बचाव कराया।

# सीएसए से बर्रा-आठ के लिए तीन मेट्रो ट्रेन शहर आ गईं

अमृत विचार **EXCLUSIVE**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पहली बार टेस्ट रन के दौरान अप-लाइन पर कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन चलने के बाद अब सीएसए से बर्रा-आठ तक सबकी निगाहें हैं। सीएसए से बर्रा-आठ तक संचालन के लिए तीन मेट्रो ट्रेन शहर आ चुकी हैं। विजय नगर चौराहा और बर्रा-8 स्टेशन के सभी डबल टी-गर्डर्स का इरेक्शन भी पूरा हो गया है। इस रूट पर मेट्रो का संचालन होने से दक्षिण क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी और समय पर पहुंचना आसान होगा।

कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-2 के अंतर्गत सीएसए से बर्रा-8 एलिवेटेड सेक्शन का निर्माण कार्य चल रहा है। लगभग 4.50 किमी लंबे सेक्शन के निर्माणाधीन विजय नगर चौराहा और बर्रा-8 स्टेशन पर डबल टी-गर्डर्स के परिनिर्माण (इरेक्शन) का काम मेट्रो ने पूरा कर लिया है। साथ ही इन दोनों स्टेशनों के स्टेशन बॉक्स की रूपरेखा भी अब आकार लेने लगी है। कॉरिडोर-2 के लिए तीन मेट्रो ट्रेनें भी शहर आ गई है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इन मेट्रो ट्रेन का संचालन कॉरिडोर-2 में किया जाएगा। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार के मुताबिक कॉरिडोर-1 के बैलेंस सेक्शन (कानपुर सेंट्रल–नौबस्ता) की तरह ही कॉरिडोर-2 के एग्रिकल्चर यूनिवर्सिटी (सीएसए) से बर्रा-आठ एलिवेटेड सेक्शन का सिविल निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मेट्रो की एलिवेटेड अवसंरचना में स्टेशन बॉक्स को आधार देने के लिए डबल टी-गर्डर्स का प्रयोग किया जा रहा है। कॉरिडोर-2 एलिवेटेड सेक्शन के लिए 141 डबल टी-गर्डर्स प्रस्तावित है, जिनमें से आधे से अधिक का इरेक्शन किया जा चुका है। निर्माणाधीन विजय नगर चौराहा स्टेशन का आधार तैयार करने के लिए 44 और बर्रा-8 स्टेशन के लिए 21 डबल टी-गर्डर्स का इरेक्शन किया गया। इससे पहले जनवरी 2026 में ही बर्रा-7 स्टेशन पर भी डबल टी- गर्डर्स के इरेक्शन का कार्य पूरा हो चुका है।



निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन। अमृत विचार

- विजय नगर चौराहा व बर्रा-8 स्टेशन के सभी डबल टी-गर्डर्स का इरेक्शन हुआ पूरा

# अटल आवासीय विद्यालय में 15 फरवरी तक कर सकते आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापरक आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम रामपुर नरूआ, तहसील बिल्हौर, कानपुर नगर में संचालित अटल आवासीय विद्यालय में नए शैक्षिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षा छह और नौ में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी है।

**सीबीएसई पाठ्यक्रम से पढ़ाई सारी सुविधाएं मिलतीं निःशुल्क** : अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई सीबीएसई पाठ्यक्रम में कराई जाती है। विद्यालय में विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकें, भोजन और छात्रावास की आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### कक्षा 6 और 9 में 226 सीटों पर प्रवेश परीक्षा

- कक्षा 6 और 9 में कुल 226 सीटों पर प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। पात्र अभ्यर्थी 15 फरवरी तक नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा आठ मार्च को आयोजित होगी।

### कौन है आवेदन का पात्र

- उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे, कोविड-19 के कारण अनाथ बच्चे, जिनका महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकरण हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### इस तरह करें आवेदन

- अभ्यर्थी संबंधित जनपद की एनआईसी वेबसाइट या अटल आवासीय विद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से आवेदन पत्र डाउनलोड कर ऑनलाइन या ऑफलाइन भर सकते हैं।

### ऑफलाइन यहां जमा करें आवेदन

- कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा और औरैया के श्रम कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तय तिथि तक जमा किए जा सकते हैं।

"अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिक परिवारों और जरूरतमंद बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण के साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।" –राम लखन पटेल, सहायक श्रमायुक्त

### मेट्रो ने लौटाया यात्री का आईफोन

**कानपुर।** यूपीएमआरसी की कानपुर मेट्रो ने गुरुवार को चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री को छूटा हुआ आईफोन सुरक्षित रूप से लौटाया। आईफोन पाकर यात्री ने खुशी जताते हुए मेट्रो स्टाफ को धन्यवाद दिया।

शाम लगभग 6 बजकर 15 मिनट पर चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर कार्यरत सुरक्षाकर्मियों को प्लेटफार्म के बेंच पर आईफोन मिला था, उन्होंने स्टेशन कंट्रोलर के पास सुरक्षित जमा किया। शाम सात बजे कल्याणपुर निवासी सबीर आईफोन खोजते हुए स्टेशन पहुंचे और कंट्रोलर से संपर्क किया। स्टेशन कंट्रोलर रघुनाथ ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यात्री की पहचान सुनिश्चित की और सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद आईफोन को उन्हें सौंपा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**मंथन**


मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के टॉक शो में विशेषज्ञों ने दी राय

# भारत को अपनी रणनीति साफ करनी चाहिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से गुरुवार को टॉक शो आयोजित हुआ। इस दौरान वैश्विक परिदृश्य के चलते भारत को अपनी रणनीतिक स्थितियों को साफ करने पर जोर दिया। कहा कि भारत एक मजबूत देश है ऐसे में उसे अपनी ताकत को विश्व के विकसित देशों के सामने जाहिर करना जरूरी है।

टॉक शो के दौरान 'वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत का भविष्य' विषय पर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से हुए सर पदमपत सिंघानिया ऑडिटोरियम में टॉक शो हुआ। इस दौरान टॉक शो में प्रमुख वक्ता के रूप में मेजर जनरल (सेनि) राजीव नारायणन, कर्नल (सेनि) अजय के. रैना व यूट्यूब चैनल वाईटी-डीईएफ टॉक्स के आदी अचिंत ने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत चेंबर के अध्यक्ष अभिषेक सिंघानिया ने की। उन्होंने आयोजन के उद्देश्य और विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। जहां अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की नीतिगत अनिश्चितताएं, चीन की आक्रामक आर्थिक एवं सामरिक रणनीति तथा रूस की निरंतर वैश्विक भूमिका अंतरराष्ट्रीय राजनीति को नई दिशा दे रही हैं। ऐसे समय में भारत के समक्ष यह आवश्यक हो गया है कि वह अपनी कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करे। वक्ताओं ने रूस, यूक्रेन, पाकिस्तान, ईरान, वेनेजुएला, बांग्लादेश जैसे देशो में अस्थितरता एवं युद्ध के वातावरण और उसमे अमेरिका की भूमिका पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने यह भी माना कि भारत ने अपनी स्वतंत्र नीति को और सुदृढ़ करते हुए अमेरिका, यूरोप, रूस और एशिया-प्रशांत देशों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने होंगे। इसके साथ ही चीन के बढ़ते प्रभाव और क्षेत्रीय चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं, तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम में चेंबर के उपाध्यक्ष मयंक खन्ना, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष बीके लाहोटी, मुकुल टंडन, कौंसिल सदस्य विजय पांडे, आरके अग्रवाल, सुशील शर्मा, आशीष चौहान, विश्व नाथ गुप्ता, चैम्बर के सदस्य गुलशन धूपर, डॉ अवध दुबे, अनिल के सक्सेना एवं चैम्बर के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रभात मिश्रा मौजूद रहे।




कार्यक्रम में विचार रखते वक्ता। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### पति पर अश्लील फोटो पोस्ट करने का आरोप

**कानपुर।** चकेरी में महिला ने अपने पति पर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी की रहने वाली महिला के अनुसार उनका विवाह आगरा निवासी युवक के साथ हुआ था। पति प्रताड़ित करता था, जिससे परेशान होकर वह मायके में आकर रहने लगीं। तलाक के लिए उन्होंने कोर्ट में अर्जी डाली, जो अभी विचारधीन है। आरोप है कि पति दूसरी शादी भी कर चुका है। इसके बाद उन्हें बदनाम करने के इरादे से उनकी किसी व्यक्ति के साथ अश्लील फोटो एडिट कर इंस्टाग्राम की अलग-अलग आईडी से पोस्ट कर रहा है। जिससे उसकी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। पीड़िता ने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**कानपुर।** बर्रा में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। परिजनों के अनुसार आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। कोई चिंता व परेशानी का जिक्र उसने नहीं किया। घाटमपुर के पतारा बरनाव निवासी अजय कुमार प्रजापति गांव में खेती-किसानी करते हैं। परिवार में पत्नी मिथिलेश, दो बेटियां और तीन बेटों में 27 वर्षीय शुभम सबसे बड़ा था। दो बेटे यश व रामजी गांव में ही रहते हैं। पिता के अनुसार शुभम दादानगर स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था और बर्रा गांव में किराए पर कमरा लेकर अकेले रहता था। उन्होंने बताया कि बेटे के शादी की बात चल रही थी। मंगलवार रात करीब 10 बजे उन्हें शुभम के ही मोबाइल से किसी ने फोन करके बताया कि मोहल्ले में ही वह चाय के होटल पर बैठा है। उसकी हालत गंभीर है, मुंह से झाग निकल रहा है। परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां मौत हो गई। बर्रा पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### 28 मीटर चौड़ी होगी सड़क

**कानपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण करीब ढाई करोड़ रुपये से रमईपुर-साढ़ चौराहे के पास सड़क के दोनों ओर नालों को तोड़कर मार्ग को फोरलेन बनाएगा। इससे हमीरपुर-नौबस्ता रोड पर जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है। बता दें कि रमईपुर-साढ़ चौराहे तक सड़क की चौड़ाई 10 मीटर से बढ़ाकर 28 मीटर तक की जाएगी। सड़क के दोनों ओर बने नालों को तोड़कर पुनर्निर्माण किया जाएगा, ताकि जल निकासी भी प्रभावित न हो और सड़क की चौड़ाई भी बढ़ सके।

### एसआईसी की बिगड़ी तबियत

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक (एसआईसी) डॉ. आरके सिंह की बुधवार देर रात अचानक तबियत खराब हो गई। उन्हें आनन-फानन में एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां अब उनकी हालत स्थिर है।

# रोज करोड़ों की 'चाल', खाईवाल गैंग का मकड़जाल

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- सोना-चांदी के साथ सेंसेक्स कार के नंबर पर भी पक्का और गच्चा का खेला
- बड़ा दांव लगने पर दिल्ली और मुंबई ट्रांसफर कर दी जाती है रकम

**अमृत विचार।** शहर में हर रोज करोड़ों रुपये का सट्टा खेला जा रहा है। वाट्सएप और इंटरनेट के जरिये सटोरियों का मायाजाल फैला है। अगर सट्टे में लगाई गई रकम स्थानीय सटोरियों की हैसियत में नहीं होती है, तो वह इसे दिल्ली और मुंबई ट्रांसफर कर देते हैं। बुधवार को काकादेव पुलिस ने सटोरियों को गिरफ्तार किया तो पता लगा कि वे शेयर बाजार सेंसेक्स के आखिरी अंकों पर सट्टा लगाते थे।

'अमृत विचार' ने सटोरियों के नेटवर्क और तरीकों की पड़ताल की तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आईं। पता चला कि एमसीएक्स और एनसीडीएक्स के बाहर भी सटोरियों की एक दुनिया है, जहां रोज करोड़ों के वारे-न्यारे होते हैं। सटोरियों के अपने कोडवर्ड और



भाषा है। सट्टा को 'चाल', सटोरियों को 'खाईवाल' और बुकी कहा जाता है। जीत को पक्का और हार को गच्चा कहते हैं। काकादेव, चकेरी, रेलबाजार, गोविन्दनगर, बाबूपुरवा, किदवई नगर, जूही, बर्रा, बेकनगंज, अनवरगंज, कल्याणपुर और कलक्टरगंज के कई इलाकों में खूब सटोरिये सक्रिय हैं।

### अब तो तांबे और जस्ते पर भी खूब लगता सट्टा

- सोने और चांदी पर भी बड़े पैमाने पर सट्टा लगता है। पूरा धंधा मार्जिन मनी पर होता है, फिजिकल डिलीवरी नहीं होती। भुगतान कैश में होता है। दोनों धातुओं की रिकार्डतोड़ कीमतों के पीछे सट्टा बाजार भी ज़िम्मेदार है। अब तो तांबे और ज़स्ते पर भी सट्टा लगाया जा रहा है। अगर तय भाव के वादे से कम भाव खुले तो इसे 'चूक' कहा जाता है और रकम डूब जाती है। कुछ दिन पहले धनकुट्टी में सोने-चांदी पर सट्टा खिलवाने वाले सटोरियों को पकड़कर करोड़ों नकदी और कई किलो चांदी बरामद की गई थी।



### थोक बाजारों में डब्बा कारोबार

- कुछ थोक बाजारों में सट्टे के के लिए खासतौर पर कम्प्यूटर लगाए गए हैं, जिसे डब्बा कारोबार कहा जाता है। इसमें लौंग, इलायची, कुछ किराना और गल्ले से जुड़ी वस्तुएं भी हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र का कहना है कि सट्टे, खासतौर पर भविष्य के सौदों में अगर सावधानी न बरती जाए तो बर्बादी होती है। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है कि सट्टे में अक्सर बर्बादी ही होती है।

### धूप, बारिश, कोहरे से लेकर तबादले तक पर लगते दांव

- मौसम, जैसे आज बारिस होगी या नहीं, धूप निकलेगी या नहीं। कोहरा पड़ेगा या नहीं। चौराहे से अब किस रंग की कार निकलेगी और उसका आखिरी नंबर क्या होगा। चुनाव के दौरान दलों की हार और जीत पर तो खूब सट्टा लगाया ही जाता है। बड़े पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के तबादलों को लेकर भी सट्टा खेला जाता है।

### फुट और जोड़ा का खेल

- सेंसेक्स के आखिरी एक अंक को 'फुट' और दो अंकों को 'जोड़ा' कहा जाता है। इन्हीं अंकों पर सट्टा लगता है। मान लो आखिरी अंक 5 पर 10 रुपये लगाए और इसी अंक पर बाज़ार बंद हुआ तो 90 रुपए मिलेंगे और यदि आखिरी के दोनों अंक सटीक आए तो 180 रुपए मिलेंगे। यदि जिस अंक पर दांव लगाया और वह नहीं आया तो रकम खाईवाल की हो गई।




जरीब चौकी क्रासिंग पर रोज लगता है जाम। अमृत विचार

### जरीबचौकी फ्लाईओवर में अब डॉट नाला बाधा

**कानपुर।** जरीबचौकी क्रासिंग पर फ्लाईओवर के निर्माण में एक नई अड़चन उत्पन्न हो गई है। ईदगाह में डॉट नाला धंसने के बाद नगर निगम ने जरीब चौकी पर सर्वे किया, जिसमे पता चला है कि जरीबचौकी के पास डॉट नाला है, जिसकी वजह से निर्माण में बाधा आ सकती है। जरीब चौकी चौराहा पर लगने वाले जाम में प्रतिदिन हजारों वाहन फंस जाते हैं। क्रासिंग पर जाम से निजात दिलाने के लिए यहां पर फ्लाईओवर के निर्माण के लिए शासन से अनुमति मिल गई है तो अब यहां पर नगर निगम का डॉट नाला आड़े आ गया है। इसकी जानकारी तब हुई, जब नगर निगम की टीम ने जरीब चौकी से लेकर दर्शनपुरवा तक सर्वे किया। सर्वे में डॉट नाला के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर नगर निगम की टीम ने सेतु निगम व जिला प्रशासन को दे दी है। इस डॉट नाले की दिशा में बदलाव किया जाएगा या इसे पाट दिया जाएगा समेत आदि बिंदुओं पर अब अधिकारियों के बीच चर्चा होगी।

# गली का लड़का ब्लैकमेल करता है, मैं जा रहा मरने...

## ब्लैकमेलिंग से परेशान दसवीं के छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर कर ली आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बुधवार रात आठ बजे कोचिंग के लिए निकला था, पहुंच गया पनकी धाम रेलवे स्टेशन
- छात्र के आईपैड के कवर पर लिखा मिला सुसाइड नोट, पड़ोसी किशोर पर लगाया आरोप

**अमृत विचार।** शास्त्रीनगर में कोचिंग के लिए निकला दसवीं का छात्र पनकी धाम स्टेशन पहुंच गया। ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। रातभर परिजन छात्र को तलाशते रहे, सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर उसका शव मिला। एकलौते बेटे की मौत पर कोहराम मच गया। घरवालों ने उसका आईपैड देखा तो कवर पर सुसाइड नोट लिखा मिला। हम बहुत दूर जा रहे हैं। इसमें लड़की की कोई गलती नहीं है। मेरी गली का लड़का मुझे ब्लैकमेल करता है। उसे इसकी कड़ी सजा मिले। सुसाइड नोट के बाद मोहल्ले में आक्रोश देखकर आरोपी छात्र के घर पर फोर्स तैनात कर दी गई।

काकादेव के शास्त्रीनगर निवासी अनिल सैनी प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी अनीता, बेटी गुनगुन व 17 वर्षीय एकलौता बेटा अनिकेत उर्फ समीर था। अनिकेत विजयनगर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में दसवीं का छात्र था और इलाके में रहने वाले टीचर से कोचिंग पढ़ता था। परिजनों के अनुसार इस समय परीक्षा की तैयारी के कारण टीचर रात नौ से सुबह सात बजे तक पढ़ाता था। बुधवार रात समय से अनिकेत कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन देर रात टीचर ने अनिकेत के कोचिंग न आने की जानकारी




घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

दी। इस पर परिजन उसकी तलाश करने लगे। पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। परिजनों ने रात में ही उसकी बहन को मिला आईपैड देखा तो कवर पर सुसाइड नोट लिखा मिला। आईपैड का इस्तेमाल अनिकेत करता था। इस पर घरवाले परेशान हो गए और घटना की जानकारी काकादेव पुलिस को दी। सुसाइड नोट में लिखा था कि मैं मरने जा रहा हूं। इस पर परिजनों ने तलाश तेज कर दी। सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो अनिकेत का शव देखा।

एकलौते बेटे की मौत पर परिजनों कोहराम मच गया। पता चला कि छात्र ने पनकी धाम स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। पुलिस रात में ही शव पोस्टमार्टम भिजवाया था। सुसाइड नोट में पड़ोसी दोस्त



अनिकेत सैनी।



छात्र ने लिखा सुसाइड नोट।

### किस बात की ब्लैकमेलिंग

- चचेरे भाई उत्कर्ष ने बताया कि जनवरी माह में अनिकेत के स्कूल में फंक्शन हुआ था। जिसमें अनिकेत ने साथ पढ़ने वाली लड़की के साथ फोटो खिंचाई थी। उस फोटो को उसने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया। फोटो पड़ोसी आरोपी साथी ने निकाल ली और उसे दिखाकर ब्लैकमेल करता कि लड़की के परिजनों को दिखाएगा। इस कारण वह डर गया था। बुधवार रात कोचिंग जाने से पहले भी अनिकेत उसी लड़के के पास गया था। उसकी छत पर करीब एक घंटे तक बात की। उससे कहा कि फोटो किसी को मत दिखाना। यह बात उसी लड़के ने कबूली है।

### सुसाइड नोट में लिखा

- छात्र अनिकेत ने सुसाइड नोट की दो पर्चियां लिखी हैं। पहली पर्ची में लिखा यह गलती पड़ोसी की है, हम जा रहे हैं, यहां से बहुत दूर, हम बोल रहे हैं कि उस लड़की की गलती नहीं है। इसके बाद दूसरी पर्ची में लिखा मैं समीर सैनी हूं, मुझे मेरी गली का लड़का ब्लैकमेल करता है। मैं जा रहा हूं मरने, उसको कड़ी से कड़ी सजा मिले। इसके बाद लड़की का जिक्र किया कि उसकी कोई गलती नहीं है, उसके घर तक कोई नहीं जाएगए।

का नाम सामने आने पर परिजन आक्रोशित हो गए। इसे देखते उसके घर पर फोर्स तैनात की गई। काकादेव थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# फुटपाथ, ट्रैफिक सिग्नल, नाले व स्लोप की मरम्मत कराएगा मेट्रो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने मेट्रो, जल निगम जलकल व अभियंत्रण खंड के अधिकारियों संग की बैठक

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज चौराहे पर मेट्रो निर्माण की वजह से फुटपाथ, कर्नलगंज थाने के सामने फुटपाथ व ट्रैफिक सिग्नल क्षतिग्रस्त हो गया था। कार्य पूरा होने के बाद मेट्रो मरम्मत कराएगा और ट्रैफिक सिग्नल लगाएगा। जरीब चौकी पर मेट्रो कार्य के दौरान हटायी गयी यूटिलिटी को दोबारा स्थापित करेगा। बारादेवी की ओर नाले का स्लोप सही कराएगा। नगर आयुक्त ने निर्देश जारी किए हैं।

नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने गुरुवार को मेट्रो, जल निगम, जलकल व अभियंत्रण खंड के अधिकारियों के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि गणेश शंकर विद्यार्थी की मूर्ति को दोबारा स्थापित किया जाए। जनता ट्रेडर्स के सामने मेट्रो



द्वारा डाली गयी केबल रोड पर निकली है, जिसे सही किया जाए। श्याम पैलेस के पास मेनहोल टूटा व केडीए मार्केट से बाईपास तक मार्ग क्षतिग्रस्त है। ब्लिस चैराहे पर नाला क्षतिग्रस्त होने से जलभराव है। सीटीआई से बर्रा-8 तक रोड खोदी गयी, देवकी चैराहा से रावतपुर क्रासिंग से पहले की तरफ नाला मेट्रो द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुनः नाला निर्माण में दो स्थानों पर 90 डिग्री का मोड है, जिससे जलनिकासी समुचित नहीं हो पाती है।

नाले में सिल्ट है, जिसकी सफाई व डिसिल्टिंग एक सप्ताह में कराने के निर्देश दिए। बारादेवी में डाली गयी सीवर लाइन का संयुक्त निरीक्षण व वीडियोग्राफी की जाए। डबल पुलिया में मेट्रो ने 450 एमएम डाया की सीवर लाइन को क्षतिग्रस्त किया है। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल माह तक सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य करा दिया जाएगा। वर्तमान में जलभराव न होने के दृष्टिगत नियमित रूप से पम्प के माध्यम से जलनिकासी करायी जा रही है। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि गल्ला मण्डी के निकट निर्मित मेट्रो स्टेशन में पानी की रिसाव हो रहा है।

### युवती से बात करने पर मां-बेटे को पीटा

**कानपुर।** कैंट में एक महिला ने इलाके के लोगों पर आरोप लगाया है कि आरोपियों ने घर आकर गाली-गलौज की और उन्हें बेटे समेत मारापीटा। तोपखाना लालकुर्ती आर्यानगर बाजार निवासी रेखा के अनुसार उनके 18 वर्षीय बेटा आदित्य की एक युवती से दोस्ती है। जिसके चलते दोनों फोन से बातचीत करते हैं, लेकिन इलाके के आरोपियों अंशू, अमन, रिषभ और तारू को उनकी बातचीत पसंद नहीं। आरोप है कि इसी खुन्नस में आरोपी उनके घर के बाहर आए और गाली-गलौज कर मारपीट की।

# दो पक्षों में कुल्हाड़ी व डंडे चले, चार घायल

**कानपुर।** सचेंडी के भैरमपुर में कूड़ा डालने के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी को अस्पताल भेजा और जांच की। भैरमपुर निवासी विवेक कुमार ने बताया कि घर के सामने खाली जमीन पर कूड़ा डालने के लिए उनकी मां सदादेवी ने गांव के आंशू शुक्ला को मना किया था। जिसके बाद वह अपने भाई अनिल, पिता हरिश्चंद्र व साथी कल्लू के साथ घर में घुस गया और लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उनका भाई देवेश व मां घायल हो गई। पीड़ित के अनुसार आरोपी चेन भी लूट ले गए। वहीं आंशू के अनुसार वह गोबर डालने जा रहा था, तभी विवेक प्रजापति, देवेश ने उसे घर में खींच लिया और पीटा। बचाने पहुंची उनकी बेटी के सिर पर लोहे की राड से हमला किया। सचेंडी थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है।

# शास्त्रीनगर में 18 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव के शास्त्रीनगर कालोनी में मंगलवार शाम सेवानिवृत्त फील्डगन फैक्टरी कर्मी के घर ताला तोड़कर घुसे चोरों ने 18 लाख का माल पार कर दिया। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की। सीसीटीवी खंगालकर चोरों का पता लगाने में जुटी है। शास्त्रीनगर कालोनी निवासी बाबूराम पाल ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी द्रोपदी, बेटे कौशिक पाल, बहू आरती व बच्चों संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि तीन फरवरी को पांडुनगर निवासी भाई दिनेश पाल की बेटी की शादी थी। इसलिए परिजनों संग शादी में शामिल होने गए थे। घर में ताला लगा था। उनके पड़ोसी गुरुबख्श काम से दिल्ली गए थे। चोर देर शाम पड़ोसी की छत से घुसे और धक्का देकर दरवाजा खोल दिया। बाबूराम के अनुसार चोरों ने घर में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे ढाई लाख रुपये, पत्नी, बहू व शादीशुदा बेटी की जेवर सोने की चेन, हार, कंगन, अंगूठियां, पायल, बिछियां, कमरपेटी समेत करीब 16 लाख रुपये के गहने ले गए। रात 11.30 बजे जब वह लौटे तो मेनगेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे थे। गृहस्थी का सामान फैला था। चोर भागते समय पड़ोसी के घर में एक पाना छोड़ गए हैं। काकादेव थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि कौशिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मारपीट का वीडियो बनाने पर युवक पर हमला

**कानपुर।** किदवईनगर में मारपीट का वीडियो बनाने पर आरोपियों ने युवक को पीट दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बर्रा के ताजनगर निवासी ऋषभ सिंह के अनुसार मंगलवार रात वह बारादेवी दक्षिण द्वार के पास थे, तभी कई युवकों ने डंडों से उनपर हमला किया। उन्होंने बताया कि वहां कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। तभी वह घटना का वीडियो बनाने लगे। इसी बीच उनसे इक्का उर्फ अंकित, अनिल यादव, छोटू यादव और करीब 10 अज्ञात युवकों ने मारपीट कर दी। जिसमें ऋषभ के सिर पर चोट आई है। मोबाइल टूट गया और चेन गायब हो गई।

# नेग के विवाद में नकदी-जेवर लूट का मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किन्नर के दो पक्षों का मामला, कोर्ट के आदेश पर नौ नामजद व 12 अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** चकेरी के सनिगवां में नेग के विवाद में किन्नर के एक गुट ने दूसरे पर मारपीट, लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के नौ नामजद व 21 के खिलाफ मुकदमा हुआ। पहले भी नेग के विवाद में दोनों पक्षों में विवाद हो चुका है।

सनिगवां फेज वन निवासी किन्नर रोली के अनुसार वह अपने साथियों के साथ 22 नवंबर



2025 की देर रात एक गेस्ट हाउस से निकली थीं। तभी दूसरे पक्ष के नौबस्ता की काजल किरन, नीलम यादव, काजल शुक्ला, चहक, डाली पंडित, सौम्या, नैना, रजनी और उनका ढोलकिया समेत करीब एक दर्जन अज्ञात लोग अलग-अलग कारों से आए। नीलम यादव व काजल शुक्ला ने नेग लेने को लेकर विवाद करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। इसके बाद सभी ने मिलकर मारपीट की। रोली के अनुसार वह किसी तरह बचकर थाने पहुंचीं और शिकायत की। इस पर उन्हें दूसरे दिन सुबह आने को पुलिसकर्मियों ने कहा। जब वह थाने से घर लौटने लगीं तो आरोपियों ने रामादेवी पुल के पास उन्हें घेरकर दोबारा पीटा। आरोप है कि उनकी कार की डिग्गी तोड़कर बैग से 25 हजार रुपये और करीब 35 ग्राम सोने की जेवर लूट लिए। आरोप है कि पुलिस के सुनवाई न करने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**बैठक** | नगर निगम में नगर आयुक्त ने प्रथम व द्वितीय चरण की परियोजनाओ की समीक्षा की

# पूरे नहीं हुए सीवर व पेयजल लाइन के कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने सीएम-ग्रिडस् प्रथम व द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक की। जल निगम के द्वारा प्रथम चरण की परियोजनाओ की सीवर लाइन व जल आपूर्ति लाइन के कार्यो के पूरा न होने और कार्यों की प्रगति बाधित होने के कारण असंतोष व्यक्त किया। तय तिथि पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने जोन-01 अंतर्गत घंटाघर से परेड होते हुये ग्रीन पार्क तक परियोजना की कार्यदायी फर्म




नगर निगम मुख्यालय में बैठक करते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय। अमृत विचार

मे.कोनार्क एसोसियेटस् को धीमी प्रगति के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बाबा कुटी चौराहे से सोटे बाबा मंदिर होते हुये अलंकार गेस्ट हाउस तक की कार्यदायी फर्म को कार्यस्थल पर सुरक्षा मानको में लापरवाही बरतने और धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कार्यदायी फर्म मे. एसएस इन्फ्राजोन को नोटिस जारी किया। द्वितीय चरण के तहत स्वरूप नगर थाना से मटका तिराहा तक चल रहे कार्य की धीमी प्रगति पर कार्य शीघ्र पूर्ण करने व केस्को को फुटपाथ पर स्थापित ट्रांसफार्मरों को को शीघ्र हटाये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परियोजना सीमा अंतर्गत कार्य पूरा किये जाने के लिए एक सप्ताह के अंदर सभी कार्यदायी फर्मो के परियोजना के सापेक्ष कार्ययोजना और बार चार्ट प्रस्तुत करने के साथ समय अंतर्गत कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। यूपी जल निगम के अधीक्षण अभियंता ने मार्च, 2026 माह में सभी जलापुर्ति व सीवर लाइन के कार्य पूरा किये जाने के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जलकल विभाग, केस्को, नगर निगम, यूपी जल निगम, सीएम-ग्रिडस् परियोजनाओं की कार्यदायी फर्मो के प्रतिनिधि आदि रहे।

### पड़ोसी ने की थी चोरी, गिरफ्तार

**कानपुर।** गुजैनी एच-ब्लॉक में बुधवार को चोरी हुई, जिसका पुलिस ने कुछ घंटे में खुलासा कर दिया। पड़ोसी ही चोर निकला। पुलिस ने आरोपी के पास से जेवर-नकदी बरामद कर उसे जेल भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता गीता देवी और उनकी बड़ी बेटी काम पर गई थीं, जबकि छोटी बेटी खुशी स्कूल में थी। दोपहर में घर बंद देखकर पड़ोसी विजय सिंह ने अलमारी का ताला तोड़कर चोरी की। आरोपी विजय तीन मंगलसूत्र, सोने की चेन, टॉप्स, चांदी की पायल, मोबाइल और 30 हजार रुपये पार कर ले गया। शाम को जब परिजन लौटे तो चोरी का पता चला। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से विजय को दबोच लिया।

# 50 टन चावल आर्डर के नाम पर साइबर शातिरों ने 8.75 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला व्यापारी ने चावल खरीदने के लिए इंडिया मार्ट साइट पर देखा था विज्ञापन
- एडवांस पेमेंट की बात कह शातिर ने तीन दिन में छह बार में खाते में डलवाई रकम

**अमृत विचार।** कोहना में महिला व्यापारी से 50 टन चावल के आर्डर के नाम पर साइबर शातिरों ने 8.75 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता के अनुसार इंडिया मार्ट साइट पर चावल का विज्ञापन देखते ही अनजान नंबर से कॉल आई। फिर व्हाट्सएप पर चावल का सैंपल भेजा। एडवांस भुगतान की बात कहकर कई बार में रकम ली।

तिलकनगर स्थित सागर विला अपार्टमेंट निवासी अल्पना मिश्रा के अनुसार उनकी शक्ति इंटरप्राइजेज नाम से फर्म है। उन्होंने बताया कि चावल खरीदने के लिए इंडिया मार्ट साइट पर एक विज्ञापन देखा था। उसके बाद उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि उनका भी चावल का कारोबार है और उनके पास बेहतर क्वालिटी के चावल हैं। उसने खुद को लखनऊ दुबग्गा निवासी संजय मिश्रा बताया। उसकी बातों से वह झांसे में आ गईं और 50 टन चावल का ऑर्डर दे दिया। इसके बाद उसने मां वैष्णों इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर मनोज का खाता संख्या दिया। विश्वास में आकर उन्होंने तीन दिन में छह बार में उन्होंने कुल 8.65 लाख रुपये संजय के बताए खाते में ट्रांसफर किया। रकम भेजने के बाद उन्होंने उससे संपर्क किया तो जल्द माल भेजने की बात कही। इसके बाद उसने कॉल किया कि चावल लोड हो गया है और तेल के खर्चे का 10 हजार रुपये चालक को देने होंगे। उसने क्यूआर स्कैनर भेजा, जिस पर उन्होंने रुपये यूपीआई पेमेंट किया। पीड़िता के अनुसार उसके बाद भी उन्हें माल नहीं मिला। जब कई दिन बाद उन्होंने कॉल किया तो संजय का नंबर बंद मिला।

## सिटी ब्रीफ

### ज्ञापन में जताया विरोध

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा निदेशक माध्यमिक को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में माध्यमिक शिक्षा अनुभाग -8 द्वारा जारी कैशलेस चिकित्सा सुविधा संबंधी शासनादेश में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शामिल न किए जाने पर रोष व्यक्त किया है। मांग की है कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मियों को इस योजना में शामिल कर इसका शासनादेश जारी किया गया। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 4 फरवरी 2026 को शिक्षा निदेशक माध्यमिक को शासनादेश जारी कर इसके क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश महामंत्री ने पत्र में कहा है कि सबका साथ सबका विकास के अंतर्गत हो रहे भेदभाव को समाप्त कर शैक्षिक उन्नयन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी इस व्यवस्था में शामिल किया जाए।

### युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के इंस्टीट्यूट ऑफ़ फाइन आर्ट्स की ओर से कलावृद्धि चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिल्पा कायस्थ (डीन, इनोवेशन फाउंडेशन) मोजूद रहीं। प्रदर्शनी में निदेशक डॉ. मिठाई लाल ने विद्यार्थियों की कलात्मक उपलब्धियों की सराहना की। प्रदर्शनी में बीएफ़ए तृतीय वर्ष (पेंटिंग) के 12 विद्यार्थियों की लगभग 20 चयनित कृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी में तरुण, समृद्धि, रिज़ा, इरम, प्रियंका, राहुल, समता, हसनैन, आस्तिक, अश्वनी, सामिया, काजल, श्रेयांशी, हिमांशी आदि विद्यार्थियों की कृतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

### बूथों पर देखा एसआईआर का कार्य

**कानपुर।** भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कानपुर दक्षिण जिले के अंतर्गत आने वाली किदवई नगर, छावनी और महाराजपुर विधानसभाओं के विभिन्न पोलिंग स्टेशनों पर पहुंच कर कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को युद्ध स्तर पर चलाकर हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की अपील की। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि जिले की आईटी टीम सभी हेल्प डेस्क पर पहुंच कर ऑनलाइन फार्म 6 भरने के लिए लगातार प्रशिक्षित कर रही है। विधायक महेश त्रिवेदी और क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी आदि लगातार जुटे हैं।

# सीएम ग्रिड का काम सुस्त, कार्रवाई होगी

## डीएम ने चरणबद्ध निर्माण, मैनपावर बढ़ाने व मल्टीपल टीम लगाने के निर्देश दिए, ठेकेदारों पर एक्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



निरीक्षण करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम-ग्रिड) के अंतर्गत स्वरूप नगर तितली चौराहा स्थित परियोजना का जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाए जाने पर नाराजगी जातई।

निरीक्षण के दौरान प्रथम फेस का कार्य जो जून 2025 में प्रारंभ हुआ, जिसे 25 नवम्बर 2026 तक पूर्ण किया जाना है, किंतु मौके पर कार्य संतोषजनक गति से नहीं चलता पाया गया। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना की नियमित समीक्षा करते हुए समुचित कार्य-योजना (प्लानिंग) के अनुसार सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि संबंधित कंस्ट्रक्शन एजेंसी द्वारा पर्याप्त मैनपावर नहीं लगाया जा रहा है , जिसके कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के अनुरूप किया जाए। डीपीआर में निर्धारित टाइमलाइन की तुलना में अब तक किया गया कार्य कम पाए जाने पर उन्होंने नगर निगम के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि डीपीआर के अनुसार अब तक कराए गए कार्य तथा शेष कार्यों की फेज-वाइज प्रगति का विस्तृत चार्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कहा कि सीएम-ग्रिड की सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यस्थल पर तत्काल मैनपावर बढ़ाई जाए तथा समयबद्ध प्रगति के लिए एचडीपी, एफसी एवं फिनिशिंग कार्यों हेतु अलग-अलग मल्टीपल टीमों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परियोजना के अंतर्गत जिस क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, उसे साथ-साथ व्यवस्थित एवं कवर करते हुए आगे बढ़ा जाए, ताकि पूरे शहर में एक साथ खुदाई न हो और आमजन को यातायात संबंधी असुविधा से बचाया जा सके। कार्यों को चरणबद्ध तरीके से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया।

अंत में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परियोजना की दैनिक स्तर पर निगरानी एवं सुपरविजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्माण की गुणवत्ता बनी रहे और परियोजना समय से पूर्ण होकर आमजन को बेहतर सड़क एवं यातायात सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# भाजपा में भविष्य बना रहे हरमोहन सिंह के पौत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रधानमंत्री से मिलते मोहित यादव।

**अमृत विचार।** अपने पूरे कुनबे के साथ आजीवन समाजवादी पार्टी में रहे कद्दावर नेता स्व.चौधरी हरमोहन सिंह यादव के पौत्र एवं पूर्व मंत्री सुखराम सिंह के पुत्र मोहित यादव भाजपा में आने के बाद तेजी से अपनी पैठ बना रहे हैं। उनकी कोशिशों को चुनाव में दावेदारी से जोड़कर देखा जा रहा है।

चौधरी हरमोहन सिंह यादव को अपने राजनीतिक रसूख के चलते मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में मिनी मुख्यमंत्री कहा जाता था। उनके बेटे सुखराम और जगराम का भी सपा में खूब सियासी दबदबा रहा। लेकिन 2022 में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और सुखराम सिंह में मतभेद हो गए गए। सुखराम सिंह एमएलसी, मंत्री, विधान परिषद के सभापति और राज्यसभा सदस्य रहे हैं। वर्तमान में यादव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। अब उनके पुत्र मोहित भाजपा से जुड़कर पार्टी गतिविधियों में सक्रिय हैं। हाल में उनके आवास पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई बड़े भाजपा नेता पहुंचे थे। इस दौरान सुखराम सिंह के पुत्र मोहित आगे-आगे रहे थे। इसी के बाद चौधरी हरमोहन सिंह घराने के उत्तराधिकारी के रूप में उनका नाम लिया जा रहा है। चर्चा यह भी है कि वह विधानसभा चुनाव में दावेदारी करेंगे। इस संबंध में मोहित यादव का कहना है कि जैसा पार्टी कहेगी और जो दायित्व देगी, वैसा ही करूंगा।

# सहालग पर हो रही हल्के आभूषणों की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाजार में हल्के आभूषण की खरीदारी हुई शुरू

**अमृत विचार।** सोने के चांदी की रिकॉर्ड कीमत में फिलहाल कमी है। इस कमी का फायदा उठाने के लिए खरीदारों ने भी बाजार का रुख करना शुरू कर दिया है। खरीदार अपने बजट में हल्के आभूषणों की मांग कर रहे हैं।

सोने व चांदी के बाजार में अब कीमतों में पूर्व के मुकाबले कमी दर्ज हो रही है। गुरुवार की बात की जाए तो सोना 1,60,450 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। इसी तरह एक किलो चांदी 2,62,300 रुपये प्रति रही। सहालग के लिए खरीदारी करने वाले खरीदार बाजार पहुंचने लगे हैं। अब सोने में वजन के अनुसार नहीं बल्कि कीमत के अनुसार वजन निर्धारित किया जा रहा है। बाजार हल्के आभूषणों में भारी दिखने जैसी डिजाइन ऑफर करने लगा है। चांदी के आभूषण मसलन बिछिया, पायल, कमर पेटी जैसे आभूषण पहले के मुकाबले हल्के वजन में खरीदारों की ओर से मांगी जा रही है। रिटेल खरीदारी 20 से 30 फीसदी तक बढ़ गई है। महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि ज्यादातर खरीदार हल्के आभूषण की मांग कर रहे हैं।

### खरीदारों में मतभेद

- बाजार आने वाले खरीदारों में दो मत बताए जा रहे हैं। ऐसे खरीदार जल्द खरीदारी करना चाह रहे हैं जिन्हें लगता है कि अब सोने व चांदी के रेट इससे कम नहीं होंगे। इसलिए वे अपने सीमित बजट पर ही खरीदारी कर रहे हैं। बाजार आने वाले दूसरे तरह के खरीदार भी हैं जो कुछ आभूषण खरीद कर अभी रेट और अधिक कम होने का इंतजार कर रहे हैं।

### जिलों में भी काम बढ़ा

- शहर के सराफा बाजार में सोने व चांदी का थोक कारोबार भी होता है। बाजार में इटावा, कन्नौज, कानपुर देहात सहित अन्य जिलों में भी धातुएं बिक्री के लिए जाती हैं। रिटेल कारोबार में कुछ बढ़ोतरी होने पर अब अन्य जिलों से भी थोक खरीदार बाजार पहुंचने लगे हैं।




प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

# 12 को हड़ताल का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपी बैंक इम्प्लाइस यूनियन का आंदोलन

**अमृत विचार।** यूपी बैंक एम्प्लॉईस यूनियन के बैनर तले बैंक ऑफ इंडिया ज़ोनल ऑफिस पर प्रदर्शन हुआ। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने 12 फरवरी को हड़ताल का आह्वान किया। यूपी बैंक एम्प्लॉईस यूनियन के मंत्री कॉम रजनीश गुप्ता ने बताया कि देश के प्रमुख दस केन्द्रीय श्रम संगठनों एवं स्वतंत्र संगठनों एवं एसोसिएशनों द्वारा चार श्रम संहिताओं के खिलाफ 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है। बताया कि ठेका प्रथा से पीढ़ित है, निजीकरण का विरोध, पुरानी पेंशन की मांग कर्मचारियों के उत्पीड़न सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर इस हड़ताल में जाने का निर्णय लिया है।

यूपी बीईयू के अध्यक्ष कॉम मनोज तिवारी ने बताया कि केन्द्रीय श्रमसंगठनों के आवाहन पर आल इंडिया बैंक एम्प्लॉईस एसोसिएशन द्वारा हड़ताल में श्रम कानूनों में बदलाव, एफडीआई का विरोध, आईडीबीआई को बेचने का प्रस्ताव, पुरानी पेंशन की मांग की जाएगी। इस दौरान एसके मिश्रा, उपाध्यक्ष एसके शुक्ला, अंशुमान तिवारी, नितिन शर्मा, रोशुल सचान मौजूद रहे।

# ऑटो में महिला को बेसुध कर नकदी-जेवर किए पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सवारी बनकर बैठी दो महिलाओं ने नशीला पदार्थ सुंघाया

**अमृत विचार।** कानपुर दक्षिण में चलती ऑटो में नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट करने वाला गिरोह सक्रिए हैं। बर्रा में गुरुवार दोपहर नवविवाहिता को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने के बाद दो महिलाएं तीन लाख के जेवर लेकर चंपत हो गईं। दोनों ऑटों में सवारी बनकर बैठी थी। पीड़िता के पति ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। बीते दिनों इसी तरह सीटीआई में एक महिला भी शिकार हुई थी।

कानपुर देहात के झींझक बड़ा गांव निवासी सालवी देवी से 29 जनवरी को नवाबगंज के गौरव की शादी हुई थी। गौरव के अनुसार गुरुवार को जरौली निवासी उनकी बहन सरिता की तीन वर्षीय बेटी मरैया का जन्मदिन था, इसलिए उनके घर जाने के लिए वह बर्रा बाइपास से ऑटो में बैठे। उनके साथ बड़ी बहन के बेटे आयुष, पीयूष व उनकी पत्नी थी। वहां से दो महिलाएं भी सवारी बनकर बैठी। रास्ते में महिला के कहने पर उन्होंने पीयूष को अपनी गोद में बैठा लिया। थोड़ी देर बाद उनकी पत्नी को नींद आने लगी। उसे जगाया तो उसने चक्कर व सिर भारी होने की बात बताई। इस पर पत्नी को नशीला पदार्थ सुंघाने का शक हुआ। गौरव ने बताया कि महिलाओं को ठाकुर चौराहा उतरना था, लेकिन वह बहानेबाजी करके संतोष बाबा मंदिर तरफ संग आई। उसके बाद वहां भी नहीं उतरी। सालवी के अनुसार ननद के घर पर पैसे के लिए पर्स देखा तो होश उड़ गए। बड़े पर्स में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। साथ ही अंदर रखा एक छोटा पर्स भी गायब था। जिसमें पांच रुपये थे। आनन-फानन में ऑटो चालक को ढूंढा, जो बर्रा बायपास स्थित स्टैंड पर मिला। उसने बताया कि बैठी हुई महिलाओं को कर्रही रोड स्थित निहारिका हॉस्पिटल के पास उतारा था। वहां से पहुंचकर पुलिस को 112 पर सूचना दी। पुलिस ने खांडेपुर निवासी ऑटो चालक लल्लू सिंह से पूछताछ की। दोनों महिला में एक मुंह पर दुपट्टा बांधे थी। ऑटो से उतरने के बाद महिलाओं ने पास की दुकान से फर्नीचर के रेट लिए और चली गईं। पीड़ित के अनुसार सीसीटीवी कैमरे में महिलाओं की फुटेज मिलने की उम्मीद है।

# लिफ्ट के बहाने थार में बैठाकर युवक को पीटकर लूटा

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे के पास कानपुर लिफ्ट देने की बात कहकर थार सवार चार बदमाशों ने कानपुरनगर के फिदा हुसैन को अगवा कर दिया। चलती गाड़ी में मारपीट कर करीब 5400 रुपये, घड़ी व मोबाइल छीना। उसके बाद किसी जनसेवा केंद्र ले जाकर 1 लाख रुपये निकाल लिए। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कानपुर नगर के रावतपुर स्थित सैयद नगर निवासी फिदा हुसैन ने बताया कि कुछ दिन पहले वे सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी में रहने वाले रिश्तेदार के घर आए थे। 3 फरवरी को वापस घर जाने के लिए सुबह करीब 9 बजे स्कूटर इंडिया चौराहे पर पहुंचे। वे कानपुरनगर जाने के लिए सवारी वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच एक काली थार उनके पास रुकी। थार में चालक व तीन अन्य लोग सवार थे। चालक ने पूछा कहां जाना है? उन्होंने कानपुर बोला तो चालक ने लिफ्ट देने की बात कहकर बैठा लिया। पीड़ित ने बताया कि कुछ दूर चलने के बाद चालक ने थार सुनसान रास्ते की ओर मोड़ दी।

# देवकी से छपेड़ा पुलिया तक चलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- देवकी से छपेड़ा पुलिया तक सड़क खोदकर छोड़ दी
- गड्ढे, मिट्टी और दलदल में फंस रहे वाहन

**अमृत विचार।** कल्यानपुर विधानसभा के अंतर्गत देवकी चौराहा से छपेड़ा पुलिया तक सड़क की हालत खोदाई के बाद काफी खराब है। सड़क पर कई जगहों पर छोटे से लेकर बड़े गड्ढे हो गए है और कुछ जगहों पर सड़क ही गायब हो गई है। लेकिन इस सड़क की मरम्मत के लिए न तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहीं हैं और न ही संबंधित विभाग मार्ग की मरम्मत कराने में दिलचस्पी दिखा रहा है। नतीजन प्रतिदिन हजारों वाहन सवार लोगों को इस खस्ताहाल सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई बार तो वाहन सवार कुछ लोग इन गड्ढों व फैली बजरी की चपेट में आकर गिरने से चुटहिल तक हो जाते है, जिनमे बच्चे भी शामिल होते है।

इस सड़क का ऐसा हाल तब है, जब यहां पर जनप्रतिनिधि के अलावा जिम्मेदार अधिकारी भी गुजरते है, लेकिन मरम्मत कराने की सुध नहीं ले रहे हैं।



देवकी से छपेड़ा पुलिया मार्ग की दुर्दशा। अमृत विचार

# ट्रांसपोर्टर व खनिज माफिया गठजोड़ पर कार्रवाई की मांग

**कानपुर।** परिवहन और खनिज विभाग के साथ कुछ ट्रांसपोर्टर व खनिज माफिया का गठजोड़ खुलेआम पर्यावरण, सरकारी राजस्व और सड़कों तथा राजमार्गों को नुकसान पहुंचाने के साथ हादसों की संख्या बढ़ने का कारण बना हुआ है। व्यापारी नेता निर्मल त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में यह शिकायत करते हुए खनिज का अवैध दोहन, ओवरलोडिंग तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के विरुद्ध बड़ा अभियान चलाने की मांग की है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा स्थापित

**कानपुर।** पीपलेश्वर महादेव मंदिर एलआईसी पार्क शारदा नगर में वैदिक रीति से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रायश्चित संकल्प से हुई। उसके बाद गणेश पूजन, नव गृह पूजन, कलश यात्रा, मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन किया गया। इसके बाद गणेश, गौरी, कार्तिकेय, नंदीश्वर, भगवान शिव, माता कुष्मांडा, राधा-कृष्ण, राम दरबार एवं हनुमान की मूर्तियों का कर्म कुटी संस्कार, जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, महास्नान, श्रृंगार नगर भ्रमण के बाद शयनाधिवास संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानस अवस्थी, आरके मिश्रा, तुषार अवस्थी, बृजेन्द्र दुबे,जेबी सिंह,अनिल कुमार दुबे,अनूप द्विवेदी, ब्रम्ह कुमार त्रिपाठी,विपिन तिवारी,भगवती शुक्ल,आशीष तिवारी, कृष्ण मुरारी, जितेंद्र बाजपेई, प्रमोद पांडेय थे।



मंदिर में हुआ आयोजन। अमृत विचार

# मांगा कैडर रिव्यू और रीस्ट्रक्चरिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयकर कर्मचारी महासंघ एवं राजपत्रित अधिकारी संघ ने केंद्रीय संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर सर्किल के कार्यालयों में बीस सूत्रीय मांगों के समर्थन में गुरुवार को मध्यावकाश में जोरदार प्रदर्शन किया। शहर में मुख्यालय स्थित आयकर भवन में सभा को संबोधित करते हुए आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के महासचिव राघवेन्द्र सिंह तथा कर्मचारी महासंघ के महासचिव सुनील कुमार ने कहा कि कैडर रिव्यू एवं रीस्ट्रक्चरिंग को शीघ्र लागू किया जाए। नॉन-आईआरएस कैरियर प्रोग्रेशन कमेटी की रिपोर्ट में जेसीए के सुझाव तथा 8वें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस में संघ के सुझाव शामिल किए जाएं। सभा में 1 जनवरी 2026 से 50 फीसदी महंगाई भत्ते को मूल वेतन में समाहित करने, ओपीएस बहाली, 18 माह का बकाया डीए भुगतान, कैजुअल लेबर के नियमितीकरण जैसी मांगें भी उठाई गईं।

अध्यक्षता एसके वर्मा, अध्यक्ष आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ व संचालन अमिय आनंद पाण्डेय ने किया। शरद प्रकाश अग्रवाल, शांति भूषण मिश्रा, शिवेन्दु श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, नवनीत शुक्ला, अनुराग बाजपेई, पंकज यादव, मुकेश कुमार, अनिल चौधरी, केके शुक्ल, शैलेन्द्र भारतीय, उमेश वर्मा, वैभव सचान, अशोक द्विवेदी, संजय कुमार, हिमांशु सिंह, अनूप तिवारी, तन्मय त्रिपाठी, राम प्रताप, श्रेय वर्धन पाण्डेय, शशांक ज्योति, दीपांकर चौरसिया, शक्ति कृष्ण शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, क्षितिज शुक्ला, अभिषेक केसरवानी मौजूद रहे।



मांगें रखते आयकर कर्मचारी। अमृत विचार

## मेडिकल जोन

### जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में हुई जागरूकता गोष्ठी

# लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर टीका जरूर लगवाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिस्टर्स की स्क्रीनिंग की गई बेटियों का भी पंजीकरण

**अमृत विचार।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव और जागरूकता के उद्देश्य से गुरुवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में गोष्ठी का आयोजन किया गया। विभाग में मौजूद सिस्टर्स, महिला मरीजों, युवतियों व तीमारदारों को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया। अधिकांश सिस्टर्स ने न सिर्फ सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग कराई, बल्कि अपनी बेटियों का एचपीवी वैक्सीन के लिए पंजीकरण भी कराया।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू गुप्ता ने बताया कि 9 वर्ष से 14 वर्ष की लड़कियों को यह टीका छह महीने के अंतराल पर दो डोज में लगाया जाता है। जबकि 15 वर्ष से 26 वर्ष की अविवाहित युवतियों को तीन डोज दिए जाते हैं। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में लगभग 90 प्रतिशत तक प्रभावी है। प्रोफेसर डॉ.नीना गुप्ता ने बताया कि 25 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला को नियमित रूप से हर तीन से पांच वर्ष में पेप स्मीयर और एचपीवी टेस्ट जरूर कराना चाहिए। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा अत्यंत कम शुल्क पर उपलब्ध है।

कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने सभी स्टाफ को सर्वाइकल स्क्रीनिंग और अपने बच्चों के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया । कहा कि यदि अनियमित ब्लीडिंग, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, यौन संबंध के बाद ब्लीडिंग या असामान्य डिस्चार्ज होने की स्थिति में वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ से जरूर परामर्श लेना चाहिए। इस दौरान पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.लुबना खान, डॉ.चयनिका काला, सीएमएस डॉ.अनीता गौतम, डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ.उरूज जहां, डॉ.रश्मि यादव, डॉ. दिव्या गुप्ता, डॉ.प्रतिमा वर्मा, डॉ. गरिमा गुप्ता, डॉ.रश्मि गुप्ता, डॉ. करिश्मा, डॉ. प्रज्ञा, डॉ. फातिमा, डॉ. नूर, मैट्रन मीरा देवी, सिस्टर प्रीता रोस्टन समेत आदि रहे।



दीप प्रज्जवलन कर गोष्ठी की शुरुआत करतीं डॉक्टर्स व स्टाफ। अमृत विचार

**सिटी ब्रीफ**

### महिला से लूट के आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी कैमरे एक बार फिर पुलिस के लिए मददगार साबित हुए। मूलगंज पुलिस ने महिला से पर्स लूट के मामले में 100 से सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद दो आरोपियों को दबोचा है। आरोपियों में एक किशोर भी है। नशे की लत पूरी करने के लिए घटना को अंजाम देते थे7 मूलगंज के कार्यवाहक थाना प्रभारी विजय नारायण दुबे ने बताया कि थानाक्षेत्र में रहने वाली परचून दुकानदार शोभा शर्मा बीते शनिवार को ई-रिक्शा से घर जा रही थीं। इस दौरान दो युवक उनका पर्स छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर लुटेरों की तलाश शुरू की। टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसके बाद गुरुवार को नई सड़क निवासी अदनान और उसके साथी 17 वर्षीय किशोर को बिसाती बाजार से गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से मोबाइल, तीन हजार रुपये, घड़ी, अंगूठी, बिछिया, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद किए। आरोपी अदनान पर लूट, चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# इजराइल में रोजगार के लिए 2260 लोग चयनित किए गए

## अब 1200 सफल अभ्यर्थी इजराइल के अंतिम प्रोफेशनल टेस्ट में भाग लेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**9352** अभ्यर्थियों ने किया था ऑनलाइन आवेदन

**6682** प्री-स्क्रीनिंग व प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव में शामिल हुए



प्रशिक्षण में भाग लेते कारीगर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** योगी सरकार युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत सेवायोजन निदेशालय और एनएसडीसी इंटरनेशनल की ओर से इजराइल के रेनोवेशन कंस्ट्रक्शन सेक्टर में तेजी से निर्माण श्रमिकों की भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। इसमें रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से प्लास्टरिंग वर्क, सिरेमिक टाइल्स, ड्रायवॉल वर्कर (जिप्सम वर्क) और मेसन श्रेणी में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों का चयन कौशल आधारित प्रक्रिया के जरिए किया जा रहा है।

इजराइल के रेनोवेशन कंस्ट्रक्शन सेक्टर में भर्ती के लिए बीते वर्ष अक्टूबर-नवंबर माह में कुल 9352 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 6682 अभ्यर्थी प्री-स्क्रीनिंग और प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव में शामिल हुए। एनएसडीसी और कंस्ट्रक्शन स्किल डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया ने यदुपति सिंघानिया वोकेशनल एजुकेशन फाउंडेशन कैंपस में परीक्षण आयोजित किया। चार ट्रेड में परीक्षण के बाद 2260 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। इन सफल अभ्यर्थियों में अब 1200 को इजराइल की संस्था के अंतिम प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव में भाग लेना है। इसके लिए यदुपति सिंघानिया वोकेशनल एजुकेशन फाउंडेशन कैंपस में विशेष प्रशिक्षण और परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### जिप्सम वर्क में 126 अभ्यर्थियों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

- वर्तमान में इजराइल की एजेंसी पीआईबीए के निर्देश पर जिप्सम वर्क श्रेणी में चयनित 126 अभ्यर्थियों का कौशल और सुदृढ़ करने के लिए आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में 115 अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं
- सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार कौशल आधारित रोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को वैश्विक अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं। तमाम प्रशिक्षित श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का अवसर भी मिल रहा है।



प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राएं। अमृत विचार

# छात्राओं ने दिखाई खेल प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● डीजी कालेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** डीजी कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता क्राइस्ट चर्च प्ले ग्राउण्ड में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध समिति की संयुक्त सचिव अनन्ता स्वरूप ने की। प्रतियोगिता में तीन सौ से अधिक छात्राओं ने शिरकत की। इस दौरान वर्ष 2025-26 में जिला, प्रदेश एवं विश्वविद्यालय स्तर पर खेलकूद में विशिष्ट स्थान रखने वाली छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। 2025-26 में योग, लाइकान्डो व बास्केटबॉल में ट्राफियां प्राप्त की तथा चेस, बालीबील में विश्वविद्यालय में प्रतिभागिता की। महाविद्यालय की छात्राओं ने 100 मी, 200 मी, 400 मी, लम्बी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक व रिले में भाग लिया। महिला प्रवक्ताओं की म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सौ मीटर की रेस कराई गई।

**प्रतिमा का हुआ अनावरण**




**कानपुर।** चित्रा इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को आयोजन हुआ। इस दौरान पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त ओपी सचान की प्रतिमा का अनावरण हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व राकेश सचान ने की। इस दौरान एक नया हॉल भी समर्पित किया गया। जो गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए निशुल्क उपलब्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मलखान सिंह यादव ने की। इस दौरान धर्मवीर सिंह सचान, राकेश कुमार निरंजन, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सचान, प्रबंधक चित्रा इंटरनेशनल स्कूल, रेखा सचान, वेदिका सचान, रेनू सचान, चित्रलेखा सचान सहित अन्य मौजूद रहे।

### 2 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

**कानपुर।** वार्ड 65 नौबस्ता पश्चिम के दामोदर नगर क्षेत्र में महापौर प्रमिला पांडे विधायक महेश त्रिवेदी व कानपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा द्वारा लगभग 2 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन किया गया। इसी के साथ ही अमृत योजना 2.0 के तहत संपूर्ण वार्ड में गहरी सीवर लाइन के कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पार्षद योगेंद्र शर्मा ने वार्ड में दो कच्चे बरसाती नालों को पक्का कराए जाने की प्रमुख मांग महापौर से की। बताया कि बरसात मे संजय गांधी नगर व गडरियन पुरवा मे भीषण जलभराव की समस्या बनी रहती है।



उद्घाटन करते पंडित केए दुबे पद्मेश। अमृत विचार

# मेधावियों को मिली छात्रवृत्ति

**कानपुर।** दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन की प्रधान शाखा, एस-11 जी ब्लॉक गुजैनी में विद्यालय की बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक केए दुबे पद्मेश रहे। विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ दुबे ने बोर्ड परीक्षा में उच्चतम् एवं श्रेष्ठतम् अंक हासिल करने के मंत्र दिए। समारोह के मुख्य अतिथि ने दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन के बारहवीं में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को मेडिकल एवं आईआईटी में सेलेक्ट होने पर 25 हजार रुपये की छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या ऊषा दीक्षित, निदेशिका एकता दुबे, अपर्णा दुबे मौजूद रहीं।

# रीजेंसी हॉस्पिटल में खुली अत्याधुनिक कैथ लैब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** रीजेंसी हॉस्पिटल ने कार्डियक और न्यूरोवैस्कुलर देखभाल को सशक्त बनाने के लिए गुरुवार को अत्याधुनिक नेक्स्ट-जेनरेशन कैथ लैब का शुभारंभ किया। यह सुविधा एडवांस्ड रियल-टाइम इमेजिंग, बेहतर वर्कफ्लो कम रेडिएशन एक्सपोज़र के माध्यम से जटिल हृदय एवं न्यूरोवैस्कुलर इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं को अधिक सुरक्षित, सटीक और प्रभावी बनाती है।

इस मौके पर रीजेंसी हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने कहा कि उन्नत तकनीक चिकित्सकों को अधिक सटीकता और निरंतरता के साथ जटिल इंटरवेंशन करने में सक्षम बनाती है। सीईओ अभिषेक कपूर ने बताया कि यह कैथ लैब नवीनतम तकनीक से लैस है, जिससे एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर प्रत्यारोपण सहित जटिल हृदय प्रक्रियाएं कम समय में और कम जोखिम के साथ संभव होंगी। इससे लखनऊ और आसपास के जिलों के मरीजों को बड़े महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।




कैथ लैब के बारे में जानकारी देते डॉ. अतुल कपूर, डॉ. अभिषेक कपूर व अन्य।



कैरम खेलतीं छात्राएं। अमृत विचार

# क्रीड़ा समारोह हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज के सभागार में वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रनदीप बेदी चौहान रहीं। अध्यक्षता आशीष सिंह चौहान ने की।

महाविद्यालय प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव अमित, प्रबंध समिति सदस्य अरुण चतुर्वेदी, प्राचार्या प्रो रन्जू कुशवाहा भी मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि रनदीप बेदी चौहान ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में ताजगी, सक्रियता एवं संतुलन बनाए रखते हैं। जीत के समय विनम्रता और हार के समय धैर्य ही सच्ची खेल भावना है। अध्यक्ष आशीष सिंह चौहान ने कहा कि खेलों के माध्यम से सफल कैरियर भी बनाया जा सकता है। खेल भावना से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की छात्राओं अर्पिता एवं दीक्षा ने किया।

**खेती-किसानी** जल्द उपाय न किए तो फसल को होगा नुकसान

# मौसम में बदलाव से आलू पर झुलसा रोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम में तेजी से बदलाव का असर खेती पर पड़ने लगा है। कृषि वैज्ञानिकों ने आलू मु झुलसा रोग की पहचान की है। किसानों को सलाह दी है कि यदि जल्द ही उपाय न हुए तो फसल पर बुरा असर पड़ सकता है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आलू में लगे झुलसा रोग के उपाय भी बताए हैं।



आलू की फसल में लगा झुलसा रोग। अमृत विचार

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के साकभाजी विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ केशव आर्य ने बताया कि मौसम को देखते हुए आलू में झुलसा रोग आने की आशंका तेजी से दिख रही है। किसान को पछेती झुलसा रोग से बचाव करने की जरूरत है। आलू विशेषज्ञ डॉक्टर अजय यादव ने कहा कि केंद्रीय एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे किसानों की आलू एक मुख्य फसल है। जिसका समय रहते हुए देखभाल न किया जाए तो नुकसान हो सकता है। डॉ यादव ने बताया कि सायमोक्सनिल व मैंकोजेब 2.5 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी के दर से या एजोक्सीस्ट्रॉबिन, टीनूकोनाजोल 1 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी कि दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। जिसमें झुलसा रोग से बचा जा सकता है। आलू की पत्तियों पर छोटी-छोटी बिंदी के रूप में बहुत सारे धब्बे दिखाई पड़ते हैं जो अलटरनेरिया की वजह से आता है। यह बिंदिया पोषक तत्व की कमी को जैसे भी दिखाई देते हैं इसका उपाय क्लोरोथेलोनील नाम की दवा ढाई ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाएं जिसमें मल्टी माइक्रोन्यूट्रिएंट नाम से पैकेट बाजार में उपलब्ध होते हैं जिसमें (आयरन, कॉपर, जिंक, कैल्शियम, मलिबडनम, बोरान, क्लोरीन ) आदि तत्व होते हैं । जो एक किलोग्राम प्रति एकड़ के लिए पर्याप्त होता है।


**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक**
UTTAR PRADESH GRAMIN BANK
**(सरकार के स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक)**
(Scheduled Bank Owned by Government)

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 30 दिवस का विक्रय सूचना पत्र**

विषय : प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI Act, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 ( 6 ) के प्रावधान के साथ पठित, अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु द्वितीय नीलामी विक्रय सूचना ।
सार्वजनिक रूप से तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/बंधककर्ता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/प्रभारित है, जिसकी भौतिक कब्जा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (सुरक्षित ऋणदाता) के अधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 15.07.2025 को ले लिया गया है, उसे "जहाँ है जैसे है, जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है आधार पर नीलामी द्वारा दिनांक 06.03.2026 को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज में बेचा जाएगा।

**शाखा :– खड़नी, कन्नौज (क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज)**

| | |
|---|---|
| उधारकर्ता / बंधककर्ता का नाम एवं खाता संख्या | श्री अवधेश कुमार पुत्र श्री सुरेश चन्द्र (शिव राइस मिल), ग्राम एवं पोस्ट – गुलरियापुर, तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज खाता संख्या : 051477200000459, 051430100150132 कार्य |
| वसूली हेतु बकाया राशि (धारा 13(2) SARFAESI अधिनियम, 2002 के अंतर्गत मांग सूचना के अनुसार– | रू0 13,63,220/– (रुपये तेरह लाख तिरसठ हजार दो सौ बीस मात्र) साथ में अर्जित ब्याज, दंडात्मक ब्याज एवं अन्य प्रासंगिक शुल्क, जो भी हो। |
| आरक्षित मूल्य | 13,86,945/– |
| नीलामी का स्थान | उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज |
| नीलामी की तिथि | 06.03.2026 |
| विक्रय की विस्तृत शर्तों एवं नियमों हेतु कृपया समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना देखें अथवा सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट देखें | सूचना प्रकाशन की तिथि रू 06.02.2026 वेबसाइट : www.upgb.bank.in |

**(नीलामी द्वारा बेची जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण)**

| स्वामित्व विलेख धारक का नाम | संपत्ति का पता (विक्रय विलेख अनुसार) | बंधक की सीमाएँ (विक्रय विलेख अनुसार) | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्री अवधेश कुमार पुत्र श्री सुरेश चन्द्र (शिव राइस मिल) | प्लाट, क्षेत्रफल 2589.68 वर्ग मीटर, ग्राम एवं पोस्ट – गुलरियापुर, तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज | पूर्व : ग्राम समाज की भूमि, पश्चिम : चक रोड, उत्तर : रोड दक्षिण : राम सेवक की भूमि | 2589.68 वर्ग मीटर |

**शाखा :- फगुहा, कन्नौज (क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज)**

सार्वजनिक रूप से तथा विशेष रूप से उधारकर्ता / बंधककर्ता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ;णदाता के पक्ष में बंधक/प्रभारित है, जिसकी भौतिक कब्जा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (सुरक्षित ऋणदाता) के अधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 18.06.2025 को ले लिया गया है, उसे जहाँ है जैसे है, जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है आधार पर नीलामी द्वारा दिनांक 06.03.2026 को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज में दिनांक 06.03.2026 बेचा जाएगा।

| | |
|---|---|
| उधारकर्ता / बंधककर्ता का नाम एवं खाता संख्या | श्री जयवीर सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र, श्री रामचन्द्र पुत्र श्री शिवराम , ग्राम– महमूदापुर, पोस्ट – लोहमगढ़, कन्नौज – 209732, खाता संख्या: 054630110000051 |
| जमानतकर्ता का नाम : | श्री रामचन्द्र पुत्र श्री शिवराम की आवासीय प्लाट, जो ग्राम महमूदापुर, पोस्ट – लोहमगढ़, तहसील कन्नौज, जनपद कन्नौज में स्थित है। |
| वसूली हेतु बकाया राशि (धारा 13(2) SARFAESI अधिनियम, 2002 के अंतर्गत मांग सूचना के अनुसार) | रू05,08,421/– (रुपये पाँच लाख आठ हजार चार सौ इक्कीस मात्र ) साथ में अर्जित ब्याज, दंडात्मक ब्याज एवं अन्य प्रासंगिक शुल्क, जो भी हो। |
| वास्तविक/आरक्षित मूल्य | 510000/– |
| नीलामी का स्थान | उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज |
| नीलामी की तिथि | 06.03.2026 |
| विक्रय की विस्तृत शर्तों एवं नियमों हेतु कृपया समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना देखें अथवा सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट देखें | सूचना प्रकाशन की तिथि : 06.02.2026 वेबसाइट : www.upgb.bank.in |

**(नीलामी द्वारा बेची जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण)**

| स्वामित्व विलेख धारक का नाम | संपत्ति का पता (विक्रय विलेख अनुसार) | बंधक की सीमाएँ (विक्रय विलेख अनुसार) | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्री रामचन्द्र पुत्र श्री शिवराम | आवासीय प्लाट, क्षेत्रफल 400 वर्ग मीटर, ग्राम – महमूदापुर, पोस्ट – लोहमगढ़, कन्नौज – 209732 | पूर्व : सियादुलारी का प्लाट , पश्चिम : वीरवती का प्लाट उत्तर : रामचन्द्र का क्षेत्र दक्षिण : 4 मीटर कच्चा रास्ता | क्षेत्रफल 400 वर्ग मीटर |

**नियम एवं शर्ते (1)** उक्त सम्पत्ति ऊपर दिये गये रिजर्व मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी ।सम्पत्ति सबसे अधिक बोली लगाने वाले को बेची जायेगी।(2) नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अर्नेस्ट धनराशि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सम्बन्धित शाखा के पक्ष में देय भुगतान आदेश/माँग ड्राफ्ट अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (ई0एम0डी0) के रूप में सम्बन्धित शाखा पर दिनांक 05.03.2026 को सायंकाल 4 बजे तक जमा करानी होगी।(3) नीलामी समापन समय पर सबसे अधिक बोली लगाने वाले को बोली की 25 प्रतिशत राशि भुगतान आदेश / माँग ड्राफ्ट द्वारा प्रारम्भिक डिपोजिट के रूप में जमा करानी होगी अन्यथा उसकी ई0एम0डी0 जब्त कर ली जायेगी। अदा की गयी ई0एम0डी0 प्रारम्भिक भुगतान राशि में समायोजित कर दी जायेगी। असफल बोलीकर्ताओं की ई0एम0डी0 नीलामी के समय पर ही लौटा दी जायेगी ।(4) बोली की शेष राशि विक्रय की स्वीकृति के पश्चात् 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी अन्यथा उनके द्वारा जमा की गयी प्रारम्भिक डिपोजिट राशि जब्त कर ली जायेगी और विक्रय की पुष्टि नहीं की जायेगी।(5) जिस सम्पत्ति के लिए क्रेता अपनी ऑफर दे रहा है, उस सम्पत्ति के सम्बन्ध में देय सभी म्यूनिसिपल / टैक्स / बिजली पानी / अन्य प्रभार ड्यूटीज एवं कर जो भी होंगे भुगतान की पूर्ण जिम्मेदारी क्रेता की होगी। स्टाम्प ड्यूटी रजिस्ट्रेशन की अदायगी भी क्रेता के द्वारा ही वहन की जायेगी।(6) प्राधिकृत अधिकारी को बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होगा।(7) यदि ऋणी विक्रय की तारीख से पूर्व बैंक की सम्पूर्ण राशि अदा कर देता है तो नीलामी रद्द कर दी जायेगी।(8) यदि नीलामी के दिन अवकाश घोषित किया जाता है तो नीलामी अगले दिन आयोजित की जायेगी।(9) उक्त सम्पत्ति जैसा है, जहां है, जितना है जैसा है के आधार पर बेची जायेगी।(10) ऋणियों / गारंटीदाताओं को सूचना दी जाती है कि डिमांड नोटिस के अनुसार समस्त राशि (ब्याज एवं अन्य खर्चा सहित) नीलामी की तारीख से पहले जमा करा दें।ऐसा न करने पर सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी और बची हुई राशि यदि कोई है, ब्याज एवं खर्चा

**स्थान– कन्नौज**
**प्राधिकृत अधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक,**
**कन्नौज (उ.प्र.)**

# मजदूरों से भरा अनियंत्रित लोडर पलटा, एक की मौत व 19 घायल

## 10 लोगों को जिला अस्पताल किया गया रेफर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया, निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे हुआ हादसा

सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचारः** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को हुए हादसे में मजदूरों को लेकर उन्नाव जा रहा लोडर आसीवन थानाक्षेत्र में किमी संख्या-391 के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इसमें एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। वहीं 19 घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सफीपुर सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद 10 को जिला अस्पताल रेफर कर शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया।

बता दें कि गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य में लगे हरदोई जिला के अलग-अलग थानाक्षेत्रों के करीब दो दर्जन मजदूर बिलग्राम से ठेकेदार के लोडर से उन्नाव आ रहे थे। लोडर हरदोई के हरपालपुर गांव निवासी सत्यदेव चला रहा था। बताते हैं कि लोडर के डाले के अलावा 6 मजदूर केबिन में भी बैठे थे। चालक उन्हें निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के रास्ते से ला रहा था। तभी आसीवन थानाक्षेत्र के परसौरा गांव के पास केबिन में बैठे एक मजदूर का हाथ अचानक स्टियरिंग में फंस गया। इससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इसमें हरदोई जिलाके थाना सांडी थानाक्षेत्र के गांव नेकपुर नेवादा के मजरा हसनापुर निवासी अमर सिंह (50) पुत्र छोटेलाल की मौके पर मौत हो गई।

हादसे की जानकारी पर आसीवन व सफीपुर पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। सीओ सोनम सिंह व एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने सीएचसी में घायलों का हाल जाना। इसके बाद लोडर चालक फरार हो गया। सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद 10 मजदूरों को जिला अस्पताल भेजा गया। पति की मौत की खबर पर पहुंची पत्नी रीना व परिजन बेहाल हो गए। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।



अस्पताल में भर्ती मरीज व इनसेट में अमर सिंह की फाइल फोटो। ● अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर जाना घायलों का हाल

**उन्नाव :** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर घायल मरीजों का हाल जाना। हर घायल से मिलने के बाद डीएम ने सीएमएस को निर्देश दिये कि घायलों को बेहतर इलाज हो और उत्तम स्वास्थ्य चिकित्सा का लाभ दिया जाए। स्टाफ रेगुलर मरीजों का ध्यान रखें और समय से उपचार करें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मरीजों के तीमारदारों से मिलकर उन्हें अस्पताल द्वारा बेहतर चिकित्सा लाभ दिए जाने का आशवासन दिया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, मुख्य चिकित्साधीक्षक व मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।



घायल मरीजों का हाल जानते डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

### ये लोग हुए घायल

**सफीपुर :** हादसे में शोभित (19) पुत्र मदनपाल हसनपुर थाना सांडी हरदोई, आशाराम (25) पुत्र सागरनाथ रोशन नगर थाना बिलग्राम, दिनेश (38) पुत्र गिरधारी बल्लीपुर थाना सुरसाह, पिंटू (25) पुत्र श्रीकृष्ण बल्लीपुर थाना सुरसाह, चांद बाबू (19) पुत्र परचंद थाना बिलग्राम, विजय (19) पुत्र हीरालाल बल्लीपुर थाना सुरसाह, सर्वेश (42) पुत्र रामपाल बल्लीपुर थाना सुरसाह, शाहरुख (27) पुत्र मो. रज्जन जटपुरवा थाना बिलग्राम, अशोक (50) पुत्र माधवराम दुर्गागंज थाना बिलग्राम, छोटेलाल (45) पुत्र मेवाराम पुरवा थाना बिलग्राम, रामआसरे (38) पुत्र विष्णु नारायण धतियामऊ थाना बिलग्राम, मुफीद (36) पुत्र अलीजान गुजरी थाना बिलग्राम, राहुल (26) पुत्र रामप्रकाश गोटियामऊ थाना बिलग्राम, संजीव (32) पुत्र राजेश्वर जनकपुर थाना हरपालपुर, संतोष (35) पुत्र राधेश्याम सनफरा थाना हरपालपुर, अमर सिंह (35) पुत्र छोटेलाल धतियामऊ थाना बिलग्राम, नीरज (32) पुत्र रामस्वरूप कस्बा बिलग्राम, मो. अली (26) पुत्र अजमत अली जरौली सदर कोतवाली हरदोई व मोइनुद्दीन (35) पुत्र मो. अली गढ़ी पुरवा सदर कोतवाली हरदोई शामिल थे।

### घने कोहरे में एक्सप्रेस-वे पर टकराए आठ वाहन, 15 घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या-245 पर गांव जोगीकोट के पास गुरुवार को घने कोहरे व धुंध के चलते लखनऊ से धीमी गति से जा रहे एक कंटेनर में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बस, कार व ट्रैक्टर सहित 8 वाहन आपस में टकरा गए। इसमें कंटेनर के परिचालक समेत 15 लोग गंभीर घायल हो गए।

घायलों में रत्नेश पुत्र विश्वनाथ चौरसिया निवासी राजेंद्र नगर सुल्तानपुर, लीला पुत्र जयपाल निवासी हिसार (हरियाणा), रितेश पुत्र गोविंद निवासी बेगूसराय (बिहार), रेनू पत्नी रामशरण निवासी निमियापुर अमेठी, प्रमिला पत्नी शंकर, सोनिया पुत्री राजाराम, प्रमोद पुत्र राजाराम निवासीगण निमियापुर अमेठी, विक्रम पुत्र गोविंद निवासी बेगूसराय (बिहार), दीपू पुत्र मोहन जायसवाल निवासी विशुनपुर मितौली महाराजगंज, लक्ष्मीना पत्नी मोहन निवासी विशुनपुर मितौली महाराजगंज, नीतीश पुत्र रामजी मिश्रा निवासी खेमरिया कला विंध्याचल, विवेक पुत्र श्रीराम व शिवम पुत्र राकेश निवासी बढ़पुर जिला इटावा व दीपक पुत्र राजेश्वर निवासी दौलतपुर थाना मंडावर जिला बिजनौर शामिल हैं। सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने पुलिस के साथ क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। हादसे की सूचना पर एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि दृश्यता कम होने से हादसा हुआ है। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया है। बताया कि सभी घायलों की हालत सामान्य है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी जय प्रकाश सिंह। ● अमृत विचार

### कार की टक्कर से ऑटो सवार अधेड़ की मौत

**बिछिया उन्नाव :** दही-पुरवा मार्ग पर गंगा खेड़ा गांव के पास बुधवार देररात कार की टक्टर से ऑटो सवार युवक की मौत हो गई। इसके के बाद चालक वाहन सहित भाग निकला। दही थानाक्षेत्र के खंभार खेड़ा गांव निवासी अमृतलाल लोधी (50) पुत्र स्व. रामकुमार बुधवार को जफर खेड़ा निवासी रिश्तेदार रामू के यहां तिलक में शामिल होने गया था। देररात वह ऑटो से घर लौट रहा था तभी थानाक्षेत्र के गंगा खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर बाहर गिर गया। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर पर अस्पताल पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। भाई प्रदीप ने बताया कि अमृत लाल की मौत से पत्नी मालती, बेटा संदीप व बेटियां निधि, शशि व आशा का रो-रोकर बुरा हाल है।

### न्यूज ब्रीफ

#### लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानाक्षेत्र के जमुका गांव के मजरा सिंघखेड़ा निवासी राजू यादव (35) पुत्र नन्हें लाल दुबई में मजदूरी करता था। एक माह पहले वह छुट्टी पर आया था। गुरुवार को वह दोस्त पुष्पेंद्र यादव निवासी टीका खेड़ा के साथ बाइक से कहीं गया था। तभी थानाक्षेत्र के जमुका मोड़ पर सामने से आए लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे राजू की मौके पर मौत हो गई। वहीं पुष्पेंद्र गंभीर घायल हो गया। हादसे की खबर पर ग्रामीणों ने परिजनों के साथ सड़क पर जाम लगा दिया। एसओ अचलगंज ब्रजेश शुक्ला ने लोगों को समझाकर शांत कराया और शव मोर्चरी भेजा। लोडर की तलाश की जा रही है।

#### परिजनों ने युवक की मौत पर किया हंगामा

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव के पास एक प्लांट में काम करने वाले जितेंद्र (25) पुत्र रोशन निवासी सिखठीया थाना महाराजपुर कानपुर का शव प्लांट में मौरंग के ढेर पर बुधवार को पड़ा मिला था। प्लांट का सुपर वाइजर उसे जिला अस्पताल लाया था। जहां से शव मोर्चरी भेजा गया था। गुरुवार को पहुंचे परिजनों ने उसकी मौत पर शक जता हंगामा किया। परिजनों ने प्लांट के अफसरों पर आरोप लगाए हैं। इस दौरान कई बार विवाद की स्थिति बनी। इस पर पहुंचे कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने परिजनों को समझा कर शांत कराया और पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

#### आरओबी निर्माण स्थल पर संकेतक न होने से युवक घायल

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचार :** मरहला चौराहे के पास निर्माणाधीन आरओबी और आजाद मार्ग गजियाखेड़ा के समीप बनाए जा रहे गोल चौराहे पर सुरक्षा इंतजामों की कमी सामने आई है। कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर न तो कोई स्पष्ट संकेतक बोर्ड लगाया गया और न ही पर्याप्त बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई, जिसके चलते बुधवार रात एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। नया खेड़ा निवासी बहादुर पुत्र बुद्धिलाल रात करीब आठ बजे मरहला चौराहे से आजाद मार्ग की ओर जा रहा था। गजियाखेड़ा गांव के पास बन रहे गोल चौराहे पर अंधेरे में संकेतक न होने से वह गड्ढों में पड़ी सरिया से टकराकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे नरेंद्र निषाद ने उसे कार से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से उसे हैलट रेफर किया गया। बाद में परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## तीन शातिर चोर सामान के साथ गिरफ्तार, गये जेल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मनसुख खेड़ा क्षेत्र में हुई चोरी में पुलिस ने तीन शातिर चोरों को मुखबिर की सूचना पर दबोचा है। पुलिस ने तीनों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया। जहां पुलिस ने तीनों के विरुद्ध दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये जेल भेजा है।

एसएसपी के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाल अजय सिंह ने बताया कि चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी जयकुमार ठाकुर के घर 3 फरवरी को चोरी हुई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। इधर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को ट्रांस गंगा सिटी किनारे ओवरब्रिज के पास से करन, विकास व सूरज निवासी चम्पापुरवा मनसुखखेड़ा को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक अंगूठी, गले की चेन, एक घुंघरू, नाक की दो कील व 5900 रुपये बरामद हुए। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी क्षेत्र में सक्रिय थे और चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

### आरोपियों पर दर्ज हैं कई संगीन मामले

**शुक्लागंज :** पुलिस जांच में सामने आया कि विकास पर पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सूरज का आपराधिक इतिहास और भी लंबा है। उस पर चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट व गैंगेस्टर एक्ट सहित करीब 20 गंभीर मामले पंजीकृत हैं। पुलिस अभिलेखों के अनुसार चंपापुरवा निवासी लल्लू कश्यप के यहां हुई चोरी के प्रकरण में सूरज का नाम सामने आया था, जिसमें उसका हाफ एनकाउंटर भी हो चुका है।

## दंपति व दो बच्चों की मौत से पसरा मातम

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**

**अमृत विचारः** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के भल्लाफार्म के पास बुधवार देररात हुए हादसे में बारात से लौट रहे दंपति व उनके दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। इसके बाद गांव में कोहराम मच गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम होने के बाद जब चारों शव गांव पहुंचे तो हर आंख नम हो गई। चीख-पुकार व मातम के बीच पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

बता दें कि अजगैन कोतवाली व गांव निवासी वीरेंद्र (40) जाजमऊ में एक चप्पल बनाने के कारखाने में काम करता था। बुधवार को वह लखनऊ के बंथरा थानाक्षेत्र के दयाल खेड़ा गांव एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने पत्नी रितु, 9 वर्षीय बेटी अनुराधा व बेटे रुद्र (6) के साथ गया था। जहां से देररात लौटते समय वह कानपुर-लखनऊ हाईवे पर भल्लाफार्म के पास दूसरी बाइक से आ रहे साढ़ू रंजीत का रुक इंतजार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पहले एक ट्रेलर को टक्कर मारी, जिससे ट्रेलर पलट गया और अनियंत्रित ट्रक वीरेंद्र के परिवार को रौंदते हुए निकल गया। चारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को रात में ही पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। मृतक के बड़े भाई राजेंद्र की तहरीर पर ट्रक व उसके अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है। एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत से पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे तो लोगों की आंखे नम हो गईं। भाजपा के क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश रावत व सपा की पूर्व प्रत्याशी आंचल वर्मा ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाकर मदद का भरोसा दिया। कुछ देर रुकने के बाद परिजनों ने जाजमऊ में चारों का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक सीज किया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।



परिजनों को ढांढस बंधाती एसडीएम प्रज्ञा पांडे व सीओ अरविंद चौरसिया।

● भाजपा विधायक व सपा नेता ने परिजनों को बंधाया ढांढस

### एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, दिये निर्देश

**उन्नाव, अमृत विचर :** सोहरामऊ थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर भल्ला फार्म के पास बुधवार रात हुए सड़क हादसे के बाद एसपी जयप्रकाश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ हसनगंज अरविन्द चौरसिया व सीओ यातायात अजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। एसपी ने सड़क की स्थिति, मोड़, रोशनी, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर व यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर कहा कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी संकेतक, रिफलेक्टर, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था व ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हादसों की रोकथाम सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मातहतों से जानकारी लेते एसपी जय प्रकाश सिंह।

### रविदास नगर में शिशु मंदिर का समरसता खिचड़ी सहभोज सम्पन्न

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केंद्र रविदास नगर में गुरुवार को समरसता खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम आचार्य प्रमुख अनिल मिश्र के नेतृत्व में हुआ। इसकी शुरुआत संत रविदास जी को भोग लगाकर की गई। प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का आधार है। जाति-पाति व भेदभाव समाप्त कर प्रेम व सौहार्द बढ़ाना समय की जरूरत है। प्रबंधक राकेश ने सामाजिक एकता पर बल दिया, वहीं नगर प्रचारक शिवम ने सभी में एक ही चौतन्य होने की बात कही। खिचड़ी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। व्यवस्था में प्रधानाचार्य श्रवण सिंह, दुर्गेश भरद्वाज के अलावा सुभाषिनी, सरिता, संजय, इंदू, प्रह्लाद, दाताराम व मीना का सहयोग रहा। इस अवसर पर सुरेश सिंह, नीरज मिश्र, सुरेन्द्र बहादुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



रविदास जी को माल्यार्पण के दौरान प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

### अन्नामलाई यूनिवर्सिटी से अमित गौरैया को योग में मिली पीएचडी उपाधि

**उन्नाव, अमृत विचार :** भगवंतनगर क्षेत्र निवासी रामऔतार व चंद्रकली के बेटे अमित गौरैया को तमिलनाडु की अन्नामलाई यूनिवर्सिटी में योग में पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया। 87वें दीक्षांत समारोह में तमिलनाडु के गवर्नर आरएन रवि, वाईस चांसलर डॉ. गोवि चेझियान व विशिष्ट अतिथि आईआईटी रुड़की के डायरेक्टर प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने अमित गौरैया को उपाधि देकर सम्मानित किया। वे उप्र हैपेरटेंसिव पुलिस पर शोध विषय पर कई वर्षों से शोध कार्य कर रहे थे। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर उंचगांव व चंडिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर से की। शोधकर्ता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मातापिता, गुरुजनों को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर डॉ. मनीष सिंह सेंगर, अभिषेक, अनिल वर्मा, डॉ. ब्रजेश यादव, डॉ. स्नेहिल पांडेय, श्रीकांत श्रीवास्तव आदि ने शुभकामनाएं दीं।

## अनुदेशकों ने की सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कराने की मांग

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** परिषदीय अनुदेशक कल्याण संगठन उप्र की जिला शाखा की बैठक जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किए गए निर्णय का स्वागत किया गया। जिसमें लंबी अवधि से कार्य कर रहे अनुदेशकों का मानदेय 17 हजार प्रतिमाह दिए जाने का आदेश दिया गया है। संगठन ने प्रदेश सरकार से मांग कीकि न्यायालय के आदेश का अनुपालन कर अनुदेशकों का भुगतान शीघ्र किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में 2013 में जूनियर विद्यालयों में जहां छात्र संख्या 100 से अधिक है वहां व्यायाम, कंप्यूटर, कला, गृह विज्ञान व कृषि विषय के शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। ताकि छात्रों को पढ़ाई में कोई कठिनाई न हो तथा 7 हजार प्रति माह दिए जाने के निर्देश दिए गए थे। मगर ग्रीष्म अवकाश में सेवाएं ब्रेक की जाती रहीं। संगठन ने मानदेय बढ़ाने की मांग की तो सरकार द्वारा आश्वासन तो मिले मगर मानदेय नहीं बढ़ाया गया। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा तो वर्ष 2017 में 17 हजार मानदेय दिए जाने का आदेश उच्च न्यायालय ने पारित किया। मगर प्रदेश सरकार ने 17 हजार मानदेय नहीं दिया। इसके खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील की गई। इस वजह से 17 हजार मानदेय नहीं दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अब अनुदेशकों के पक्ष में उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए 2017 से 17 हजार मानदेय व डिफरेंस का भुगतान देने के आदेश दिए हैं। जिससे जिले के 367 अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## डकारी व सहजनी में अवैध खनन पर छापा

● जिला खनन अधिकारी ने पुलिस टीम की मदद से तीन डंपर व दो जेसीबी पकड़ीं

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डकारी और सहजनी इलाके में अवैध खनन की शिकायत पर खनन विभाग ने देर रात छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। जिला खनन अधिकारी मनीष यादव ने पुलिस बल के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए तीन मिट्टी लदे डंपर और दो जेसीबी मशीनें पकड़ लीं।

बताया गया कि रात करीब डेढ़ बजे खनन अधिकारी डकारी एसटीपी के पास रैंडम चेकिंग के लिए पहुंचे। यहां एक जेसीबी व मिट्टी से लदा डंपर खनन करते पकड़ा गया। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जाजमऊ चौकी में खड़ा कराया गया। इसी दौरान नेहरू बाग व सहजनी के बीच भी छापेमारी हुई। जहां से दो मिट्टी लदे डंपर और एक जेसीबी को पकड़ा गया। सभी वाहनों को सीज करते हुए मगरवारा चौकी में खड़ा करा दिया गया है। खनन अधिकारी मनीष यादव ने बताया कि क्षेत्र से लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। उसी के आधार पर रात में औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान चलाया जाएगा।



पुलिस चौकी में खड़ा डंपर। ● अमृत विचार

### बोर्ड परीक्षा: छात्रों को वितरित करें प्रवेश पत्र

**उन्नाव, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की वर्ष-2026 परीक्षाएं 18 फरवरी से 122 केंद्रों में शुरू हो रही हैं। जबकि जिले में 414 माध्यमिक विद्यालय हैं जिसमें 208 इंटर कॉलेज व 206 हाईस्कूल स्तर के हैं। वर्ष 2026 की परीक्षा में हाईस्कूल में 39508 व इंटर में 32165 परीक्षार्थी शामिल होंगे। छात्रों के प्रवेशपत्र डीआईओएस कार्यालय में आ गए हैं जिनका वितरण 7 फरवरी से होगा। विद्यालयों के प्रधानाचार्य डीआईओएस कार्यालय से लेकर छात्रों को प्रवेशपत्र बांट दें। डीआईओएस सुनील दत्त ने कहा कि हाईस्कूल व इंटर के प्रश्नपत्र भी आ गए हैं और उत्तर पुस्तिकाएं भी प्राप्त हो गई हैं। उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण राजकीय इंटर कॉलेज उन्नाव से सभी केंद्र व्यवस्थापक विशेष वाहक भेजकर प्राप्त कर लें। प्रश्नपत्रों के भेजने की व्यवस्था बाद में की जाएगी।

**बढ़ी दिक्कत** | राहगीरों के लिए मुसीबत बना बदहाल मार्ग, जिम्मेदार बता रहे धन का है अभाव

## पोनी रोड का निर्माण कराना भूला पीडब्ल्यूडी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचारः** नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल पोनी रोड की बदहाली ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शासन की स्वीकृति के बाद करीब साढ़े 5 किलोमीटर लंबी नई सड़क के निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया था। मार्च 2025 में पोनी गांव के पास से निर्माण कार्य शुरू भी हुआ लेकिन एक साल बाद भी सड़क अधूरी पड़ी है। बीते दो माह से निर्माण पूरी तरह ठप है।

पोनी रोड से रोज हजारों दोपहिया, चौपहिया व अन्य वाहन गुजरते हैं। लगातार दबाव के चलते सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। कई स्थानों पर सड़क उखड़ गई है जिससे राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। हल्की बारिश होते ही गड्ढों में पानी भर जाता है और जलभराव के बीच वाहन चालकों को अंदाजा नहीं लग पाता कि सड़क कहां समतल है और कहां गहरा गड्ढा। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई बार बाइक व ई-रिक्शा पलट चुके हैं जिससे लोग घायल भी हुए हैं। क्षेत्रीय नागरिकों की शिकायतों के बाद जनप्रतिनिधियों की पहल पर करीब साढ़े 11 लाख रुपये से सड़क निर्माण को मंजूरी मिली थी। कार्यदायी संस्था ने डॉ. लोहिया स्कूल तक सड़क बनाकर काम रोक दिया। इसके बाद से न तो निर्माण शुरू हुआ और न ही गड्ढों की मरम्मत की गई। दो माह से बंद पड़े कार्य को लेकर विभागीय अधिकारी भी चुप्पी साधे हैं। पीडब्ल्यूडी जेई अरुण कुशवाहा ने बताया कि धन अभाव के चलते पोनी रोड का काम रोका गया है। शासन को पत्र भेजा गया है। धन आवंटित होते ही दोबारा कार्य शुरू होगा।



पोनी रोड पर इस तरह हैं गड्ढे। ● अमृत विचार

## प्रभु जगन्नाथ की निकली भव्य शोभायात्रा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचारः** गोपीनाथ पुरम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर समिति द्वारा भगवान जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर राजमार्ग होते हुए श्री दुर्गा मंदिर पहुंची। गाजे-बाजे व भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नृत्य कर व जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

दुर्गा मंदिर पहुंचकर देवी मां की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा पुनः खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में लौटी, जहां श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को मंदिर परिसर में आचार्यों के सान्निध्य में विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में संदीप पांडे, वीरेन्द्र शुक्ला, कमल वर्मा, मनोज त्रिवेदी, सूर्य कुमार बाजपेई, अमरेन्द्र गुप्ता, अभिषेक तिवारी, राजेश बाजपेई, अंजनी अग्निहोत्री समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।



भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

● आज होगी प्राण प्रतिष्ठा, जयकारे लगाते आगे बढ़ रहे थे श्रद्धालुजन


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सबीना बेगम पत्नी मो0 अनीस निवासी मोहल्ला सैय्यदवाडा परगना व तह0 बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे दिनाँक 29-01-2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, आधार कार्ड की छायाप्रति व शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थिनी ने मोहल्ला खत्रियाना बाँगरमऊ का एक किता प्लाट विक्रेता श्री रामचन्द्र पुत्र स्व0 नन्हू निवासी मोहल्ला खत्रियाना पर0 व तह0 बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26-12-2013 को प्लाट क्रय कर गोड़े का निर्माण कर लिया है। जिसकी माप पूरब से पश्चिम 15 फिट व उत्तर से दक्षिण 24 फिट कुल माप 360 वर्गफीट या 33.46 वर्गमीटर उक्त भवन की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब- खड़ंजा चौड़ा करीब 10 फिट पश्चिम- मकान सगीर उत्तर- मकान गुड्डू दक्षिण- शेष भाग विक्रेता प्रार्थिनी ने अपने उपरोक्त गोड़े को पालिका कर पंजिका में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र, रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव

# आयोग पर अभियोग

मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होती है। यदि उसमें त्रुटि या पक्षपात का संदेह पैदा हो जाए, तो चुनाव की निष्पक्षता पर ही प्रश्न चिह्न लग जाता है। मुद्दा किसी एक राज्य या दल का नहीं, बल्कि मताधिकार की पवित्रता का है। ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सवालों को दलगत राजनीति से इतर गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

सामान्यतः गहन पुनरीक्षण एक जटिल प्रशासनिक कार्य है, जिसमें घर-घर सत्यापन, दस्तावेजों की जांच और आपत्तियों के निस्तारण जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इसे त्रुटि रहित ढंग से पूरा करने में लंबा समय लगता है। यदि दो वर्ष में होने वाला कार्य तीन महीने में समेटा जा रहा है, तो स्वाभाविक है कि जल्दबाजी से त्रुटियों की आशंका बढ़ेगी। चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि किन तकनीकी साधनों या अतिरिक्त संसाधनों के आधार पर वह इतनी तेज गति से यह काम कर रहा है। केवल पश्चिम बंगाल में ही सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जैसी अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था समानता के सिद्धांत पर प्रश्न उठाता है। यदि आयोग के पास इसके लिए पूर्व में शिकायतों का इतिहास या उच्च जोखिम वाले क्षेत्र जैसे कारण हैं, तो वह उन्हें सार्वजनिक करे। 58 लाख से अधिक नामों का हटाया जाना अत्यंत गंभीर तथ्य है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए है या बड़े पैमाने पर बहिष्करण का। आयोग का दायित्व केवल 'डुप्लीकेट हटाना' नहीं, बल्कि 'वास्तविक मतदाता को शामिल रखना' भी है। समावेशन और शुद्धिकरण के बीच संतुलन ही लोकतांत्रिक मर्यादा है। लैंगिक भेदभाव या विशेष समुदायों के नाम अधिक हटने के आरोपों की स्वतंत्र ऑडिट से जांच होनी चाहिए। विवाहित महिलाओं के नाम केवल उपनाम परिवर्तन के कारण हटने के मामलों में स्व-घोषणा और सरल सत्यापन पर्याप्त होना चाहिए। नामों की गलत वर्तनी या तकनीकी त्रुटियों के कारण नाम हटना भी चिंताजनक है। आयोग को डिजिटल डेटाबेस में सुधार, स्थानीय स्तर पर त्वरित सुधार शिविर और ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने आधार को एक वैकल्पिक पहचान के रूप में स्वीकार किया है, उसे न मानना आदेश की अवमानना की श्रेणी में आ सकता है। आयोग को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा नोटिस जारी किया जाना इस पूरे विवाद को संवैधानिक आयाम देता है।

यदि 'तार्किक विसंगतियों' की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है, तो अदालत निश्चित रूप से स्पष्टीकरण मांग सकती है। चुनाव आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र की आधारशिला है। उस पर 'सरकारी प्रश्रय' का आरोप तभी कमजोर होगा जब वह पारदर्शी, समान और तर्कसंगत आचरण प्रदर्शित करे। अंततः सर्वोच्च न्यायालय का कथन स्मरणीय है कि हर समस्या का समाधान संभव है। पर समाधान तभी संभव होगा, जब प्रक्रिया का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को बाहर करना नहीं, बल्कि हर योग्य नागरिक को शामिल करना हो।

## प्रसंगवश

# चूल्हे से चांद तक महिलाओं की बदलती पहचान

रसोई की दीवारें केवल ईंट-सीमेंट की बनी हुई संरचना नहीं होतीं, वे उस सामाजिक सोच की मूक प्रतीक हैं, जिसने सदियों से महिलाओं की दुनिया को सीमाओं में बांध दिया। इन दीवारों के भीतर सिर्फ़ भोजन नहीं पकता, बल्कि अनगिनत सपने भी धीमी आंच पर सुलगते रहते हैं। यहां हर दिन समझौते होते हैं- खुद से, अपनी इच्छाओं से, अपनी पहचान से। बाहर की दुनिया तेज़ी से बदल रही है, पर इन दीवारों के भीतर आज भी वही पुरानी अपेक्षाएं गूंजती हैं। फिर भी, इन्हीं सीमाओं के बीच एक दृढ़ आवाज़ जन्म लेती है- मैं इससे अधिक हूं और इससे आगे जा सकती हूं।

भारतीय समाज में महिला को अक्सर त्याग और सहनशीलता की प्रतिमा बना दिया गया है। उसकी सफलता इस कसौटी पर परखी जाती है कि उसने परिवार के लिए कितना त्याग किया, न कि उसने अपने लिए क्या हासिल किया। बचपन से उसे सिखाया जाता है कि सपने देखना ठीक है, पर उन्हें सीमाओं में रखना ज़रूरी है। धीरे-धीरे वह भी मान लेती है कि उसकी ज़िंदगी की प्राथमिकता हमेशा दूसरे होंगे। फिर भी, उसके मन के किसी कोने में उसकी इच्छाएं जीवित रहती हैं- शांत, धैर्यवान और अपने सही समय की प्रतीक्षा करती हुई।


कृति जैन
लेखिका

आज की महिला एक साथ कई भूमिकाएं निभा रही है। वह मां है, पत्नी है, बहू है, लेकिन इन सबसे पहले वह एक संपूर्ण इंसान है, जिसके अपने सपने और आकांक्षाएं हैं। दिन भर वह घर की ज़िम्मेदारियों में उलझी रहती है, पर रात के सन्नाटे में उसका मन जाग उठता है। तब वह किताब खोलती है, ऑनलाइन कक्षाओं में समय लगाती है या अपने भविष्य की नई तस्वीर गढ़ती है। समाज भले ही उसकी इस कोशिश को अनदेखा करे, लेकिन उसके भीतर आत्मनिर्भर बनने की आग हर दिन और प्रखर होती जाती है।

कई बार महिलाओं के सपने उसी रसोई से आकार लेते हैं, जहां कभी उन्हें सीमित कर दिया गया था। वर्षों तक स्वाद और मेहनत से खाना बनाने वाली महिला एक दिन समझ पाती है कि यही उसका हुनर है। वह अपने काम को घर की चारदीवारी से बाहर लाने का साहस जुटाती है। शुरुआत में ताने मिलते हैं, शक किया जाता है, लेकिन वह पीछे नहीं हटती। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और उसका हुनर उसकी पहचान बन जाता है। यह बदलाव सिर्फ़ कमाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव रख देता है।

यह सफ़र आसान नहीं होता। समय की कमी, शारीरिक थकान, परिवार की अपेक्षाएं और समाज की आलोचना, हर मोड़ पर नई बाधाएं खड़ी हो जाती हैं। कई बार महिलाओं को यह महसूस कराया जाता है कि उनका आगे बढ़ना घर के संतुलन को बिगाड़ देगा। अपराधबोध चुपचाप उनके मन में जगह बना लेता है। फिर भी कुछ महिलाएं इन दबावों के बावजूद आगे बढ़ती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि उनका सपना किसी का नुकसान नहीं करता, बल्कि दूसरों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

संघर्ष की इस राह पर महिलाएं कई बार गिरती हैं, लेकिन हर बार थोड़ा और सशक्त होकर उठती हैं। वे समझ जाती हैं कि सफलता का अर्थ पूर्णता नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और धैर्य है। उनके चेहरे पर थकान साफ़ दिखती है, पर आंखों में संतोष की रोशनी होती है। वे जानती हैं कि यह लड़ाई सिर्फ़ उनकी नहीं है, वे उन अनगिनत महिलाओं के लिए रास्ता बना रही हैं, जो अभी खामोश हैं, लेकिन सपने देखना नहीं छोड़ा है।



कमजोर लोग हमेशा न्याय और समानता के लिए चिंतित रहते हैं। बलवान लोग इन दोनों की परवाह नहीं करते।
-अरस्तू, दार्शनिक

# नेपाल: युवा बदल सकते हैं चुनाव नतीजों की तस्वीर




यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की दृष्टि से जरूर देख रहे हैं।

नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है, लेकिन इसका भी कोई क्लियर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है, लेकिन समस्याएं जस की तस हैं। बेरोजगारी,पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है, परिणाम चौंकाने वाला हो, लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

नेपाल में नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग है। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहे हैं। इनका टीवी टाक शो नेपाल मं काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे, हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के भरोसे है। वालेन शाह जब काठमांडू के मेयर थे, तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी-कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनकी राजनीति का केंद्र बिंदु यही है, तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है।

यह चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'हामी नेपाल' के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें, तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थके यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी।

आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमेकर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं, तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा, जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसायी द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाड़ी को लेकर वे सुर्खियों में थे। अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

नेपाल के चुनाव में इस बार 'मधेश' मुद्दा गायब है, लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी हैं। ये लोग खुद को भारत के करीब महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों।

लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सका।

## आमने सामने



जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में आते हैं तो मैं यह पुस्तक उन्हें भेंट करूंगा।
-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

राहुल गांधी के पास ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वे सुर्खियों में बने रहने और चर्चा बटोरने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। सेना और शहीदों का सम्मान पूरे देश के लिए सर्वोपरि है। इस तरह की बयानबाजी से देश की छवि को नुकसान पहुंचाती है।
-देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र



# जरूरी है बच्चों की परवरिश पर भी हो चिंतन


डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

एक ही परिवार की 12, 14 और 16 साल की तीन बच्चियों ने रात के दो बजे, ग़ाज़ियाबाद की एक ऊंची इमारत की नौवीं मंज़िल से छलांग लगा दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है। यह घटना सिर्फ़ एक परिवार का निजी शोक नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चेतावनी की घंटी है। यह हमें बताती है कि जिस तकनीक को हमने सुविधा, प्रगति और सुरक्षा का प्रतीक मान लिया, वही तकनीक जब बिना निगरानी और संवेदनशील समझ के बच्चों के हाथ में पहुंचे, तो वह उनके मन, रिश्तों और जीवन पर चुपचाप कब्ज़ा कर सकती है।

कोविड काल से हुए बड़े बदलावों में एक यह भी है कि बड़ी तादाद में बच्चों की दुनिया सिमटकर मोबाइल स्क्रीन पर आ गई और बच्चों को मोबाइल दिया जाना भी न्यू नॉर्मल हो गया। पढ़ाई ऑनलाइन हुई, दोस्ती वर्चुअल हुई, खेल डिजिटल हुए और अकेलापन सामान्य हो गया। माता-पिता को यह एक सुरक्षित विकल्प लगा कि बच्चा घर के भीतर है, बाहर की बुरी संगत से दूर है। पर हम यह भूल गए कि आज की बुरी संगत गलियों में नहीं, ऐप्स में घूमती है। कई ऑनलाइन गेम, फैनडम और वर्चुअल कम्युनिटी बच्चों को एक समानांतर पहचान का भ्रम देती हैं, जहां वे अपने वास्तविक जीवन की परेशानियों से भागकर एक काल्पनिक दुनिया में शरण लेते हैं। यह शरण शुरू में मनोरंजन लगती है, फिर आदत बनती है और अंततः मानसिक निर्भरता में बदल जाती है। इसके बाद 'लेवल', 'टास्क' और 'चैलेंज' जैसे शब्द बच्चों के मन पर ऐसा दबाव बनाते हैं कि वे वास्तविक जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों और खतरे के बोध से कटने लगते हैं। यही वह बिंदु है, जहां खेल मनोरंजन नहीं रहता, बल्कि मानसिक नियंत्रण का औज़ार बन जाता है।

एक ही परिवार की तीन बच्चियों ने नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है।

यह समस्या किसी एक देश, किसी एक गेम या किसी एक ट्रेंड तक सीमित नहीं है। कुछ समय पहले भी ऐसे जानलेवा गेम और ऐप्स चर्चाओं में रह चुके हैं- प्रतिबंधित हो चुके हैं, आज कोरियन गेम चर्चा में है, कल कोई और होगा, पर खतरे का ढांचा वही अकेलापन, स्क्रीन पर बढ़ता समय, नींद और दिनचर्या का टूटना, परिवार से संवाद का खत्म होना और धीरे-धीरे मनोवैज्ञानिक असंतुलन। इसके बावजूद तमाम परिवारों में अभिभावकों का सबसे बड़ा भ्रम यही है कि 'मेरे बच्चे के साथ ऐसा नहीं हो सकता।' अभिभावक मान लेते हैं कि उनका बच्चा समझदार है, अच्छे स्कूल में पढ़ता है, या सिर्फ़ कुछेक रील देखता है-गेम खेलता है। यही आत्मसंतोष बच्चों को सबसे असुरक्षित स्थिति में धकेल देता है। सच्चाई यह है कि डिजिटल दुनिया में कोई बच्चा पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। न उसकी बुद्धिमत्ता, न उसकी सामाजिक हैसियत और न ही पारिवारिक अनुशासन उसे स्वतः सुरक्षित बनाता है।

इस संकट का समाधान भावनात्मक प्रतिक्रियाओं या घटना बीत जाने के बाद की बहसों में नहीं है। समाधान घर के भीतर नीति बनाने में है। मोबाइल और इंटरनेट को बच्चों के लिए 'असीम आज़ादी' की तरह नहीं, बल्कि नियंत्रित संसाधन की तरह देखना होगा। छोटे बच्चों को व्यक्तिगत स्मार्टफोन देने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार ज़रूरी है। रात के समय बच्चों के कमरे में मोबाइल का न होना, सभी डिजिटल उपकरणों का एक साझा स्थान पर रखा जाना, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए अलग-अलग समय सीमा तय करना, ये कोई कठोर कदम नहीं, बल्कि न्यूनतम सुरक्षा मानक हैं। बच्चे विरोध करेंगे, नाराज़ होंगे, लेकिन माता-पिता को यह समझना होगा कि अस्थायी असहमति स्थायी सुरक्षा की कीमत है।

तकनीकी नियंत्रण भी अब विकल्प नहीं, जिम्मेदारी है। पैरेंटल कंट्रोल, स्क्रीन टाइम लिमिट, कंटेंट फ़िल्टर और सुरक्षित ब्राउज़िंग जैसे उपाय केवल सेटिंग नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा की बुनियादी संरचना हैं। जिस तरह हम बच्चों को सड़क पार करना सिखाते हैं, वैसे ही उन्हें ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहना भी सिखाना होगा। यह निगरानी अविश्वास का प्रतीक नहीं है, बल्कि संरक्षण का आधुनिक रूप है, लेकिन तकनीक से भी बड़ा हथियार संवाद है। माता-पिता और बच्चों के बीच रोज़मर्रा की बातचीत, बिना स्क्रीन के साथ बिताया गया समय, उनके ऑनलाइन व्यवहार को समझने की ईमानदार कोशिश, यही वह भावनात्मक पुल है जो बच्चों को आभासी दुनिया में डूबने से बचाता है। यदि बच्चा अचानक चिड़चिड़ा हो जाए, नींद कम हो जाए, पढ़ाई या सामाजिक गतिविधियों से कटने लगे, तो इसे उम्र का असर कहकर नज़रअंदाज़ करना खतरनाक हो सकता है। यह मानसिक स्वास्थ्य संकट का शुरुआती संकेत भी हो सकता है और समय रहते मदद लेना शर्म नहीं, समझदारी है।

बिना निगरानी और सीमाओं के दिया गया मोबाइल बच्चों के हाथ में खिलौना नहीं, जोखिम का साधन बन सकता है। यहां मुद्दा डिजिटल हो चुकी दुनिया के साथ रफ्तार बनाए रखने का नहीं है, सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को इस दुनिया के लिए मानसिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से तैयार कर रहे हैं?



## सोशल फोरम

# अरिजीत सिंह का संन्यास

अरिजीत सिंह शानदार गायक और शानदार शख़्स हैं, वरना किसकी हिम्मत कि 39 की उम्र में एलान कर दिया कि अब फिल्मों में प्लेबैक सिंगिंग नहीं करूंगा। वह भी तब, जब वे अपने पार्श्वगायन में टॉप पर हैं। अरिजीत सिंह भारत के सबसे बड़े म्यूजिकल आइकन हैं और ग्लोबली स्पॉटिफाई पर दुनिया के सबसे ज़्यादा फॉलो किए जाने वाले आर्टिस्ट हैं। सबसे ज्यादा फॉलोअर्स 17 करोड़ 22 लाख से ज्यादा उन्हीं के हैं। लगातार सात साल (2019-2025) स्पॉटिफाई के सबसे ज्यादा स्ट्रीम्ड आर्टिस्ट रहे।


डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
ब्लॉगर

कामयाब तो बहुतेरे होते हैं, पर शिखर पर होते हुए शिखर को छोड़ने का एलान करने के लिए गहरी सोच, समझ, हिम्मत और तजुर्बा चाहिए। अरिजीत ने कहा है कि वे संगीत जगत में बने रहेंगे। गायन जारी रहेगा, केवल फिल्मों के लिए, किसी हीरो को अब अपनी आवाज़ नहीं देंगे। मुझे कुछ अलग म्यूजिक करना है, ताकि मैं जी सकूं। मैं कई दूसरे सिंगर्स को सुनना चाहता हूं, जो मुझे असली मोटिवेशन दें।

बलिहारी है अरिजीत।

अरिजीत ने साफ किया कि मैं बहुत जल्दी बोर हो जाता हूं... तो सच यही है कि मैं बोर हो गया था। मैं इंडियन क्लासिकल म्यूजिक में वापस जाना चाहता हूं। मैं अपनी खुद का म्यूजिक बनाना चाहता हूं और स्टार्ट अगेन चाहता हूं। अब अरिजीत लाइव कॉन्सर्ट्स, इंडिपेंडेंट म्यूजिक और अपने क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स पर फोकस करेंगे। उन्होंने ये भी क्लियर किया कि कुछ पुराने कमिटमेंट्स पूरे करेंगे, तो 2026 में कुछ रिलीज़ अभी भी हो सकती हैं। कई इसे उनकी सादगी और क्रिएटिव फ्रीडम की मिसाल मान रहे हैं। अरिजीत 36 साल से गा रहे हैं। केवल तीन साल की उम्र से उन्होंने गाना शुरू किया था। नौ साल की उम्र में उन्हें सरकार की तरफ से क्लासिकल वोकल्स के लिए स्कॉलरशिप भी मिली थी। उनकी मां तबला बजाती और गाती थीं, जिससे उनका संगीत का सफर शुरू हुआ।


2005 में फेम गुरुकुल में हिस्सा लिया, टॉप सिक्स तक पहुंचे, लेकिन ऑडियंस वोटिंग से बाहर हो गए। कई लोग यहीं रुक जाते, लेकिन अरिजीत ने हार नहीं मानी और मेहनत की। अरिजीत सिर्फ गायक नहीं, वो अच्छे तबला वादक हैं, गिटार और पियानो भी बजाते हैं और म्यूजिक प्रोडक्शन भी करते हैं। मल्टी-टैलेंटेड होना उनकी आवाज़ की गहराई का राज है।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# दिव्यांगता और समावेशन का अधूरा सपना

भारत में दिव्यांग महिलाओं की स्थिति को केवल स्वास्थ्य, सहायता या कल्याण की समस्या के रूप में देखना एक गंभीर भूल होगी। यह मूलतः सत्ता, संसाधनों, अवसरों और निर्णय-प्रक्रियाओं तक असमान पहुंच की समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता के साथ जीवन जी रही है। भारत में जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 2.7 करोड़ लोग दिव्यांग हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। इसके बावजूद नीति-निर्माण, योजनाओं और सामाजिक विमर्श में उनकी उपस्थिति अत्यंत सीमित बनी हुई है। वे सरकारी रिपोर्टों में दर्ज तो होती हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में बहुत कम दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS-5) और जनगणना के आंकड़े भी यह संकेत देते हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में दिव्यांग महिलाओं की भागीदारी अभी भी बहुत कम है।


सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

दिव्यांग महिला का जीवन तीन स्तरों पर नियंत्रित होता है घर, समाज और व्यवस्था। घर के भीतर पिता, भाई और पति स्वयं को 'संरक्षक' मानते हुए उसकी हर पसंद पर अधिकार जताते हैं। निर्णय-प्रक्रियाओं पर पुरुषों का वर्चस्व आज भी बना हुआ है। समाज उसे 'कमज़ोर' और 'निर्भर' मानकर हाशिये पर रख देता है और व्यवस्था उसे प्राथमिकता सूची के अंत में पहुंचा देती है। इन तीनों स्तरों पर पितृसत्तात्मक शक्ति-संबंध उसके जीवन की दिशा तय करते हैं।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़, एनसीपीईडीपी, यूएन वीमेन इंडिया और सामाजिक शोधकर्ता अनीता घई के अध्ययन बताते हैं कि कई परिवारों में बेटियों को चाहे वे दिव्यांग हों या न हों, आर्थिक निर्णयों और संपत्ति से जुड़े मामलों में पूरी भागीदारी नहीं मिलती, लेकिन जब बेटी दिव्यांग होती है, तो यह उपेक्षा और गहरी हो जाती है। उसे अक्सर 'दीर्घकालिक आश्रित' मान लिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह भविष्य में परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी नहीं उठा पाएगी। इसी सोच के कारण उसकी शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता पर पर्याप्त निवेश नहीं किया जाता। धीरे-धीरे उसे आर्थिक रूप से निर्भर बना दिया जाता है। विवाह को ही उसका 'सुरक्षित भविष्य' मान लिया जाता है और कई बार यह निर्णय उसकी इच्छा और सहमति के बिना होता है।

उसकी आवाजाही पर भी नियंत्रण रहता है। कहां जाएगी, किससे मिलेगी, कब बाहर निकलेगी? इन सब पर परिवार का अधिकार माना जाता है। 'इज़्ज़त', 'सुरक्षा' और 'देखभाल' के नाम पर यह नियंत्रण जीवनभर चलता रहता है। यह नियंत्रण उसके आत्मविश्वास और सामाजिक विकास को सीमित कर देता है। सवाल यह है, क्या हम सच में सुनते हैं कि वह क्या चाहती है?

यौनिक स्वायत्तता और प्रजनन अधिकार भी इसी नियंत्रण संरचना का हिस्सा बन जाते हैं। अनेक महिलाओं के लिए गर्भनिरोध, गर्भधारण या नसबंदी उनके स्वयं के निर्णय नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें बताती हैं कि कई मामलों में दिव्यांग महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े फैसलों में स्वतंत्र भूमिका नहीं मिलती। डॉक्टर भी अक्सर महिला से सीधे बात करने के बजाय परिवार से संवाद करना अधिक सुरक्षित समझते हैं। यह स्थिति महिला की इच्छा, सहमति और गरिमा को कमजोर करती है।

हम अक्सर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग ऐसे करते हैं, जैसे यह एक समान स्थिति हो, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक दिव्यांगता, मनोसामाजिक दिव्यांगता, ऑटिज़्म और सेरेब्रल पाल्सी से जुड़ी महिलाओं की ज़रूरतें, क्षमताएं और चुनौतियां अलग-अलग होती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


खोज



# ऐसे हुई गर्म हवा के गुब्बारे की खोज

मानव की उड़ने की इच्छा जितनी पुरानी है, उतनी ही रोमांचक है गर्म हवा के गुब्बारे की कहानी। इस सपने को पहली बार वास्तविकता में बदलने का श्रेय 18 वीं शताब्दी के फ्रांस के दो भाइयों– जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर को जाता है। कागज बनाने के व्यवसाय से जुड़े ये भाई आकाश में उड़ते बादलों और धुएं को देखकर अक्सर सोचते थे कि क्या हवा की मदद से कोई वस्तु ऊपर उठ सकती है। एक दिन जोजेफ ने आग के ऊपर उठते धुएं को देखा और महसूस किया कि गर्म हवा में कोई "उठाने की शक्ति" है। इसी विचार ने उन्हें प्रयोग के लिए प्रेरित किया। 1783 में उन्होंने कागज और कपड़े से बना एक बड़ा थैला तैयार किया और उसके नीचे आग जलाकर उसमें गर्म हवा भरी। आश्चर्यजनक रूप से वह गुब्बारा ऊपर उठ गया। यह मानव इतिहास में पहली सफल गर्म हवा के गुब्बारे की उड़ान थी। बाद में, इसी वर्ष पेरिस में एक और ऐतिहासिक प्रयोग किया गया, जिसमें पहले जानवरों और फिर मनुष्यों को गुब्बारे में बैठाकर उड़ाया गया। यह घटना आधुनिक विमानन की नींव मानी जाती है।


इस आविष्कार के पीछे का विज्ञान सरल, लेकिन प्रभावशाली है। गर्म हवा ठंडी हवा की तुलना में हल्की होती है। जब गुब्बारे के अंदर की हवा गर्म की जाती है, तो उसका घनत्व कम हो जाता है। बाहर की ठंडी और भारी हवा गुब्बारे को ऊपर की ओर धकेलती है।यही सिद्धांत उत्थापन बल (Buoyancy) कहलाता है। जब तक गुब्बारे के अंदर की हवा आसपास की हवा से हल्की रहती है, तब तक गुब्बारा आकाश में तैरता रहता है। गर्म हवा का गुब्बारा केवल एक आविष्कार नहीं था, बल्कि यह मानव जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और विज्ञान की शक्ति का प्रतीक बना। इसने यह सिद्ध कर दिया कि कल्पना और विज्ञान मिलकर असंभव को भी संभव बना सकते हैं।




### वैज्ञानिक के बारे में

जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर फ्रांस के अन्नोने (Annonay) नगर में जन्मे थे और एक कागज निर्माण करने वाले प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे। जोसेफ–मिशेल (1740–1810) स्वभाव से कल्पनाशील, जिज्ञासु और प्रयोगप्रिय थे। उन्हें प्राकृतिक घटनाओं को देखकर नए विचार सूझते थे। इसके विपरीत जैक्स–एटियेन (1745–1799) अधिक व्यावहारिक, अनुशासित और व्यवस्थित व्यक्तित्व के थे। उन्होंने परिवार के व्यवसाय और सार्वजनिक संबंधों को संभाला।

# जब कण टकराते हैं तब खुलते हैं ब्रह्मांड के राज



हिग्स बोसोन की खोज लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC) के पहले रन में दर्ज किए गए कोलिजन डेटा से संभव हुई थी, जो 2009 के अंत से 2012 के अंत तक चला। इस खोज ने स्टैंडर्ड मॉडल के अंतिम अधूरे हिस्से को पूरा किया, लेकिन साथ ही कई नए सवाल भी खड़े कर दिए। 2015 के बसंत में व्यापक मेंटेनेंस के बाद LHC को अधिक ऊर्जा पर दोबारा शुरू किया गया। दूसरा रन इस मायने में निर्णायक है कि वह हमें हिग्स बोसोन को गहराई से समझने और स्टैंडर्ड मॉडल से आगे की भौतिकी की खोज करने का अवसर देता है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

### कोलिजन की क्वांटम प्रकृति

प्रोटॉन टकराव पूरी तरह प्रेडिक्टेबल नहीं होते। क्वांटम मैकेनिक्स के अनुसार, हर कोलिजन केवल संभावनाओं का समूह होता है। स्टैंडर्ड मॉडल यह बता सकता है कि औसतन कौन-सी प्रक्रिया कितनी बार होगी, लेकिन किसी एक टकराव का परिणाम पहले से तय नहीं किया जा सकता। इसलिए दुर्लभ प्रक्रियाओं को देखने के लिए बहुत अधिक संख्या में कोलिजन आवश्यक होते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसे पासे की निष्पक्षता जांचने के लिए उसे बार-बार फेंकना पड़ता है।

### हिग्स बोसोन: डिके और मास मैकेनिज्म


हिग्स बोसोन का महत्व इस बात में है कि वही अन्य कणों को द्रव्यमान देता है। कोलिजन में बनने के तुरंत बाद हिग्स विभिन्न कणों में डिके (विघटन) हो जाता है। इसके डिके चैनलों की दरें संबंधित कणों के द्रव्यमान पर निर्भर करती हैं। अब तक हिग्स के फोटॉन, W और Z बोसोन में डिके स्पष्ट रूप से देखे जा चुके हैं, जबकि फर्मियॉन में मुख्यतः ताऊ लेप्टन और आंशिक रूप से बॉटम क्वार्क के प्रमाण मिले हैं। दूसरे रन का अधिक डेटा इन मापों को कहीं अधिक सटीक बना सकता है।


■ **हिग्स की अन्य विशेषताएं-** दूसरे रन से हम यह भी जानना चाहेंगे कि हिग्स कितनी तेजी से डिके करता है, क्या वह वास्तव में एक फंडामेंटल कण है या उसके भीतर कोई सब-स्ट्रक्चर छिपा है और क्या हिग्स स्वयं से इंटरैक्ट करता है। हिग्स का self-interaction सीधे इस बात से जुड़ा है कि वह स्वयं अपना द्रव्यमान कैसे प्राप्त करता है। साथ ही यह संभावना भी खुली है कि एक से अधिक, भारी हिग्स बोसोन मौजूद हों।

■ **उच्च ऊर्जा और नए कणों की संभावना-** दूसरे रन में टकराव की ऊर्जा पहले से अधिक है। इसका अर्थ है कि अब अधिक भारी और अब तक अनदेखे कण बनाए जा सकते हैं। उच्च ऊर्जा पर बेहतर रिजॉल्यूशन मिलता है, जिससे कणों और बलों को और बारीकी से समझा जा सकता है। यही कारण है कि भले ही स्टैंडर्ड मॉडल काफी सफल दिखता हो, वैज्ञानिक यह मानते हैं कि वह अंतिम सिद्धांत नहीं हो सकता।

■ **स्टैंडर्ड मॉडल की सीमाएं-** स्टैंडर्ड मॉडल की सबसे बड़ी सीमा यह है कि उसमें गुरुत्वाकर्षण शामिल नहीं है। गुरुत्वाकर्षण को जनरल रिलेटिविटी समझाती है, जो क्वांटम सिद्धांत से अलग ढांचे में खड़ी है। इसके अलावा स्टैंडर्ड मॉडल में कई पैरामीटर और कण संरचनाएं मनमानी प्रतीत होती हैं, जैसे बोसॉन और फर्मियॉन का असंतुलन। ये संकेत देते हैं कि किसी अधिक व्यापक सिद्धांत की आवश्यकता है।

■ **सुपरसिमेट्री: एक संभावित विस्तार-** स्टैंडर्ड मॉडल का एक लोकप्रिय विस्तार सुपरसिमेट्री है। यह प्रत्येक बोसोन के लिए एक फर्मियॉन पार्टनर और प्रत्येक फर्मियॉन के लिए एक बोसॉन पार्टनर प्रस्तावित करती है। इससे हिग्स, W और Z बोसोन के अपेक्षाकृत छोटे द्रव्यमान की व्याख्या संभव होती है। सुपरसिमेट्री कई नए कणों और अतिरिक्त हिग्स बोसोन की भविष्यवाणी करती है, जिनकी खोज दूसरे रन का एक बड़ा लक्ष्य है।





### LHC के प्रमुख डिटेक्टर

LHC में चार मुख्य डिटेक्टर हैं। ATLAS और CMS जनरल-पर्पस डिटेक्टर हैं और इन्हीं ने हिग्स बोसोन की खोज की थी। ALICE को भारी आयनों के टकराव के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि क्वार्क–ग्लूऑन प्लाज्मा और शुरुआती ब्रह्मांड जैसी स्थितियों का अध्ययन हो सके। LHCb बॉटम क्वार्क के डिके का अध्ययन करता है, जो दुर्लभ प्रक्रियाओं और नई भौतिकी के संकेत दे सकते हैं।

### मैटर-एंटीमैटर असमानता और डार्क मैटर

LHCb के प्रयोग CP–वायलेशन के अध्ययन के जरिए यह समझने की कोशिश करते हैं कि ब्रह्मांड में मैटर क्यों बचा और एंटीमैटर क्यों नहीं? दूसरी ओर, डार्क मैटर की समस्या भी स्टैंडर्ड मॉडल से बाहर जाती है। ब्रह्मांड के अधिकांश द्रव्यमान का निर्माण ऐसे कणों से हुआ है, जिन्हें हम अभी नहीं जानते। कई सिद्धांत मानते हैं कि डार्क मैटर कण हिग्स क्षेत्र से द्रव्यमान प्राप्त करते हैं, इसलिए हिग्स का विस्तृत अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आगे का रास्ता

LHC का दूसरा रन केवल पहले रन की पुष्टि नहीं है, बल्कि नई खोजों का द्वार है। चाहे वह हिग्स की गहरी समझ हो, सुपरसिमेट्री की खोज, डार्क मैटर के संकेत या मैटर–एंटीमैटर असमानता की व्याख्या– दूसरा रन हमें यह जानने के और करीब लाता है कि ब्रह्मांड किससे और कैसे बना है।

जंगल की दुनिया



# ब्लू व्हिसलिंग थ्रश: पहाड़ों में बसा नीला सौंदर्य

ब्लू व्हिसलिंग थ्रश चंडीगढ़ क्षेत्र के जंगलों और वन इलाकों में पाया जाने वाला एक अत्यंत आम, लेकिन प्रभावशाली पक्षी है। सुबह और शाम के समय इसकी तेज, मानव जैसी सीटी या सींख जैसी आवाज दूर–दूर तक सुनाई देती है, जिससे यह अपनी उपस्थिति आसानी से दर्ज करा देता है। यद्यपि यह मूल रूप से एक पर्वतीय पक्षी है, लेकिन शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसे चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों का प्राकृतिक वातावरण इसके लिए अत्यंत अनुकूल है।


यह पक्षी गहरे नीले-काले रंग का होता है, जिसके सिर और शरीर पर चांदी जैसे नीले रंग की चमकदार धारियां दिखाई देती हैं। धूप पड़ने पर इसका रंग और भी अधिक चमकीला प्रतीत होता है। इसकी सबसे अलग पहचान इसकी चमकीली पीली चोंच है, जो इसके गहरे शरीर रंग के साथ तीव्र विरोधाभास बनाती है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का आकार लगभग 31 से 35 सेंटीमीटर तक होता है और इसकी मजबूत काया इसे अन्य थ्रश प्रजातियों से अलग बनाती है।

अंतर्राज्यीय चंडीगढ़ क्षेत्र (आईएससीआर) में इसे बहुत आम पक्षी माना जाता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यह क्षेत्र चारों ओर से शिवालिक पहाड़ियों से घिरा हुआ है और यहां घने वन, प्राकृतिक नाले, झीलें और हरित पट्टियां मौजूद हैं। सुखना वन अभ्यारण्य, सारंगपुर वनस्पति उद्यान, मोरनी हिल्स और कसौली क्षेत्र इस पक्षी के प्रमुख आवास माने जाते हैं। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का भोजन मुख्यतः कीड़े-मकोड़े, केंचुए, घोंघे, छोटे केकड़े और अन्य जलीय जीव होते हैं। इसे अक्सर पानी के किनारे चट्टानों पर उछलते-कूदते भोजन खोजते देखा जा सकता है। प्रजनन काल में यह चट्टानों की दरारों, नालों के पास या



पुराने ढांचों में घोंसला बनाता है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश न केवल चंडीगढ़ क्षेत्र की जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह स्वच्छ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का भी संकेतक माना जाता है।

वैज्ञानिक फैक्ट



# प्राकृतिक इंजीनियरिंग का अद्भुत चमत्कार

मानव शरीर प्राकृतिक इंजीनियरिंग का एक असाधारण नमूना है, जिसकी जटिलता और दक्षता आज भी वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित करती है। शरीर के विभिन्न तंत्र आपस में इस तरह जुड़े होते हैं कि जीवन बिना किसी व्यवधान के निरंतर चलता रहता है। इनमें परिसंचरण तंत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो शरीर की हर कोशिका तक जीवनदायी तत्व पहुंचाने का कार्य करता है।

क्या आप जानते हैं कि एक रक्त कोशिका को पूरे शरीर का एक चक्कर लगाने में केवल लगभग 60 सेकंड का समय लगता है? यह अविश्वसनीय रूप से तेज यात्रा जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। रक्त कोशिकाएं फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर के हर ऊतक तक पहुंचाती हैं और साथ ही पोषक तत्वों की आपूर्ति करती हैं। इसके विपरीत, वे कोशिकाओं द्वारा उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस तंत्र की कार्यक्षमता इस बात का प्रमाण है कि मानव शरीर स्वयं को संतुलित रखने और निरंतर कार्यशील बनाए रखने में कितना सक्षम है। हृदय का नियमित धड़कना, रक्त वाहिकाओं का जाल और कोशिकाओं का समन्वय ये सभी मिलकर जीवन की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं। विज्ञान का संसार वास्तव में विशाल और चमत्कारों से भरा हुआ है। यह हमें न केवल प्रकृति और शरीर की जटिल संरचनाओं को समझने का अवसर देता है, बल्कि उनके प्रति सम्मान और जिज्ञासा भी जाग्रत करता है। मानव शरीर का अध्ययन हमें यह सिखाता है कि जीवन जितना सरल दिखाई देता है, वास्तव में उतना ही गहराई से संगठित और अद्भुत है।

# एरीज के लिए खास मददगार साबित होगा अंतरिक्ष स्टेशन

पहले एस्ट्रोसेट और दूसरा आदित्य एल-1 के बाद इसरो की अंतरिक्ष में एक और लंबी छलांग की तैयारी है। इस सफलता के बाद भारत अमेरिका और चीन के समकक्ष खड़ा हो जाएगा। बात अगर उत्तराखंड की करें तो यहां नैनीताल में स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वैज्ञानिकों के लिए यह स्टेशन अंतरिक्ष के अध्ययनों में काफी मददगार साबित होगा। तकनीकी रूप से यह उन्नत होगा। इस अंतरिक्ष मिशन से जुटाए जाने वाले आंकड़े एरीज के वैज्ञानिकों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे और एरीज के लिए यह दोहरा लाभ देने वाला मिशन साबित होगा।



बबलू चंद्रा
नैनीताल

अंतरिक्ष स्टेशन अत्याधुनिक तकनीक व अत्यंत सुविधाजनक है, जो पृथ्वी की ऑर्बिट से अंतरिक्ष को चारों ओर से देख सकता है। वर्ष 2028 में प्रस्तावित यह परियोजना देश के पास चलती-फिरती प्रयोगशाला होगी, जो जमीनी दूरबीनों की तुलना में कहीं अधिक कारगर होगी। इस प्रयोगशाला के जरिए चांद, तारे, ग्रह, नक्षत्रों और सुदूर अंतरिक्ष में किसी भी दिशा को देखा जा सकता है और सटीक आंकड़े जुटाए जा सकते हैं।

एरीज सौर अध्ययन के साथ अंतरिक्ष मौसम का महत्वपूर्ण अध्ययन करता है। एरीज की वेदशाला में स्थापित सोलर टेलीस्कोप सूर्य और सोलर फ्लेयर्स पर नजर रखती है। अंतरिक्ष स्टेशन से मिले रियल टाइम डाटा से एरीज के अध्ययन में मदद मिल सकेगी। इसके अलावा एरीज की देव स्थल स्थित 3.6 मीटर की ऑप्टिकल दूरबीन है। इसके जरिए अंतरिक्ष से जुटाया गए आंकड़ों का मिलान



अंतरिक्ष स्टेशन से प्राप्त आंकड़ों से किया जा सकेगा। माइक्रोग्रैविटी में किए गए प्रयोगों के नतीजे खगोल विज्ञान, कॉस्मिक रेडिएशन और एटमॉस्फेरिक स्टडीज में मदद मिलेगी।

यह सभी एरीज के रिसर्च से जुड़े हुए महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र हैं। इसके अलावा एरीज हिमालय के वातावरण पर काम करता है, जिसे लेकर एरीज में एसटी रडार स्थापित किया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन का एक महत्वपूर्ण कार्य जलवायु समेत हमारी वायुमंडलीय स्थिति में नजर रखना होगा लिहाजा अंतरिक्ष स्टेशन से जुटाए आंकड़ों से एरीज के वैज्ञानिकों के लिए शोध व अन्य अध्ययनों में आसानी हो जाएगी। कुल मिलाकर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन न केवल एरीज, बल्कि देश के तमाम अंतरिक्ष और जलवायु पर अध्ययन करने वाली संस्थाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि इसमें दोराय नहीं है कि देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और अभी तक विश्व में अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। अंतरिक्ष स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण मिशन है और किसी भी देश का अंतरिक्ष से खुद के अध्ययन का सपना सच हो सकता है और इसरो भारतीय वैज्ञानिकों का यह साकार करने जा रहा है। इस मिशन की सफलता से वैज्ञानिक नभ, जल और थल पर अध्ययन कर सकेंगे। अभी तक पृथ्वी की निचली कक्षा में यूएस का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन मौजूद है और अब भारत अंतरिक्ष स्टेशन वाला तीसरा देश बन जाएगा।

# अगले महीने से लागू हो सकता है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## केंद्रीय मंत्री बोले- अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर और भारत अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर शुल्क करेगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत-अमेरिका मार्च के मध्य तक समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर
- बीटीए का पहला चरण तैयार, संयुक्त बयान के बाद होगा शुरू

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके बाद अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत भी अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करना शुरू करेगा। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर एक संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग तैयार है और हमें उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिन में हम अमेरिका तथा भारत के बीच एक संयुक्त बयान को अंतिम रूप देकर उस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसके आधार पर इस साझेदारी का पहला चरण शुरू होगा। गोयल ने कहा कि औपचारिक समझौते का मसौदा तैयार हो रहा है, जिसमें एक या डेढ़ महीने लग सकता है। संभवतः औपचारिक समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारतीय वस्तुओं पर कम किए गए 18% शुल्क अमेरिका के कार्यकारी आदेश से लागू होंगे, जो संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर के एक या दो दिन बाद जारी होगा। गोयल ने बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है।

### देश को ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता

गोयल ने कहा कि हम और तेजी से आगे बढ़ पाएंगे क्योंकि कानूनी समझौते के बाद हमें और भी रियायतें मिलेंगी। सौदे के 500 अरब अमेरिकी डॉलर के खरीद वाले हिस्से के बारे में मंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसे देखते हुए देश को बड़ी मात्रा में ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता होगी। हमारी इस्पात उत्पादन क्षमता वर्तमान के 14 करोड़ टन से बढ़कर कुछ वर्ष में 30 करोड़ टन हो जाएगी। इसलिए, जब हमने अमेरिका से अपनी आवश्यकताओं का अनुमान लगाया तो हम 500 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत की विमानों की मांग, बोइंग को दिए गए और अभी दिए जाने वाले लेकिन तैयार ऑर्डर की संख्या 70-80 अरब डॉलर है। अगर इसमें इंजन और अन्य कलपुर्जे भी जोड़े जाएं तो लागत शायद 100 अरब डॉलर पहुंच जाएगी।

### भारतीय शुल्क में कमी कानूनी समझौते के बाद ही संभव : वाणिज्य सचिव

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस कानूनी समझौते से हमें अमेरिकी सामान पर शुल्क कम करने का अधिकार मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय शुल्क में कमी केवल एक कानूनी समझौते के बाद ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शुल्क, एमएफएन (सबसे तरजीही राष्ट्र) शुल्क है जबकि अमेरिकी आयात शुल्क, कार्यकारी शुल्क है। अमेरिका- तेल, एलपीजी, एलएनजी, विमान, आईसीटी उत्पाद, लैपटॉप, स्मार्टफोन और डेटा सेंटर उपकरण जैसी सभी वस्तुएं उपलब्ध करा सकता है, जिन्हें भारत अन्य देशों से खरीद रहा है। अग्रवाल ने कहा कि पांच वर्षों में ये खरीद 2,000 अरब डॉलर की होने वाली है। अगर हम अमेरिका से 500 अरब डॉलर की खरीद कर लेते हैं तो इससे हमारी आपूर्ति शृंखला में विविधता और मजबूती ही बढ़ेगी।

### ऊर्जा गलियारा वार्ता में भारत की वृद्धि आधारित प्राथमिकताओं पर जोर

**ह्यूस्टन।** कौंसुल जनरल डीसी मंजुनाथ ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी है। भरोसेमंद एवं किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी उद्योग के साथ संवाद और सहयोग अहम है। ह्यूस्टन स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास (सीजीआई) ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से ग्लोबल एनर्जी आउटलुक 2026 पर 4 फरवरी को उच्चस्तरीय अमेरिका-भारत ऊर्जा गोलमेज बैठक की। इसमें वैश्विक ऊर्जा, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों के 30 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। इनमें एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, हनीवेल, गेल, लार्सन एंड टूब्रो, वेदरफोर्ड, लैंजाटेक, एसएंडपी ग्लोबल, मैकिन्से और सोसाइटी ऑफ पेट्रोलियम इंजीनियर्स के प्रतिनिधि शामिल थे।

### 500 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए अमेरिका से निर्यात में करनी होगी वृद्धि

मंत्री ने कहा कि बजट में डेटा केंद्रों के लिए भारी रियायतों की घोषणा की गई है। अगर हमें डेटा केंद्रों में 100-150 अरब डॉलर का निवेश मिलता है तो हमें उन केंद्रों के लिए उपकरणों की जरूरत होगी। फरवरी, 2025 में दोनों देशों के बीच तय 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को निश्चित रूप से अमेरिका से निर्यात और खरीद में काफी वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए इस समझौते के तहत जिन वस्तुओं को खरीदने का वादा किया है उनकी वर्तमान वैश्विक खरीद 300 अरब डॉलर से अधिक है।

### भारत-जीसीसी ने एफटीए वार्ता के नियम-शर्तों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए नियम एवं शर्तों पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए। नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर-तरीके बताए गए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीसीसी के साथ बातचीत को लेकर नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का समूह है। गोयल ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह और काम कर रहे हैं। यह अत्यंत उचित है कि अब हम एक अधिक मजबूत और सुदृढ़ व्यापारिक व्यवस्था में प्रवेश करें जो वस्तुओं एवं सेवाओं के अधिक मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाएगी, नीति में पूर्वानुमान तथा स्थिरता लाएगी और अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के साथ जीसीसी देशों की खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। भारत विश्व में अनाज का एक प्रमुख उत्पादक है जबकि जीसीसी देश तेल एवं गैस के निर्यातक हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### ब्रिटेन ने नीतिगत दर 3.75% पर रखा स्थिर

**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखने की घोषणा की। यह फैसला मुद्रास्फीति के लक्ष्य से ऊपर बने होने और आर्थिक वृद्धि में सुधार के संकेतों के बीच किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को स्थिर रखने का फैसला बहुमत से किया। समिति के पांच सदस्य दर अपरिवर्तित रखने के पक्ष में थे जबकि चार सदस्य इसमें 0.25 प्रतिशत की कटौती चाहते थे। ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के गवर्नर एंड्रयू बेली ने कहा कि वसंत ऋतु तक महंगाई दर के लक्ष्य के करीब आने की उम्मीद है। यदि हालात अनुकूल रहते हैं तो इस साल दरों में और कटौती की गुंजाइश होनी चाहिए।

### एईएसएल ने लगाए एक करोड़ स्मार्ट मीटर

**नई दिल्ली।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) एक करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने वाली भारत और संभवतः दुनिया की पहली कंपनी बन गई है। कंपनी ने गुरुवार को दावा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भी एक करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। एईएसएल को पांच राज्यों में कुल 2.5 करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंपनी का दावा है कि रोजाना 25 हजार स्मार्ट मीटर लगाने की उसकी गति उद्योग में सबसे तेज है। यह उपलब्धि कंपनी के तय लक्ष्य से काफी पहले हासिल हुई है।

### सन फार्मा 500 करोड़ में लगाएगी विनिर्माण इकाई

**गुवाहाटी।** दवा कंपनी सन फार्मा असम में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने को 500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। दवा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को मुख्य सचिव रवि कोटा के साथ बैठक में परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी। कोटा ने बुधवार देर रात एक्स पर लिखा, सन फार्मास्युटिकल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और असम में औषधि विनिर्माण इकाई स्थापित करने के कंपनी के प्रस्ताव की समीक्षा की। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल अवस्थी और कार्यकारी उपाध्यक्ष रंजीत मोहापात्रा ने कोटा से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रस्ताव में राज्य में दवा फॉर्मुलेशन विनिर्माण इकाइयों की स्थापना शामिल है।

## भारत ने 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट में 3.52 करोड़ डॉलर का दिया योगदान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराने वाले 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हुआ भारत

भारत ने वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 3.52 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया है। इससे वह उन 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराया है। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार, तीन फरवरी 2026 तक 47 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र के वित्तीय नियमों के तहत निर्धारित 30 दिन की अवधि के भीतर अपना पूरा नियमित बजट योगदान अदा कर दिया है। भारत ने तीन फरवरी को 2026 के संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट के लिए 3.52 करोड़ डॉलर का भुगतान किया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने ऑनर रोल में शामिल देशों का जिक्र करते हुए भारत का नाम लिया। उन्होंने कहा कि यह वह देश है जहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। हां, बिल्कुल सही.. भारत। भारत लगातार उन देशों में शामिल रहा है जो संयुक्त राष्ट्र को अपना योगदान समय पर और पूर्ण रूप से अदा करते हैं।

## नये आयकर अधिनियम के फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीबीडीटी प्रमुख बोले- साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी की जाएगी जारी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए चीजों को सुगम बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे। नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि सीबीडीटी नए कानून पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और एक प्रस्तुति तैयार करने पर भी काम कर रहा है। यह नए अधिनियम के लागू होने के साथ जनता के लिए उपलब्ध होगी ताकि उन्हें चीजों को समझने में आसानी हो।

### मुकदमेबाजी की समस्या का भी होगा समाधान

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है।



# सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी

## उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के आदेश को रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- अधिकरणों और उच्च न्यायालयों से कहा- ऐसा आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी के निर्माण काम रुकें

एक दशक से अपने घर की बाट जोह रहे हजारों खरीदारों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के उस आदेश को गुरुवार को बरकरार रखा, जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी को कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड की 16 आवासीय परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने सभी अधिकरणों और उच्च न्यायालयों को यह आदेश दिया है कि वे ऐसा कोई भी आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी कंपनी के निर्माण काम रुक जाएं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए एनसीएलएटी के 12 दिसंबर, 2024 के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एनबीसीसी को घर खरीदारों के हित में परियोजनाओं को अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि कई घर खरीदारों के अनुसार, सुपरटेक ने 2010-12 के दौरान 51,000 घरों की बुकिंग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी के वित्तीय और परिचालन लेनदारों के ब्याज और बकाया का निपटारा तब ही किया जा सकता है जब घर खरीदारों को पूरी तरह से तैयार मकान सौंप दिए जाएं। पीठ ने कहा कि मकानों में पानी, बिजली, सीवेज कनेक्शन जैसी सभी सुनिश्चित सुविधाएं होनी चाहिए, साथ ही आस-पास सड़कें और पार्क भी होने चाहिए। सुपरटेक के वित्तीय और परिचालन लेनदारों को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और एनसीएलएटी द्वारा न्यायसंगत पाए गए नुकसान को स्वीकार करना होगा। पीठ ने निर्देश दिया कि एनबीसीसी परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करे और एनसीएलएटी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करे। पीठ ने कहा कि यदि परियोजनाओं में कोई बाधा आती है, तो संबंधित पक्ष उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 21 फरवरी 2025 को सुपरटेक की 16 आवासीय परियोजनाओं को लगभग 9,500 करोड़ रुपये की लागत पर पूरा करने के लिए एनबीसीसी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त करने के आदेश पर रोक लगाई थी।

### आदेश में संशोधन, अनुराग बीसीसीआई की गतिविधियों में भाग लेने को स्वतंत्र

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को गुरुवार को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2017 के उस आदेश में संशोधन किया, जिसमें उन्हें बोर्ड के मामलों से प्रतिबंधित किया गया था। साथ ही न्यायालय ने बोर्ड के साथ उनके जुड़ाव के लिए रास्ता साफ कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर, नियमों और विनियमों के अनुरूप बीसीसीआई से संबंधित मामलों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। शीर्ष अदालत ने दो जनवरी, 2017 को बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष ठाकुर को निर्देश दिया था कि वह तुरंत बोर्ड के कामकाज से खुद को अलग कर लें और उससे संबंध न रखें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 2017 के आदेश में संशोधन संबंधी ठाकुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करते हुए गुरुवार को संबंधित आदेश में संशोधन किया।

### मुफ्त उपहार के चुनावी वादों के खिलाफ याचिका पर होगी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अतार्किक मुफ्त उपहार की चुनावी घोषणा या वादा करने वाली किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त करने अथवा उसका पंजीकरण रद्द करने के निर्देश संबंधी जनहित याचिका को सुनवाई के लिए मार्च में सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति जताई। याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि उनकी याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए गए थे और उन्होंने न्यायालय से मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। वकील ने कहा कि सूरज और चांद को छोड़कर चुनाव के दौरान राजनीतिक दल मतदाताओं से हर चीज का वादा करते हैं और यह भ्रष्टाचार का उदाहरण है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। कृपया हमें याद दिलाएं और अंत में इसका विशेष उल्लेख करें। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे।

## बच्चों को दूषित रक्त चढ़ाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस को पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में बच्चों को कथित दूषित रक्त चढ़ाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत दीपक हेमब्रम नाम के व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हेमब्रम ने याचिका में दावा किया कि उनके तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

हाईकोर्ट ने चाईबासा के सदर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इससे पहले, अदालत की खंडपीठ ने रक्त आधान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाई थी, जिसके कारण कथित तौर पर झारखंड में पांच बच्चों में एचआईवी संक्रमण हुआ था। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई की।

## भूमि देने में आपत्ति नहीं पर बीएसएफ अधिकार क्षेत्र नियम वापस लें केंद्र : ममता

कोलकाता, एजेंसी



- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र सरकार के आरोपों को किया खारिज

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन केंद्र को पहले राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने फैसले को रद्द करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र व भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर सीमा बाड़ लगाने में बाधा डालने के आरोपों को खारिज किया।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''''भूमि कोई समस्या नहीं होगी। आपको भूमि मिल जाएगी, लेकिन पहले बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने नियम को बदलें। बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पूरा आंकड़ा नहीं दे रहे हैं कि राज्य ने कितनी जमीन पहले आवंटित की है। रेलवे से लेकर रक्षा प्रतिष्ठानों तक सभी केंद्रीय एजेंसियों को भूमि दी जा चुकी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पलटवार किया कि घुसपैठ से बंगाल में जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है और दावा किया कि केंद्र ने बाड़ लगाने को कई बार जमीन मांगी, लेकिन वह उपलब्ध नहीं कराई गई। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने कई गृह मंत्री देखे हैं और उन्हें शासन का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किया गया अंतरिम बजट जनहितैषी है और यह वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। बनर्जी ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि बंगाल के बजट की तुलना में केंद्र सरकार का बजट दिशाहीन और सिद्धांतविहीन है। मुख्यमंत्री ने बजट के बाद कहा कि केंद्र द्वारा लगातार वित्तीय अभाव के बावजूद राज्य सरकार ने आम लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ने सामाजिक कल्याण के उपायों का विस्तार जारी रखते हुए अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया है।

### विस में पेश हुआ 4.06 लाख करोड़ का बजट

बंगाल सरकार ने विधानसभा में 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को लक्षित करते हुए नकद सहायता एवं भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। राज्य की आधी आबादी महिलाओं की है, जो चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सबसे भरोसेमंद वोट बैंक बनकर उभरी हैं। इन महिलाओं के लिए राज्य सरकार ने इस साल फरवरी से लक्ष्मीर भंडार योजना में मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

## न्यायाधीशों की नियुक्तियों से जुड़ी एमओपी में संशोधन पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- विधि एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल बोले एनजेएसी विधेयक संसद में हुआ था पारित उच्चतम न्यायालय ने इसे किया निरस्त

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़ी ज्ञापन प्रक्रिया (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर ... एमओपी) को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार जारी है और इसके पूरा होने के बाद ही आगे के कदम उठाए जाएंगे। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल गुरुवार को उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना करने और इसके स्वरूप को लेकर भी परामर्श जारी है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने पूरक प्रश्न के तहत जानना चाहा कि क्या सरकार न्यायिक सुधार ला रही है और क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को फिर से लाया जाएगा? इस पर मेघवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि एनजेएसी विधेयक संसद द्वारा पारित किया गया था, लेकिन बाद में इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई और इसे निरस्त कर दिया गया। मेघवाल ने सदन को बताया कि इसके बाद एमओपी को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है और यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। देश में राष्ट्रीय न्यायिक सेवा शुरू किए जाने से संबंधित अन्य प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 312 में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का प्रावधान है और इस मुद्दे पर न्यायाधीशों के सम्मेलनों में भी कई बार चर्चा हो चुकी है। यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। इसे किस स्वरूप में लाया जाए, इस पर परामर्श चल रहा है। यह मामला विचाराधीन है। विधि मंत्री ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में न्यायपालिका शासन व्यवस्था का एक स्वतंत्र अंग है और सभी मुद्दों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम न्यायपालिका के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्यायाधीशों को ऐसा अनुकूल वातावरण मिले, जिससे वे जनता को न्याय प्रदान कर सकें।

मंत्री ने कहा कि लंबित मामलों का निपटारा करना न्यायपालिका का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निचली अदालतों की संख्या बढ़ाने में सहायता की है। मेघवाल ने बताया कि 2014 में जिला एवं सत्र अदालतों में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 19,518 थी और इसके बाद हमने 6,376 पद जोड़े।

### इंदौर शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की आत्महत्या, परिजनों का रैगिंग का आरोप

इंदौर (मप्र)। इंदौर के शासकीय महाविद्यालय के छात्रावास में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों ने गुरुवार को आरोप लगाया कि संस्थान में उसकी रैगिंग की जाती थी और उसे परेशान किया जाता था। छात्र के परिजनों ने उसकी मौत के मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल (20) का शव दो फरवरी को संस्थान के छात्रावास में उसके कमरे में पंखे से बंधे फंदे से लटका मिला था। अंतरिक्ष के पिता पंकज अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में रैगिंग और बुलिंग (परेशान किए जाने) के बाद मेरा बेटा अंदर से टूट गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तुषार सिंह परिजनों ने रैगिंग और बुलिंग को लेकर शिकायत नहीं की थी।

### कुकी संगठनों ने समुदाय के विधायकों को मणिपुर में सरकार गठन से दूरी बनाए रखने को कहा

इंफाल। मणिपुर के कई कुकी संगठनों ने अपने समुदाय के विधायकों को राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने की चेतावनी दी है। साथ ही चुराचांदपुर में पूर्ण बंद और कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान भी किया गया है। भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यह पदभार भाजपा नेता एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के एक वर्ष बाद संभाला। राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट विधायक एल. दिखो ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।



“12 तारीख को बांग्लादेश में चुनाव हैं। उसके बाद आप यू-टर्न देखेंगे। एक बयान आएगा कि जनता की भावना को देखते हुए क्रिकेट जारी रहना चाहिए। मैं खुद राजनीति में रहा हूं। जब आप क्रिकेटर होते हैं तो आपके खून में क्रिकेट होता है, जब आप राजनेता होते हैं तो राजनीति।

-चेतन शर्मा



## हाईलाइट

### सूर्यकुमार ने बदली टीम की तस्वीर : पंत

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी कप्तानी ने टीम इंडिया को बदल डाला है। पंत ने आजतक के कार्यक्रम ‘सलाम क्रिकेट’ में कहा, ‘ ’सूर्या भाई की एनर्जी ड्रेसिंग रूम का माहौल ही बदल देती है। वे सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि ऐसे लीडर हैं जो हर खिलाड़ी को आजादी और भरोसा देते हैं।‘ ’ पंत के मुताबिक टीम इंडिया में दिखाई दे रही एग्रेसिव माइंडसेट की जड़ में कप्तान की सोच और फास्ट बॉलर्स की भूमिका है। टी20 वर्ल्ड कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और ऋषभ पंत ने पहले सत्र में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप को इंजॉय करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे रिकवरी फेज में हैं।

### मुंबई-कर्नाटक रणजी क्वार्टर फाइनल आज से

**मुंबई।** टी20 विश्व कप का बुखार भले ही चढ़ रहा हो लेकिन स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई और कर्नाटक के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अगले पांच दिन तक रोमांचक खेल देखने को मिल सकता है। दोनों टीमों का इतिहास शानदार रहा है जिसमें मुंबई के पास 42 रणजी खिताब हैं और कर्नाटक के पास आठ ट्रॉफियां हैं लेकिन ऐसे नॉकआउट मुकाबलों में पिछले रिकॉर्ड का ज्यादा असर नहीं होता। लेकिन फिर भी ऐसे मुकाबलों में मुंबई का दबदबा बरकरार रहा है जो अब नियमित कप्तान शारदुल ठाकुर और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की वापसी से और बढ़ गया है।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीता डब्ल्यूपीएल खिताब

## रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराया, कप्तान स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वॉल ने खेली विस्फोटक पारियां

**वडोदरा, एजेंसी**

कप्तान स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वोल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग चार के बड़े स्कोर वाले रोमांचक फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियनस दोनों के नाम पर दो-दो डब्ल्यूपीएल खिताब हो गए हैं। दिल्ली की टीम को लगातार चौथी बार फाइनल में खेलते हुए शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिल्ली के 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने स्मृति (87 रन, 41 गेंद, 12 चौके, तीन छक्के) और जॉर्जिया (79 रन, 54 गेंद, 14 चौके) के बीच दूसरे विकेट की 165 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की।

शिनेल हेनरी (34 रन पर दो विकेट) और नंदिनी (41 रन पर एक विकेट) ने अंतिम ओवरों में दिल्ली कैपिटल्स को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स (57), लॉरा वोल्वार्ट (44), सलामी बल्लेबाज लिजेल ली (37) और सलामी बल्लेबाज हेनरी (नाबाद 35) की पारियों से चार विकेट पर 203 रन बनाए। जेमिमा ने 37 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके मारे और वोल्वार्ट के साथ तीसरे विकेट के निए 76 रन जोड़े जिन्होंने 25 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के मारे। हेनरी ने 15 गेंद में दो चौके और दो छक्के जड़े और वौल्वार्ट के साथ चौथे विकेट के लिए सिर्फ 24 गेंद में 55 रन की तूफानी साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



जीत का जश्न मनातीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम। एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरे ओवर में ही ग्रेस हैरिस (09) का विकेट गंवा दिया जिन्हें हेनरी ने बोल्ड किया।

कप्तान स्मृति और जॉर्जिया ने इसके बाद पारी को संभाला। स्मृति ने हेनरी पर चौके से खाता खोला जबकि जॉर्जिया ने मारिजेन कैप और हेरनी पर दो-दो चौके मारे। स्मृति ने नंदिनी की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 59 रन तक पहुंचाया। स्मृति ने नंदिनी पर छक्के के साथ 10 ओवर में टीम के रनों का सैकड़ा पूरा किया और फिर श्री चरणी की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया।

जॉर्जिया ने श्री चरणी की गेंद पर एक रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि स्मृति ने स्नेह राणा पर चौके के साथ सिर्फ 22 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के 150 रन 14 ओवर में पूरे हुए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 42 रन की दरकार थी। मीनू मनि ने जॉर्जिया को शेफाली के हाथों कैच कराके स्मृति के साथ उनकी साझेदारी को तोड़ा। रिचा घोष (06) ने नंदिनी पर चौका मारा लेकिन दो गेंद पर मीनू को कैच दे बैठीं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अंतिम दो ओवर में 18 रन की जरूरत थी।

### दिल्ली

**203/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| लिजेल ली का हैरिस बो डि क्लर्क | 37 |
| शेफाली वर्मा का रिचा बो अरुंधति | 20 |
| लॉरा वोल्वार्ट रन आउट | 44 |
| रॉड्रिग्स का डि क्लर्क बो सतघरे | 57 |
| शिनेल हेनरी नाबाद | 35 |

**गेंदबाजी :** बेल 4-0-19-0, सतघरे 4-0-46-1, अरुंधति 4-0-40-1 श्रेयंका 2-0-32-0, डि क्लर्क 4-0-48-1, राधा 2-0-18-0

### बेंगलुरु

**204/4** (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| ग्रेस हैरिस बो हेनरी | 09 |
| स्मृति मंधाना बो हेनरी | 87 |
| जॉर्जिया वोल का शेफाली बो मीनू | 79 |
| ऋचा घोष का मीनू बो नंदिनी | 06 |
| नेदिन डि क्लर्क नाबाद | 07 |
| राधा यादव नाबाद | 12 |

**गेंदबाजी :** कैप 4-0-38-0, हेनरी 4-0-34-2, नंदिनी 4-0-40-1, श्री चरणी 3 .4-0-46-0, शेफाली 1-0-9-0, मीनू 2-0-19-1, स्नेह 1-0-15-0

### मैच को अंत तक ले जाना चाहते थे : जॉर्जिया वॉल

**वडोदरा।** जॉर्जिया ने मैच के बाद कहा यह जितना हो सके मैच को उतना गहराई तक ले जाने के बारे में था। यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था और हमारी टीम में बेहतरीन फिनिशर थे इसलिए अगर हम जितना हो सके उतनी देर तक बल्लेबाजी कर पाते तो हम इसे अच्छी तरह से खत्म कर सकते थे। उन्होंने कहा लड़कियों को पूरा श्रेय जाता है। यह कितना शानदार सत्र रहा है। वह फाइनल में योगदान देकर काफी अच्छा महसूस कर रही हैं। फाइनल में इस तरह से खेलना, ऐसा लग रहा था कि मैं अधिकतर सत्र में गेंद को स्क्वायर से बाहर नहीं मार पा रही हूं इसलिए फाइनल में आकर प्रदर्शन करना बेशक बेहद विशेष है।

### मुझे अपनी टीम पर गर्व है : रॉड्रिग्स

हमारी टीम के हर एक खिलाड़ी और स्टाफ ने बेहतरीन काम किया। खिलाड़ियों ने हर मैच में कमाल का एफर्ट डाला है। आज के मैच की बात करें तो 204 रनों का टोटल का एक अच्छा स्कोर था। आप हमेशा चाहते हैं कि आपकी टीम के बल्लेबाज़ बेहद आक्रमकता के साथ बल्लेबाजी कर के ज्यादा रन बनाए और आज हमारी टीम के लिए आज वह दिन अदभुत था।

# हम वहां खेलने जा रहे हैं : सूर्यकुमार



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, फिर भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों ना की हो। भारत को 15 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम को उसकी सरकार ने मैच में हिस्सा नहीं लेने के लिए कहा है क्योंकि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत में खेलने से इनकार करने के बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। सूर्यकुमार ने यहां टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस मीट के दौरान कहा मुझे लगता है कि उनका फैसला मेरे नियंत्रण में नहीं है। काश मैं उनके फैसले ले पाता लेकिन यह उनका फैसला है। हम एशिया कप में भी खेले थे और हम उनके साथ तीन बार खेले थे। विश्व कप शनिवार से शुरू हो रहा है और भारत उसी शाम अपने पहले मैच में अमेरिका से भिड़ेगा। सूर्यकुमार ने कहा हमारी सोच काफी स्पष्ट है। हमने (पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से) मना नहीं किया है। उन्होंने किया है। आईसीसी ने कार्यक्रम तय किया। हमारी फ्लाइट की टिकट बुक हो गई है और हम वहां (कोलंबो) जा रहे हैं। उन्होंने कहा, टीम में चर्चा हुई है कि हम पहले सात फरवरी को खेल रहे हैं और फिर हम वहां जाएंगे। सूर्यकुमार ने कहा हमने उनके खिलाफ कुछ अच्छा क्रिकेट खेला है। हमें बताया गया है कि मैच 15 तारीख को है, मैच तटस्थ स्थल पर है और अगर हमें मौका मिलता है तो हम खेलेंगे। यह उनके (पाकिस्तानी खिलाड़ियों) के लिए भी एक मुश्किल फैसला है।

**टी-20 विश्व कप**

- बायकॉट पर भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान को धोया

### भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं : पाक कप्तान

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को यहां होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित पुरुषों के टी20 विश्व कप ग्रुप लीग मैच का रविवार को बहिष्कार करने की घोषणा की। हालांकि पाकिस्तानी सरकार ने सात फरवरी से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार और पीसीबी का फैसला है। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे। टी20 विश्व कप शनिवार को भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्टेडियम में शुरू होगा। अगर दोनों टीमें नॉकआउट में आमने-सामने होते हैं तो वे फिर सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे।

### बांग्लादेश से एकता दिखाने के लिए किया विरोध : शरीफ

**कराची।** भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिए यह सोच समझकर लिया गया फैसला है। पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिए कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमने सोच समझकर यह रुख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है।

# अंडर-19 विश्व कप फाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

**हरारे, एजेंसी**

छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली।

इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था। भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिये विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आये हैं। अगले महीने 15 वर्ष के हो रहे सूर्यवंशी तीन अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं।

इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और दसवीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था। अफगानिस्तान के खिलाफ म्हात्रे के फॉर्म में लौटने से बल्लेबाजी और मजबूत हुई है। मध्यक्रम में विहान मल्होत्रा ने कई अच्छी पारियां खेली हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू भी दो अर्धशतक लगा चुके हैं। दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल और आर एस अम्बरीश की मौजूदगी में भारतीय तेज आक्रमण भी अच्छा रहा है पर इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं। ऐसे में स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका अहम हो जाएगा हालांकि टीम संयोजन पिच की स्थिति पर निर्भर करेगा।




- बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म से उम्मीदें बढ़ी
- मुकाबला दोपहर एक बजे से शुरू होगा

### टीम

**भारत :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन।

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

**एशियाई निशानेबाजी**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया।

रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है जबकि उज्बेकिस्तान उससे काफी पीछे तीन स्वर्ण के साथ दूसरे पायदान पर है। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने जीता जिन्होंने 48 शॉट के फाइनल में सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराया। पिछले साल चार आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के अलावा सत्रांत विश्व कप फाइनल में शीर्ष पर रहीं 19 साल की सुरुचि और सम्राट ने 60 शॉट के क्वालीफिकेशन दौर में 10 टीम के बीच कुल 583 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और उज्बेकिस्तान के अलावा वियतनाम (582 अंक, दूसरा) और चीनी ताइपे (575 अंक, चौथा) की जोड़ियां भी फाइनल में पहुंचीं।



एशियाई निशानेबाजी की मिश्रित विजेता टीम। एजेंसी

## बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने की जीत से शुरुआत

**अलीकांटे (स्पेन)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने यहां बोक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को आसानी से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की जबकि हितेश गुलिया भी अगले दौर में पहुंच गए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

लवलीना महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने तेज और सटीक मुक्कों के संयोजन से यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश ने कनाडा के विन्सेंट सांटाओरिएलो को 5-0 से शिकस्त दी। लवलीना के अलावा भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी दमदार जीत दर्ज कीं।

**डेविस कप**

**नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी**

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं : नागल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।

नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया।



उन्होंने कहा (जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है। नागल ने परिचित माहौल के महत्व पर भी जोर दिया और आयोजन स्थल तय होने के बाद अपना ट्रेनिंग स्थल बेंगलुरु में स्थानांतरित कर लिया था। नागल ने कहा जब हमें पता चला कि डेविस कप यहां होने वाला है तो हमने अपना शिविर स्थानांतरित कर लिया।

### युगल दूसरे दर्जे का प्रारूप नहीं: भांबरी

**बेंगलुरु।** एक समय भारत के बेहतरीन एकल खिलाड़ियों में गिने जाने वाले युकी भांबरी का करियर एक अप्रत्याशित लेकिन सीखने वाला सफर रहा है। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आने के तुरंत बाद चोटों ने उनके एकल करियर को रोक दिया। प्रायोजन की अनिश्चितता ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया और जो उम्मीदें लोगों ने देखीं थी वे उस प्रारूप में काफी हद तक अधूरी रह गईं। युकी खुद को भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी के तौर पर अपने पेशेवर जीवन के सबसे सफल दौर में पाते हैं। पिछले 18 महीने में उन्होंने चार एटीपी खिताब जीते, एक ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेला और यह इस बात का एक उदाहरण है कि एलीट स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ी के लिए क्या कर सकता है।